खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान — अधिकतम :32°C, न्यूनतम : 23°C

सेंसेक्स 81,312.32 — निफ्टी 24,752.45

सोना 98,670 — चांदी 1,00,000

नई दिल्ली, गुरुवार 29 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 57 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082

1 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## ट्रम्प ने स्टूडेंट वीजा के इंटरव्यू पर लगाई रोक

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## IPL का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम: गंभीर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पाकिस्तान से सटे चार राज्यों में मॉक ड्रिल आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और जम्मू- कश्मीर शामिल, लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे राज्यों में गुरुवार (आज) की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। वहीं, पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में माक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।



# किसानों को मिलेगी अब फसलों की ज्यादा कीमत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ धान समेत 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी ■ किसान क्रेडिट कार्ड पर कम ब्याज में मिलेगा लोन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 में खरीफ की फसल के लिए धान, बाजरा, मक्का, उडद, मूंगफली और सूरजमुखी बीज सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विपणन सीजन -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रो. महमूदाबाद की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रो. अली खान महमूदाबाद को 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया टिप्पणी मामले में हरियाणा में दर्ज दो मुकदमों के तथ्यों पर केंद्रित जांच करने का बुधवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने प्रो. महमूदाबाद को 21 मई को दी गई अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाते हुए कहा कि वह इस मामले में जुलाई में सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के कपिल सिब्बल की इस आशंका पर कि जांच का दायरा बढ़ाया सकता है। उन्होंने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि एसआईटी की जांच दो मुकदमों के तथ्यों तक ही सीमित रहेगी।

## मुंबई में तेज बारिश, राजस्थान में गर्मी बारिश व आंधी

**नई दिल्ली।** देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को मानसून समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज बारिश हुई। महाराष्ट्र के मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में बुधवार को भारी बारिश हुई। यहां बारिश का एलो अलर्ट जारी किया गया है। बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे के अलग-अलग इलाकों में जलभराव हो गया है। राजस्थान में मौसम का तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। बूंदी जिले में तेज गर्मी पड़ रही है। यहां के गांव में वृद्ध महिला की मौत हुई।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ चलेगा महाभियोग!

नई दिल्ली, वार्ता

■ मानसून सत्र में प्रस्ताव संभव, कैश कांड के दोषी जज के घर मिले थे जले नोट ■ सरकार अभी तक इंतजार कर रही जस्टिस वर्मा खुद दे दें इस्तीफा



**कैश कांड** मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ केंद्र सरकार संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। एक न्यूज एजेंसी ने सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि 15 जुलाई के बाद शुरू होने वाले मानसून सत्र में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। हालांकि सरकार अभी इस बात का इंतजार कर रही है कि जस्टिस वर्मा खुद इस्तीफा दे दें।

दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जिसके बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। 22 मार्च को इस मामले में तत्कालीन सीजेआई ने जांच समिति बनाई थी। कमेटी ने 3 मई को रिपोर्ट तैयार की और 4 मई को सीजेआई को सौंपी थी। कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों को सही पाया और उन्हें दोषी ठहराया था।

## चार हाईकोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्अ के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने राजस्थान समेत चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से बुधवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को मद्रास उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार त्रिपुरा के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह को तेलंगाना, झारखंड के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचन्द्र राव को त्रिपुरा और मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केआर श्रीराम का राजस्थान उच्च न्यायालय में तबादला किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 26 मई को हुई बैठक में उक्त चारों उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश संबंधी फैसला लिया गया।

## मणिपुर में नई सरकार बनाने की तैयारी, गवर्नर के पास पहुंचे 10 विधायक

**इम्फाल।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। नई सरकार के गठन का विरोध करने वाला कोई नहीं है। मणिपुर विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से मुलाकात की है। दूसरी तरफ, विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो गए हैं। जल्द ही सरकार बनाने पर आलाकमान का फैसला आ सकता है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को दिया इस्तीफा, उसके बाद राष्ट्रपति शासन मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

# कर्नल सोफिया पर टिप्पणी मामले में विजय शाह को अंतरिम राहत जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हाईकोर्ट की कार्यवाही बंद, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को जांच के लिए और समय दिया, जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी सुनवाई**

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत जारी रहेगी। सर्वोच्च अदालत ने बुधवार को शाह के खिलाफ हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को भी बंद कर दिया है और विशेष जांच दल (एसआईटी) की पहली रिपोर्ट को रिकॉर्ड में ले लिया। साथ ही एसआईटी को जांच के लिए और समय दिया। अब इस मामले पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में सुनवाई होगी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि यह मामला सर्वोच्च अदालत के संज्ञान में है। इस तथ्य के मद्देनजर हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को बंद किया जाना चाहिए। कोई समानांतर कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। याद रहे कि शाह ने इस मसले पर हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनके विवादित बयान पर हाई कोर्ट ने काफी सख्त रुख अपनाया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए तीन वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी। शाह को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था, जबकि इस बीच उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। बुधवार को सुनवाई शुरू होते ही मध्य प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को सूचित किया कि एसआईटी गठित कर दी गई है और उसने जांच शुरू कर दी है। शाह का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश कर दी गई है और आगे की जांच के लिए एसआईटी को समय चाहिए। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में दर्ज किया कि डीआईजी पुलिस द्वारा स्थिति रिपोर्ट दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि तीन आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी गठित की गई है और 21 मई को जांच की गई। घटनास्थल का दौरा किया गया और सामग्री एकत्र की गई। भाषण की स्क्रिप्ट तैयार किए जाने के साथ मोबाइल फोन जब्त किया गया है और गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

## पेड़ों की अवैध कटाई मामले में वीके सक्सेना बरी, दोषी डीडीए अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली रिज क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई से संबंधित अदालती अवमानना के एक मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और डीडीए को बुधवार को बरी दिया, लेकिन प्रत्यके दोषी अधिकारी को 25,000 रुपये को जुर्माना भरने का निर्देश दिया। पीठ ने यह फैसला सुनाते हुए पेड़ों के नुकसान की भरपाई के लिए कई निर्देश भी दिए। पीठ ने डीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाषिश पांडा को भी राहत दी और उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद कर दी। उन्हें राहत देते हुए अदालत ने कहा कि अब वह इस पद (उपाध्यक्ष) पर नहीं हैं और पहले भी पूर्णकालिक सदस्य नहीं थे।

# एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर ले सकेगा एक्शन

■ देश में इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू, केंद्र ने नोटिफिकेशन जारी किया

**नई दिल्ली।** देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया।

नए कानून बनने से इंटर सर्विस आर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन- कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था कानून इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था। 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसे 10 मई 2024 से लागू किया गया। सरकार ने बुधवार को नए नियमों को भी आधिकारिक रूप से राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित (गजटेड) कर दिया गया है। नए नियम के तहत अब कोई भी सेवा अधिकारी (जैसे थलसेना का अधिकारी) इंटर सर्विस आर्गनाइजेशन में कार्यरत किसी भी अन्य सेवा (जैसे नौसेना या वायुसेना) के जवानों को कमांड दे सकेगा। पहले इस प्रकार के अधिकार केवल संबंधित सेवा के भीतर ही सीमित होते थे। इससे कई बार संचालन में बाधाएं आती थीं।

# देश में कोरोना के 1200 केस, अब तक 12 मौतें

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है।

यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं। इसके बाद केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं। नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को 78 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह राज्य में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत है।

# ऑपरेशन सिंदूर ने पाक को पांच साल पीछे धकेला

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। सबसे ज्यादा नुकसान पाकिस्तानी एयरफोर्स को हुआ है। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के हमले के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना लाचार हो गई थी। उसे समझ में ही नहीं आ रहा था कि हमले का बचाव कैसे किया जाए। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने हवा से दागी जाने वाली क्रूज मिसाइलों, लंबी दूरी से मार करने वाले हथियारों और अलग-अलग तरह के घूमते रहने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया।

रक्षा सूत्रों के मुताबिक भारतीय वायुसेना ने लगातार चार दिन तक पाकिस्तान में बहुत सटीक हमले किए। उनके मुताबिक इस हमले से पाकिस्तान को इतना नुकसान हुआ है कि उबरने में उन्हें कम से कम 5 साल लग जाएंगे। भारतीय सेना ने टैंक और कम दूरी की मिसाइल से ड्रोन को मार गिराने का वीडियो कुछ दिन पहले जारी किया था।






## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर में पांच जून को होगी एक और प्राण प्रतिष्ठा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में रामनगरी अयोध्या में पांच जून को एक और प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने बुधवार को यहां पत्रकारों को बताया कि पांच जून को सुबह 11:25 से 11:40 के बीच राम दरबार समेत सभी आठ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। गंगा दशहरा पर प्राण प्रतिष्ठा का यह भव्य कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वत महंत योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश की अगुवाई में 101 वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे। इससे पहले दो जून को शाम चार बजे मातृ शक्तियां जल कलश यात्रा लेकर निकलेंगी। यह कलश यात्रा पुराने आरती स्थल से शुरू होगी और श्रृंगरहाट हनुमानगढ़ी दशरथ महल होते हुए राम मंदिर के यज्ञ मंडप पर पहुंचेगी। तीन जून को यज्ञ मंडप पूजन अग्नि स्थापना का अनुष्ठान शुरू होगा, जबकि चार जून को विभिन्न अधिवास पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है।

### माओवादियों ने ओडिशा में विस्फोटकों से लदे ट्रक को लूटा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सुंदरगढ़ जिले के सारंडा जंगल के पास लांगलकाटा क्षेत्र में माओवादियों ने विस्फोटकों से भरा एक ट्रक लूटने के बाद पश्चिमी रेंज के पुलिस उप महा. निरीक्षक और राउरकेला पुलिस अधीक्षक, पुलिस बल के साथ बुधवार को जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। उन्हें सूचना मिली थी कि संदिग्ध माओवादियों ने मंगलवार को विस्फोटकों से लदे ट्रक को लूट लिया है। सूत्रों के अनुसार ट्रक ओडिशा-झारखंड सीमा के पास बांको में एक पत्थर खदान में गोला-बारूद के गोदाम से जिलेटिन की छड़ों के सैकड़ों पैकेट सहित लगभग चार टन विस्फोटक ले जा रहा था। इसे जंगल के अंदर संदिग्ध माओवादियों ने रोक लिया, जहां बंदूक की नोक पर विस्फोटक से भरा ट्रक लूट लिया। हमलावर माओवादियों ने विस्फोटकों से लदे ट्रक को पास के सारंडा जंगल में ले जाकर खड़ा कर दिया, जो उनका गढ़ माना जाता है और ट्रक से सारी सामग्री उतार ली। वाहन चालक और सहायक को हालांकि माओवादियों ने बिना नुकसान पहुंचाए छोड़ दिया था।

### खराब मौसम के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे से दो उड़ानें रद्द

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण मंगलवार शाम श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दो उड़न सेवाओं को रद्द किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, चंडीगढ़ (आईएक्ससी) जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई6041 और मुंबई जाने वाली उड़ान 6ई215 को कश्मीर घाटी में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि श्रीनगर में खराब मौसम के कारण दो उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। गौरतलब है कि इंडिगो की दिल्ली से श्रीनगर जा रही विमान को 21 मई को अचानक ओलावृष्टि का सामना करना पड़ा।

### आयुध अधिनियम का पालन करें डीएम, कारण बताना होगा

# शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने पर हाईकोर्ट सख्त

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल किसी से शत्रुता, आपराधिक केस दर्ज होने और शस्त्र का दुरुपयोग करने की आशंका के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निलंबित या निरस्त नहीं किया जा सकता।

आयुध अधिनियम के तहत शस्त्र लाइसेंस निरस्त करते समय डीएम को कारण बताना होगा। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के हापुड़ के डीएम के आदेश व मेरठ के मंडलायुक्त की अपील में पारित आदेश रद्द कर दिया। साथ ही हापुड़ के डीएम को दो माह में नए सिरे से आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने देवेंद्र सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याची के खिलाफ बाबूगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके आधार पर डीएम ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया। याची ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह ने दलील दी कि लोक सुरक्षा व लोक शांति के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। डीएम व कमिश्नर ने मशीनी आदेश पारित किया। यह स्वतंत्र देश के स्वतंत्र



- हाईकोर्ट ने कहा: केवल शत्रुता, आपराधिक केस व दुरुपयोग की आशंका के आधार पर नहीं निरस्त किए जा सकते शस्त्र लाइसेंस
- कोर्ट ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के हापुड़ के डीएम के आदेश व मेरठ के मंडलायुक्त की अपील में पारित आदेश रद्द किया
- अब नौ जजों की पीठ तय करेगी बीएनएसएस के तहत एफआईआर रद्द हो सकती है या नहीं, मामला वृहद पीठ को भेजा गया

नागरिक के विशेषाधिकार का उल्लघंन है। कानून डीएम को फ्री हैंड नहीं देता। कोर्ट ने डीएम को आदेश को रद्द कर दिया। वहीं एफआईआर रद्द करने की हाईकोर्ट की अंतर्निहित शक्ति का परीक्षण अब नौ जजों की वृहद पीठ करेगी। यह देखा जाएगा कि हाईकोर्ट में एफआईआर को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-528 के तहत चुनौती दी जा सकती है या फिर भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के अंतर्गत दाखिल होने वाली याचिका ही पोषणीय है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने इस कानूनी उलझन को नौ जजों की वृहद पीठ को सौंपने का फैसला सुनाया है। साथ ही कोर्ट ने महानिबंधक को वृहद पीठ के गठन के लिए मामला तीन दिन में मुख्य न्यायाधीश के समक्ष पेश करने को कहा है। याची शशांक गुप्ता उर्फ गुड्डू और अन्य के खिलाफ चित्रकूट के कर्वी थाने में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज है। मामले में याचियों ने बीएनएसएस की धारा-528 के तहत एफआईआर रद्द करने की मांग के साथ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दावा है कि मुकदमा दुर्भावनापूर्ण तरीके से उन्हें सताने के लिए दर्ज करवाया गया है। याची का तर्क है कि हाईकोर्ट अपनी अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग कर झूठी व दुर्भावनापूर्ण एफआईआर को रद्द कर सकता है। बीएनएसएस की धारा-528 हाईकोर्ट को यह अधिकार देती है कि वह ऐसी शिकायतों व एफआईआर को सीधे खारिज कर सके, जो प्रथम दृष्टया न तो किसी अपराध को दर्शाती है और न ही न्याय की कसौटी पर खरी उतरती है। इस नई धारा का उद्देश्य फर्जी मुकदमों से नागरिकों की रक्षा करना है। लिहाजा नए कानून के तहत याची के खिलाफ दर्ज मुकदमा रद्द किया जाना चाहिए। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने 1989 में रामलाल यादव के मामले में सात जजों की पूर्ण पीठ के दिए फैसले का हवाला देते हुए याचिका की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई। कहा कि एफआईआर को रद्द करने की मांग भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के तहत ही पोषणीय है। बीएनएसएस की धारा-528 (पुरानी धारा 482 सीआरपीसी) के तहत एफआईआर रद्द करने की अर्जी स्वीकार नहीं की जा सकती।

### कानूनी उलझन वृहद पीठ को संदर्भित करने का पहला मामला

**प्रयागराज।** बीएनएसएस लागू होने के बाद यह पहला मामला है, जब धारा 528 के तहत एफआईआर रद्द करने की मांग की गई है। इससे पहले 1989 में सात जजों की पूर्ण पीठ ने एफआईआर रद्द करने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के तहत याचिका को पोषणीय माना था। सात जजों की पूर्ण पीठ के फैसले और नए कानून के प्रावधानों में टकराव को देखते हुए कोर्ट ने मामले को नौ जजों की वृहद पीठ को संदर्भित कर दिया। वृहद पीठ के का फैसला आने तक याचियों को दी गई अंतरिम राहत बरकरार रहेगी। उनके खिलाफ कोई भी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

# यूपी में उमस भरी गर्मी ने किया लोगों को बेहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गुरुवार से पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबादी के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान इन जगहों पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार हवाएं भी चलेंगी। बूंदाबांदी से तात्कालिक तौर पर पारे में हल्की गिरावट आएगी और उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

गुरुवार के लिए प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों के 60 जिलों में तेज हवाएं चलने और गरज- चमक के साथ बूंदाबादी की चेतावनी जारी की गई है। बुधवार को प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक कहीं भी लू जैसी परिस्थितियां नहीं रहीं, लेकिन उमस भरी चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। पूर्वा हवा में नमी की मौजूदगी से आभासी गर्मी, वास्तविक गर्मी से ज्यादा महसूस किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 29 मई से प्रदेश में दो-तीन दिनों के लिए बूंदाबांदी और हवाओं की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा। आईएमडी ने जानकारी दी है कि इस मानसून में जून से सितंबर के दौरान चार माह में पूर्वी यूपी में सामान्य से 10 प्रतिशत और पश्चिमी यूपी में सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक बारिश की संभावना है। जून माह में देश भर में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश होगी। बांदा, फतेहपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्धनगर, बुलन्दशहर, कासगंज, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।



- आज से बदलेगा मौसम, पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबांदी होने के आसार

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले हालात


### श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से आधार शिविर कटरा शहर में रौनक लौटी

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में बसे देवस्थान श्री माता वैष्णो देवी भवन में तीर्थयात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होने से आधार शिविर कटरा शहर में चहल-पहल लौट आई है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से वैष्णो देवी यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में अचानक गिरावट देखी गई थी।

इस बीच श्राइन बोर्ड के अधिकारी ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने लगी है। इस वृद्धि के साथ लगभग 18000 से 20000 तीर्थयात्री प्रतिदिन भवन के दर्शन के लिए कटरा पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा के साथ-साथ श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था भी की है, जिससे तीर्थयात्रा जोर पकड़ रही है और लगभग एक महीने के बाद यहां श्रद्धालुओं की संख्या 20000 तक पार कर गई है। पिछले महीने पहलगाम आतंकी हमले के बाद कटरा में कारोबार काफी हद तक प्रभावित रहा हालांकि श्राइन बोर्ड और धार्मिक निकायों के साथ-साथ व्यापारी समुदाय को उम्मीद है कि देशभर के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान अब श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होगी।

### गुलाम नबी आजाद ने अपने स्वास्थ्य के बारे में किया आश्वस्त



**श्रीनगर।** वरिष्ठ राजनेता एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आज़ाद ने लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में लोगों को आश्वस्त किया है। आजाद ने एक्स हैंडल पर अपने पोस्ट में कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कुवैत में अत्यधिक गर्मी के कारण मेरे स्वास्थ्य पर असर पड़ने के बावजूद भगवान की कृपा से मैं ठीक हूं और मेरी हालत में सुधार हो रहा है। सभी जांच रिपोर्टें सामान्य हैं। आप सभी की चिंता और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उल्लेखनीय है कि आज़ाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के लिए कुवैत गए हुए थे। इस दौरान कुछ स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी होने लगी जिसके बाद उन्हें यहां के अस्पताल में भर्ती कराया गया। आज़ाद पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के शून्य सहिष्णुता के संदेश को व्यक्त करने के लिए सरकार द्वारा खाड़ी देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों में से एक का हिस्सा हैं।

### वीर सावरकर की जयंती के मौके पर मोदी, शाह, नड्डा ने किया नमन


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी वीर सावकर की जयंती के मौके पर उन्हें नमन किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, भारत माता के सच्चे सपूत वीर सावरकर जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की कठोर से कठोर यातनाएं भी मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण भाव को डिगा नहीं पाईं। आजादी के आंदोलन में उनके अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। देश के लिए उनका त्याग और समर्पण विकसित भारत के निर्माण में भी पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।

# कोरोना वायरस से आगरा में पहली मौत

**आगरा, वार्ता**

फिरोजाबाद के मरीज की कोरोना संक्रमण के बाद हुई मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग में कोई हलचल नहीं हुई है। अभी तक जांच केंद्र और आइसोलेशन वार्ड तक नहीं बनाए गए हैं। सीएमओ का कहना है कि कोई गाइड लाइन नहीं आई है। एहतियात बरती जा रही है।

प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, जालौन के बाद फिरोजाबाद के संक्रमित की मौत से कोरोना के फैलने का खतरा फिर से बढ़ने लगा है। कोरोना महामारी के दौरान जहां स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक इंतजाम किए थे, वहीं अब आगरा में पहला संक्रमित केस मिलने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां लचर हैं। महामारी के दौरान एसएन मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर आइसोलेशन वार्ड बनाए गए थे। यह सभी वार्ड अब सामान्य वार्ड में तब्दील हो चुके हैं। ऑक्सीजन प्लांट केवल एसएन और जिला अस्पताल में ही संचालित हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण की जांच की सुविधा भी एसएन अस्पताल के वायरोलॉजी लैब में ही उपलब्ध है। अभी तक कहीं भी अलग से कोरोना संक्रमण की जांच के केंद्र नहीं बनाए गए हैं। ऐसे में सामान्य लक्षण होने पर मरीज जांच भी नहीं करा पाएंगे। यहां तक कि ओपीडी में आने वाले खांसी, जुकाम बुखार के मरीजों के लिए फ्लू वार्ड भी शुरू किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी संक्रमण को लेकर कोई गाइड लाइन जारी नहीं की गई है। एहतियात बरती जा रही है। अगर किसी को लक्षण महसूस हों, तो उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज में जांच करानी चाहिए। सीएमओ अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि फिरोजाबाद का संक्रमित मरीज मिलने के बाद अब अस्पतालों में एहतियात बरती जाएगी। कोरोना के दोनों सब-वैरिएंट्स एनबी-1-8-1 और एलएफ-7 के मामले भारत सहित कई देशों में काफी तेजी से बढ़े हैं, भारतीय आबादी में भी इसके कारण संक्रमण में तेजी से उछाल आया है। बढ़ते जोखिमों को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अब एनबी-1-8-1 को वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग के रूप में वर्गीकृत कर दिया है, अब तक इसे वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के रूप में रखा गया था। वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग का मतलब है कि अब वायरस के इस रूप को लेकर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देने और निगरानी की आवश्यकता है।



- स्वास्थ्य विभाग में कोई हलचल नहीं, अभी तक न आईसोलेशन वार्ड बनाए और न ही जांच केंद्र ही खोले गए

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में गिरावट जारी



**मुंबई।** विश्व बाजार की भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और धातु समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 239.31 अंक की गिरावट लेकर 81,312.32 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.75 अंक टूटकर 24752.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.22 प्रतिशत फिसलकर 45,093.52 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.50 प्रतिशत उछलकर 52,122.64 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1928 में गिरावट जबकि 2022 में तेजी रहे, वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2940 कंपनियों के शेयरों में से 1395 में बिकवाली जबकि 1462 में लिवाली हुई, वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 13 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.11, एफएमसीजी 1.33, हेल्थकेयर 0.39, आईटी 0.01, यूटिलिटीज 0.44, ऑटो 0.67, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.58, धातु 0.69, पावर 0.20, रियल्टी 0.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.11 प्रतिशत लुढ़क गए। विश्व बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 0.53 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.02 और जापान का निक्केई 0.01 प्राइशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 94 अंक उतरकर 81,457.61 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 81,613.36 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले यह 81,613.36 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### बीएलएस करेगी दिल्ली में आयुष्मान के लाभार्थियों की पहचान

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल को दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य एजेंसी की ओर से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के लाभार्थियों की पहचान और कार्ड वितरण का काम सौंपा गया है। यह योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के सहयोग से चलाई जा रही है, जिसके तहत दिल्ली के 6.54 लाख परिवारों को पीवीसी कार्ड दिए जाएंगे ताकि वे मुफ्त इलाज की सुविधा पा सकें। बीएलएस इंटरनेशनल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने कहा कि यह योजना दिल्ली के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी।

# उठाव सुस्त रहने से सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 29 रिंगिट की बढ़त के साथ 3896 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट चढ़कर 49.64 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।



## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**किसानों को...**

2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड में 820 रुपये प्रति कुंतल, रागी में 596 रुपये प्रति कुंतल, कपास में 589 रुपये प्रति कुंतल और तिल में 579 रुपये प्रति कुंतल की गई है।

श्री वैष्णव ने बताया कि धान 'सामान्य' का एमएसपी का 2300 रुपये से बढ़ाकर 2369 रुपये और धान 'ए' का 2320 रुपये से 2389 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार 'संकर' का 3371 रुपये से 3699 रुपये प्रति कुंतल और ज्वार 'मालदंडी' का 3421 रुपये से 3749 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये से 2775 रुपये, रागी का 4290 रुपये से 4886 रुपये और मक्का का 2225 रुपये से 2400 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अरहर का एमएसपी 7550 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये प्रति कुंतल, मूंग का 8682 रुपये से 8786 रुपये प्रति कुंतल और उड़द का 7400 रुपये से 7800 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है।

इसके अलावा मूंगफली का एमएसपी 6783 रुपये से बढ़ाकर 7263 रुपये प्रति कुंतल, सूरजमुखी के बीज का 7280 रुपये से 7721 रुपये प्रति कुंतल, सोयाबीन-पीला का 4892 रुपये से 5328 रुपये प्रति कुंतल, तिल का 9267 रुपये से 9846 रुपये प्रति कुंतल, नाइजर सीड 8717 रुपये से 9537 रुपये प्रति कुंतल और कपास - मध्यम का 7121 रुपये से 7710 रुपये और कपास - लंबा 7521 रुपये से 8110 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपणन सत्र 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है। वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 की अवधि के दौरान 14 खरीफ फसल उगाने वाले किसानों को दी गई एमएसपी राशि 16.35 लाख करोड़ रुपये थी।

### राष्ट्रपति भवन में गुरुवार से दो दिन का साहित्य सम्मेलन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन गुरुवार से दो दिन के साहित्यिक सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है, जिसमें साहित्य की दुनिया में आ रहे बदलावों पर चर्चा होगी। बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम साहित्य अकादमी, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रपि भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया है। इसका विषय है- साहित्य कितना बदल गया है? राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन देश भर से प्रतिष्ठित साहित्यकार और लेखक आमंत्रित किए गए हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में कवि सम्मेलन तथा सीधे दिल से, भारत का नारीवादी साहित्य: नई राहें बनाना, साहित्य में बदलाव बनाम बदलाव का साहित्य तथा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय साहित्य की नयी दिशायें जैसे विषयों पर चर्चायें आयोजित की जाएंगी।

# मोदी के दौरे से पहले योगी ने परखीं तैयारियां

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को प्रस्तावित कानपुर दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

मोदी 30 मई को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वह खुर्जा, ओबरा और जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट की पांच इकाइयों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कानपुर पहुंचकर सीएसए मैदान में जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त आयुक्त उद्योग के सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तुत तैयारियों के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 मई को होने वाले कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और यूरिनल जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सड़कों को साफ-सुथरा रखने और झाड़ियों को हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का आदेश दिया। साथ ही ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग प्लान तैयार करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान खुर्जा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (1320 मेगावाट, बुलंदशहर), ओबरा थर्मल पावर स्टेशन (1660 मेगावाट, सोनभद्र) और जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन (1320 मेगावाट, एटा) की पांच इकाइयों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने इन परियोजनाओं को विद्युत आपूर्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इनके शुरू होने से उत्तर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे औद्योगिक और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बुलंदशहर में स्थित खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट 1320 मेगावाट की क्षमता वाला कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट है जो टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित है।



- मोदी 30 मई को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सोशल मीडिया पर महिला से दोस्ती, फिर नौकरी दिलवाने का वादा कर ठगे 13 लाख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मेट्रो में ठेकेदारी करते हुए पता चल गया था कि कैसे लोगों को नौकरी के लिये फंसाकर उनके लाखों रुपये ऐंठे जा सकते हैं। ऐसे ही एक जालसाज सुल्तानपुरी के रहने वाले भूपेन्द्र गुरु को नॉर्थ वेस्ट जिला की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसने एक महिला को मेट्रो में नौकरी दिलवाने के नाम जाली नियुक्ति पत्र थमाकर १३ लाख २१ हजार रुपये ऐंठ लिये थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मॉडल टॉउन में रहने वाली महिला से साइबर थाना पुलिस को एक शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया कि दिल्ली मेट्रो में नौकरी दिलाने के नाम पर भूपेंद्र नामक व्यक्ति ने उससे १३.२१ लाख रुपये ठग लिए। वह आरोपी के संपर्क में पिछले साल सोशल मीडिया के द्वारा आई थी। दोनों बातचीत करने लगे और दोस्त बन गए थे। आरोपी को नौकरी के बारे में बताया था। जिसने वादा किया कि वह मेट्रो में नौकरी दिलवा देगा और मेट्रो के बड़े अधिकारियों को जानता भी है। आरोपी के विश्वास में आकर उसने आरोपी के कहने पर अपने पढाई के सभी दस्तावेज सौप दिये थे। जबकि आरोपी ने खुद को मेट्रो का अधिकारी बताकर ईमेल के जरिए एक जाली नियुक्ति पत्र भी भेज दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी राजीव कुमार की देखरेख में एसएचओ दिनेश दहिया के निर्देशन में एसआई आर.एन. अशांग, हेड कांस्टेबल मोहित और संदीप को जालसाज को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। जांच में पता चला कि आरोपी केवल व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायतकर्ता के साथ बातचीत कर रहा था। जहां उसने अपना निवास स्थान बताया था,वह वहां पर नहीं रह रहा था। उसके वर्तमान स्थान, मोबाइल नंबर या किसी ज्ञात ठिकाने के बारे में कोई सुराग नहीं था। उसके बारे में तकनीकी,मैनुअल और डिजिटल फुटप्रिंट्स के माध्यम से भूपेन्द्र गुरु को सुल्तानपुरी से गिरफ्तार किया और शिकायतकर्ता द्वारा दिये गए दस्तावेज भी उससे जब्त किये गए। पूछताछ करने पर आरोपी ने माना कि उसने शिकायतकर्ता को दिल्ली मेट्रो में नौकरी दिलाने का झूठा वादा करके ठगा था और डीएमआरसी के जाली ईमेल के माध्यम से फर्जी नियुक्ति पत्र भेजा था।

# निगम वार्ड समितियों के चुनाव में भाजपा व आईवीपी में गठजोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमसीडी की १२ वार्ड समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के चुनाव में इस बार दिलचस्प समीकरण देखने को मिल रहे हैं। आम आदमी पार्टी जहां ११ वार्ड समितियों का चुनाव लड़ने के लिए मैदान में है, वहीं भाजपा ने आठ समितियों में उम्मीदवार उतारे हैं। खास बात यह है कि दो वार्ड समितियों में भाजपा ने खुद नामांकन न कर आप के बागी पार्षदों की बनाई इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) से गठजोड़ करते हुए उन्हें अध्यक्ष पद दिलवाने की तैयारी की है। भाजपा ने रोहिणी और पश्चिमी जोन की वार्ड समिति में आईवीपी से गठबंधन किया है। इन वार्ड समितियों में अध्यक्ष पद पर आईवीपी मैदान में है। उसने वर्तमान अध्यक्षों को उम्मीदवार बनाया है। जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने उम्मीदवार उतारे हैं। इन दोनों समितियों में आम आदमी पार्टी ने दोनों पदों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। गत वर्ष इन दोनों समितियों के दोनों पदों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार उतारे थे, मगर उनको हार का सामना करना पड़ा था। आम आदमी पार्टी ने मध्य जोन की वार्ड समिति में केवल अध्यक्ष पद पर अपने पार्षद का नामांकन कराया है। इस तरह इस जोन की वार्ड समिति में उपाध्यक्ष पद पर भाजपा पार्षद का निर्विरोध निर्वाचन होगा। दक्षिण जोन की वार्ड समिति में दोनों पार्टियों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के साथ-साथ स्थायी समिति के सदस्य के रिक्त पद पर नामांकन पत्र दाखिल कराए हैं। आम आदमी पार्टी ने मध्य जोन की वार्ड समिति में केवल अध्यक्ष पद पर अपने पार्षद का नामांकन कराया है। इस तरह इस जोन की वार्ड समिति में उपाध्यक्ष पद पर भाजपा पार्षद का निर्विरोध निर्वाचन होगा। दक्षिण जोन की वार्ड समिति में दोनों पार्टियों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के साथ-साथ स्थायी समिति के सदस्य के रिक्त पद पर नामांकन पत्र दाखिल कराए हैं।

# गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने उत्तम नगर और बिंदापुर थाने के एनडीपीएस एक्ट के चार मामलों में वांछित महिला पीओ को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले पांच साल से भी ज्यादा समय से अवैध गांजा बेचने में संलिप्त रही है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त ने बताया कि २७ मई को हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार को एक गुप्त सूचना मिली कि एक महिला पीओ जो एनडीपीएस अधिनियम के कई मामलों में वांछित है। वह उत्तम नगर के नन्हे पार्क में आने वाली है। इस सूचना के मिलते ही एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन सिंह के नेतृत्व में एसआई अनुज छिकारा,कुलद. ीप सिंह, हेड कांस्टेबल पवन और महिला कांस्टेबल काजल मीना कब टीम में बी ब्लॉक नन्हे पार्क, उत्तम नगरमें अपना जाल बिछाकर आरोपी महिला को पकड़ लिया ।पुलिस पुछताछ में पता चला कि पढ़ाई छोड़ने के बाद आरोपी महिला ने अपने इलाके में ट्यूशन क्लास शुरू की। वर्ष २०१६ में, वह फेसबुक के जरिए अपने पति भरत उर्फ घ्घ्मोगली के संपर्क में आई। उसका पति भरत उर्फ मोगली पहले से ही उत्तम नगर क्षेत्र में खुदरा में अवैध गांजा बेचने के कारोबार में था। इस दौरान उसे स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, इलाके में अवैध गांजा बेचना जारी रखा। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह बार-बार अपना नाम, पहचान और ठिकाना बदलती रही। वह लंबे समय तक एक पते पर नहीं रहती थी और अपना घर बदलती रहती थी।

### 'ऑपरेशन सिन्दूर' इंस्टालेशन का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा दिल्ली हाट में "ऑपरेशन सिन्दूर" से संबंधित एक विशेष इंस्टालेशन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत देश के प्रधान मंत्री द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर दिए गए ओजस्वी संदेश से हुई। अपने संदेश में प्रधान मंत्री ने आतंकवाद के विरुद्ध देश की एकजुटता, सेना के पराक्रम और पाकिस्तान को करारा जवाब देने की संकल्पशक्ति का उल्लेख किया।


## एक नजर

### 38 अधिकारियों का स्थानांतरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने बुधवार को बड़े स्तर पर आईपीएस और दानिप्स अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती का आदेश जारी किया। ट्रांसफर किए गए अधिकारियों की सूची में विशेष संयुक्त पुलिस आयुक्त, संयुक्त पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रैंक के पुलिस अधिकारी शामिल हैं। कुल ३८ आईपीएस और दानिप्स अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती का आदेश जारी हुआ है। इनमें २४ आईपीएस अधिकारी और १४ दानिप्स अधिकारी शामिल हैं।

### दीपिका पादुकोण का रेडअंदाज देख रह गए सब दंग



**नई दिल्ली।** दीपिका पादुकोण ना सिर्फ भारत की टॉप एक्ट्रेस हैं बल्कि एक ग्लोबल आइकन भी हैं, जो इंटरनेशनल लग्जरी वर्ल्ड में इंडिया की पहली ग्लोबल लग्जरी ब्रांड एंबेसडर बनकर दमदार मौजूदगी दर्ज करा रही हैं। सालों में वो इंडियन रिप्रेजेंटेशन की एक पावरफुल पहचान बन गई हैं, जो सिनेमा की बेहतरीन अदाकारी और फैशन की ग्लोबल समझ को खूबसूरती से साथ लेकर चलती हैं। दीपिका इस बदलाव की पहली झलक थीं, जब उन्होंने २०१७ में इतिहास रचते हुए एक ग्लोबल लग्जरी ब्रांड की पहली इंडियन फेस बनकर शुरुआत की। ये वो मोड़ था जहां से इंटरनेशनल लग्जरी ब्रांड्स ने इंडियन टैलेंट को देखने का नजरिया बदला और कई लोग इस पहले कदम का हिस्सा बनने लगे। दीपिका इससे पहले भी कार्टियर के कई गाला इवेंट्स में हिस्सा ले चुकी हैं, जैसे अबू धाबी में हुए उनके २५जी एनिवर्सरी सेलिब्रेशन में, जहां वो कार्टियर की बेशकीमती ज्वेलरी में नजर आई थीं।

### भारत में संचालन की प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने भारत में अपने मजबूत संचालन की प्रतिबद्धता दोहराई है। कंपनी के एमडी सौरभ वत्स ने इसके साथ ही कहा कि हम भारत से कहीं नहीं जा रहे हैं और आने वाले वर्षों में अपनी उपस्थिति और मजबूत करेंगे। कंपनी ने साथ ही एक महत्वपूर्ण घोषणा में कहा कि लो. कप्रिय एसयूवी नई निसान मैग्नाइट अब सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी। सीएनजी किट को देश के नियामकीय मानकों के अनुरूप मोटोजेन (थर्ड पार्टी) द्वारा डेवलप, मैन्यूफैक्चर और क्वालिटी एश्योर किया गया है। मोटोजेन किट के कंपोनेंट्स के लिए वारंटी देगी। यह पहल ग्राहकों को ध्यान में रखकर समाधान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाती है। सरकार द्वारा अधिकृत फिटमेंट सेंटर पर किट को लगाया जाएगा।

### वीर सावरकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। यह समारोह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मध्य क्षेत्र के लाजपत नगर में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर महापौर ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में वीर सावरकर जी के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। समारोह के दौरान मध्य क्षेत्र के उपायुक्त श्री गुरपाल सिंह और एमसीडी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि विनायक दामोदर सावरकर जी का जीवन भारत की राजनीतिक, सामा. जिक और आर्थिक मुक्ति के लिए प्रतिरोध, संघर्ष, पीड़ा और बलिदान की कहानी है। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि सावरकर जी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांतिकारी आंदोलनों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने मित्र मेला, अभिनव भारत सोसाइटी और फ्री इंडिया सोसाइटी जैसे संगठनों की स्थापना की, जिनका उद्देश्य राष्ट्रवादी विचारधाराओं को बढ़ावा देना और युवा भारतीयों को प्रतिरोध के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना था। महापौर ने कहा कि वीर सावरकर जी का जीवन हमेशा हमें राह दिखाता रहेगा.

### महिलाओं के लिए लॉन्च किए बैग

**नई दिल्ली।** बैगजोन लाइफस्टाइल्स ने अपना नया ब्रांड अकीकी लंदन लॉन्च किया है। यह ब्रांड आज की जागरूक और स्टाइलिश महिलाओं के लिए खास तौर पर बनाया गया है। इस अवसर पर बैगजोन लाइफस्टाइल्स प्रा. लि. के डिजिटल और कम्युनिकेशन हेड, निशांत बकलीवाल ने कहा, अकीकी के साथ हम एक ऐसे सेगमेंट में कदम रख रहे हैं, जो अब तक काफी हद तक अनछुआ रहा है, जबकि मार्केट लगातार बदल रहा है। यह आज की आधुनिक महिला को एक ऐसा लग्जरी अनुभव देता है।

### पत्नी का पति को किडनी का उपहार



**नई दिल्ली।** सच्चा प्रेम और त्याग का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, ५९ वर्षीय कृष्ण कुमार गुप्ता को उनकी पत्नी से जीवन का सबसे बड़ा उपहार मिला, एक किडनी, जिसने उन्हें दोबारा जीने का अवसर दिया। दिल्ली स्थित धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सफल ट्रांसप्लांट सर्जरी के साथ श्री गुप्ता की बीमारी से लड़ाई समाप्त हुई और उनके जीवन का एक नया अध्याय शुरू हुआ। इस अवसर पर धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल के वरिष्ठ सलाहकार एवं निदेशक, नेफ्रोलॉजी, डॉ. लक्ष्मी कांत झा ने कहा, किडनी डोनर और रिसिपिएंट जैसी परिस्थितियाँ ही असली परीक्षा होती हैं। श्रीमती गुप्ता का यह निस्वार्थ उपहार, सच्चे प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट के निदेशक और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. यासिर रिजवी ने कहा, श्रीमती गुप्ता जैसी हर लिविंग डोनर, ट्रांसप्लांट का इंतजार कर रहे हजारों मरीजों के लिए उम्मीद की किरण बनती हैं।

### सर्वोदय हॉस्पिटल बना न्यूक्लियर मेडिसिन सेंटर

**नई दिल्ली।** सर्वोदय हॉस्पिटल फरीदाबाद भारत का पहला थेरानॉस्टिक्स और न्यूक्लियर मेडिसिन सेंटर बन गया है, जहाँ प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए टरबियम-१६१ पी.एस.एम.ए. थेरेपी दी जा रही है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह ब्लड कैंसर जैसे ल्यूकेमिया, लिंफोमा और मल्टीपल मायलोमा के लिए सबसे एडवांस्ड इलाजों में से एक है। अब हॉस्पिटल में डायग्नोसिस से लेकर एडवांस्ड ट्रीटमेंट तक, सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। डॉ. स्वागत दास, एच.ओ.डी. एंड सीनियर कंसल्टेंट न्यूक्लियर मेडिसिन, सर्वोदय कैंसर इंस्टीट्यूट ने कहा भारत में इस नई थेरेपी की शुरुआत से उन मरीजों को नई उम्मीद मिलेगी जो एडवांस प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित हैं। यह सटीक कैंसर इलाज (प्रिसिजन ऑनकोलॉजी) की दिशा में बड़ा कदम है और हमारी टीम लगातार अत्याधुनिक कैंसर इलाज देने के लिए प्रतिबद्ध है।




विधायक वीर सिंह धिगान के नेतृत्व में सुंदर नगरी में बनाए गए सर्वोदय विद्यालय में पढ़ाई शुरू ना होने को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए।

# उद्घाटन के बावजूद स्कूल शुरू न होने पर 'आप' का प्रदर्शन

**90 करोड़ की लागत से तैयार स्कूल का नहीं मिल पा रहा लाभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुंदर नगरी में बनाए गए दिल्ली सरकार के सर्वोदय विद्यालय में अभी तक बिजली पानी कनेक्शन न होने के चलते शिक्षा सत्र शुरू नहीं हो पाया है, इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी ने आज जबरदस्त प्रदर्शन किया जिसका नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक वीर सिंह धिगान ने किया। इस अवसर पर सुंदर नगरी वार्ड से निगम पार्षद मोहिनी जीनवाल, नंद नगरी वार्ड से निगम पार्षद रमेश बिसाइयां, दिलशाद गार्डन वार्ड से पार्षद प्रत्याशी परवीन कसाना, पूर्व पार्षद विमलेश कोली, जिला सचिव मतलूब राणा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ आरिफ के अतिरिक्त बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, अभिभावक एवं बच्चे मौजूद थे। विधायक ने कहा कि दिल्ली सरकार की लापरवाही के चलते इस क्षेत्र के बच्चे इस आधुनिक स्कूल बिल्डिंग का लाभ नहीं ले पा रहे हैं जो कि उनके उज्जवल भविष्य के लिए पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार ने स्कूल के रूप में उन्हें यह सौगात दी थी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का शिक्षा विभाग एवं शिक्षा मंत्री इस मामले पर लगातार लापरवाही बरत रहे हैं। इस विद्यालय की स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य एवं जिला सचिव मतलूब राणा ने बताया कि इस विद्यालय के निर्माण पर तत्कालीन आम आदमी पार्टी सरकार ने ९० करोड रुपए का बजट खर्च किया था।

बीते २२ नवंबर को तत्कालीन मुख्यमंत्री आतिशी ने इसका उद्घाटन किया उसके बाद यह बिल्डिंग शिक्षा विभाग को समर्पित की गई, ६ महीने गुजर जाने के बावजूद शिक्षा विभाग इस विद्यालय में आज तक फायर की एनओसी, बिजली कनेक्शन और पानी कनेक्शन तक मुहैया नहीं करा पाया है, जिस कारण ६००० बच्चों की कैपेसिटी वाला यह स्कूल पूरी तरह से धूल फांक रहा है।

# शाहदरा जोन में चेयरमैन पद के लिए रामकिशोर व पुनीत भाजपा उम्मीदवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमसीडी के शाहदरा जोन में भाजपा ने चेयरमैन पद के लिए रामकिशोर शर्मा और पुनीत शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। रामकिशोर शर्मा जो अनुभवी हैं शाहदरा साउथ जोन से हैं जबकि पुनीत शर्मा युवा चेहरा शाहदरा नॉर्थ जोन से हैं। दोनों ही अतिक्रमण और भ्रष्टाचार को खत्म करने और क्षेत्र को स्वच्छ बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। भाजपा ने इस बार शाहदरा साउथ जोन में अनुभव को तरजीह दी है। शकरपुर वार्ड से पहली बार पार्षद बने रामकिशोर शर्मा को पार्टी ने मैदान में उतार दिया है। वह दिल्ली विश्वविद्यालय (डूसू चुनाव) से लेकर दिल्ली की राजनीति में अपना दबदबा दिखा चुके हैं। शाहदरा नोर्थ जोन में युवा चेहरे पुनीत शर्मा को मैदान में उतारकर पार्टी ने बड़ा दाव चला है। मौजूदा वक्त में दोनों ही जोन में भाजपा का कब्जा है। १९८० में भाजपा का गठन हुआ था। पार्टी के गठन के समय से रामकिशोर शर्मा इससे जुड़े हैं। १९८३ में वह पहली बार पोलिंग एजेंट बने थे। वर्ष १९८८ में उन्होंने डूसू चुनाव में ताल ठोकी और सहसचिव बने। वह लगातार तीन बार भाजपा के शाहदरा के जिलाध्यक्ष रहे। जिलाध्यक्ष रहते हुए पार्टी ने उन्हें निगम का टिकट दिया और वह शकरपुर वार्ड से जीते। वह विभिन्न ३५ पदों पर रह चुके हैं। रामकिशोर शर्मा ने कहा कि चेयरमैन बनने पर उनकी पहली प्राथमिकता अतिक्रमण को खत्म करना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। ढाई साल तक निगम में अफसरशाही हावी रही। अफसरों ने राज किया और आम लोगों को परेशान किया। उनके चेयरमैन बनने पर अफसरों की जगह जनता निगम को चलाएगी।

दूसरी प्राथमिकता जुलाई से पहले नालों की सफाई करवानी होगी। सड़कों पर अवैध रूप से डाले जाने वाला मलबा बड़ी समस्या है। वह पुलिस के साथ मिलकर सड़कों पर मलबा डालने वाले ट्रैक्टर ट्राली संचालकों को पकड़ेंगे। उनके चालान करवाएंगे। शाहदरा उत्तरी जोन से भाजपा प्रत्याशी पुनीत शर्मा करावल नगर से दूसरी बार पार्षद है। वह कम उम्र के पार्षद है। पहली बार जोन का चेयरमैन बनने जा रहे हैं। वह पूर्वी दिल्ली नगर निगम में निर्माण समिति के चेयरमैन व जोन में डिप्टी चेयरमैन भी रहे हैं।

# उफ ये लव है मुश्किल का प्रीमियर सोनी पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनी सब अपने हल्के-फुल्के और पारिवारिक मनोरंजन के लिए अलग पहचान रखता है, और अब यह एक नई रोमांटिक-कॉमेडी पारिवारिक ड्रामा 'उफ्फ ये लव है मुश्किल' के साथ दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है। यह शो सोनी सब के प्रोग्रामिंग लाइन-अप में एक ताजगीभरा जोड़ है जिसमें दो विपरीत स्वभाव के किरदार -युग सिन्हा (शब्बीर आहलूवालिया) और कैरी शर्मा (आशी सिंह) हैं। बिल्कुल अलग दुनियाओं से आए यह किरदार एक जटिल परिस्थिति की वजह से साथ आ जाते हैं।

इस शो में लोकप्रिय भारतीय अभिनेता शब्बीर आहलूवालिया पारंपरिक 'आदर्श' भूमिकाओं से हटकर युग जैसे किरदार में नजर आएंगे ख्र एक ऐसा व्यक्ति जो महिलाओं से दूरी बनाए रखता है और जिसकी भावनाएं उसके शांत चेहरे के पीछे छिपी होती हैं। वहीं, आशी सिंह, जो टेलीविजन पर अपनी कई प्रमुख भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, कैरी के रूप में गर्मजोशी और चंचलता लेकर आती हैं -एक ऐसी लड़की जो दिल से सोचती है और जिंदगी को खुले दिल और उम्मीद से देखती है।

# मानसून की तैयारियों व जल भराव को लेकर बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महापौर राजा इकबाल सिंह ने आज सभी जोन के उपायुक्तों के साथ मानसून तैयारियों, नालों को डिसिल्टिंग, जल भराव की समस्या को लेकर बैठक की। बैठक का उद्देश्य नालों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करना, सभी जोन में मुख्य जलभराव बिंदुओं की पहचान व समाधान, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना पर चर्चा करना था।

बैठक में उप महापौर जयभगवान यादव व नव निर्वाचित नेता सदन श्री प्रवेश वाही ने भी मॉनसून तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। बैठक में महापौर ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि नालों की डिसिल्टिंग का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। सभी क्षेत्रों में मुख्य जल भराव बिंदुओं की पहचान की जाए और उसकी लिस्ट महापौर को दी जाए। साथ ही इन सभी बिन्दुओं पर नोडल अधिकारी सुनिश्चित करें कि जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। सभी जोन में यह भी सुनिश्चित किया जाए की डिसिल्टिंग व जल भराव के दौरान प्रत्येक जोन में पर्याप्त संख्या में मशीनें, पंप तथा सफाई कर्मी व बेलदार की उपलब्धता हो, ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# ऑर्थोपेडिक नेतृत्व को मजबूत किया

**नई दिल्ली।** मैरिंगो एशियी हॉस्पिटल्स की फ्लैगशिप यूनिट मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल, अहमदाबाद में दुनिया के सबसे अनुभवी एवं प्रसिद्ध नी रिप्लेसमेन्ट सर्जनों में से एक डॉ. के. सी. मेहता का अपनी प्रतिष्ठित मेडिकल टीम में स्वागत करते हुए हमें गर्व हो रहा है। डॉ. मेहता को अपने द्वारा घुटने के जोड़ को डिजाइन करने और यू.एस.ए., यू.के., ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, चीन, भारत, इंडोनेशिया और मलेशिया सहित कई देशों में दस ग्लोबल पेटेंट हासिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित किया गया है। डॉ. मेहता को ग्रुप में स्वागत करते हुए, डॉ. राजीव सिंघल, फाउंडिंग मेंबर,मेनेजिंग डायरेक्टर मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने कहा कि मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में, हम मानते हैं कि किसी इंस्टीट्यूशन की ताकत उसके नैदानिक घ्घ्नेतृत्व की गहराई में निहित है। मैरिंगो सिम्स अस्पताल में डॉ. के. सी. मेहता का शामिल होना हमारे आर्थोपेडिक प्रोग्राम को आगे बढ़ाने और जटिल जॉइंट रिप्लेसमेन्ट प्रोसिजर्स को बहेतर और सफल तरीके से दिशा में एक केंद्रित कदम है। उनके शामिल होने से हाई- प्रिसिशन परिणाम-संचालित देखभाल प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। डॉ. के.सी. मेहता ने कहा: 'मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स की दूरदर्शी छत्रछाया में मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल से जुड़ना नी रिप्लेसमेन्ट केर को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण नया अध्याय है।

# बाइक एक्सप्रेस सर्विस के मूल्य निर्धारण में संशोधन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक्सप्रेस डिस्ट्रिब्यूशन और सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी ऑलकार्गो गति लिमिटेड (पूर्व में गति लिमिटेड) ने अपनी लोकप्रिय बाइक एक्सप्रेस सर्विस के मूल्य निर्धारण (प्राइसिंग) में संशोधन किया है। कंपनी ने उत्कृष्ट सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के प्रयासों के तहत यह कदम उठाया है।

बाइक एक्सप्रेस एक उद्देश्य के साथ शुरू की गई बाइक ट्रांसपोर्टेशन सर्विस है। इस सर्विस को नए-नए शहरों में शिफ्ट होने वाले कामकाजी पेशेवरों (वर्किंग प्रोफेशनल्स), छात्रों के साथ-साथ पर्यटकों और बाइकिंग को लेकर उत्साही लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है,

इस डेवलपमेंट को लेकर ऑलकार्गो गति लिमिटेड के नेशनल हेड (सेल्स एंड मार्केटिंग) मयंक द्विवेदी ने कहा,"बाइक एक्सप्रेस भारत की सबसे विश्वसनीय और समग्र टू-व्हीलर लॉजिस्टिक्स सर्विस के रूप में उभरी है, खासकर बाइकिंग को लेकर उत्साहित लोगों के बीच जो प्रतिष्ठित मार्गों से यात्रा करते हैं और चुनौतीपूर्ण इलाकों में भी जाते हैं। रेट्स में इस हालिया संशोधन और पूरी तरह प्रीपेड मॉडल को अपनाकर हम पारदर्शिता, सुविधा और निरंतर सर्विस डिलिवरी के अपने वादे को मजबूत कर रहे हैं।

# स्कूलों व शिक्षकों को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्कूल एडटेक लीड ग्रुप ने २०२४-२५ शिक्षा पुरस्कारों का ग्रैंड फिनाले सफलतापूर्वक आयोजित किया। लीड ग्रुप द्वारा शिक्षा पुरस्कार भारत भर के असाधारण स्कूल नेताओं और शिक्षकों को मान्यता देता है और उनका सम्मान करता है, जिनकी शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति अटूट समर्पण छात्रों के सीखने के परिणामों को पहले की तरह बदल रहा है। ये वे स्कूल हैं, जिन्होंने स्थान या आकार की परवाह किए बिना, सावधानीपूर्वक तैयारी, प्रशिक्षण, निगरानी और सुधार के माध्यम से अपनी कक्षाओं में एनसीएफ -संरेखित, मल्टी मॉडल शिक्षण-अधिगम प्रणालियों को सफलतापूर्वक लागू किया है।

लीड ग्रुप द्वारा २०२४-२५ शिक्षा पुरस्कारों में भारत भर के २९०० से अधिक स्कूलों और २९००० से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया है। स्कूल पुरस्कार श्रेणियों में राष्ट्रीय विजेता, जोनल विजेता और राज्य विजेता शामिल थे लीड ग्रुप द्वारा २०२४-२५ शिक्षा पुरस्कारों ने दिल्ली, हरियाणा, यूपी, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और बिहार के स्कूलों सहित पूरे भारत में स्कूल नेताओं और शिक्षकों को मान्यता और सम्मान दिया। लीड ग्रुप के सीईओ और सह-संस्थापक सुमीत मेहता ने कहा, स्कूल भारत के भविष्य की नींव हैं, और शिक्षा पुरस्कार उन संस्थानों को सम्मानित करते हैं जो शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए अथक प्रयास करते हैं।

# हिंदू जागरण शिविर का आयोजन किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक स्थित पावन गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा के पूज्य संतों की गरिमामयी उपस्थिति में हिंदू जागरण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वामी श्री संतोष आनंद जी महाराज (अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु) के परम पावन आशीर्वाद तथा गगन भार्गव जी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति, परंपराओं एवं मूल्यों की रक्षा तथा जागरूकता फैलाना था ।वर्तमान समय में जब हमारी सांस्कृतिक विरासत पर आघात हो रहे हैं, ऐसे में यह आयोजन एक सशक्त प्रयास है। भारत की सनातनी चेतना को पुन: जाग्रत करने का पूज्य संतों की गरिमामयी उपस्थिति में पूज्य महंत श्री गोला गिरी महाराज,पूज्य महंत श्री सुनील गिरी महाराज,पूज्य भारती गिरी जी महाराज पूज्य राजू गिरी जी महाराज पूज्य रमेश गिरी जी महाराज इत्यादि पूज्य संतों ने अपने अमूल्य विचारों से उपस्थित श्रद्धालुओं को आलोकित किया। इस मौके पर गगन भार्गव जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज जब हमारी युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर आकर्षित हो रही है, ऐसे में आवश्यक है कि हम सब मिलकर अपनी सनातन जड़ों को मजबूत करें।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

कैलाश मानसरोवर यात्रा के मद्देनजर प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने किया

# कैलाश मानसरोवर भवन का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कैलाश मानसरोवर यात्रा के मद्देनजर प्रमुख सचिव पर्यटन, सांस्कृतिक एवं धर्मार्थ मुकेश मेश्राम महोदय ने कैलाश मानसरोवर भवन, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद का निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव पर्यटन, सांस्कृतिक एवं धर्मार्थ मुकेश मेश्राम महोदय के आगमन पर उन्हें कैलाश मानसरोवर भवन परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया।



निरीक्षण के दौरान आगामी कैलाश मानसरोवर यात्रा दिनांक 11 जून 2025 से 26 अगस्त 2025 तक के मद्देनजर प्रमुख सचिव महोदय द्वारा आवश्यक दिश-निर्देश दिये गये। उन्होने कैलाश मानसरोवर यात्रियों के आवागमन, खान-पान, विश्राम सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैलाश मानसरोवर भवन एवं प्रांगण में साफ-सफाई, स्वच्छता एवं सौन्दर्यकरण की विशेष व्यवस्था की जाएं। उन्होने निर्देशित किया कि भवन में कमरों, शौचालयों को साफ व स्वच्छ रखना सुनिश्चित किया जांए, साथ ही सभी इलैक्ट्रोनिक उपकरण एसी, पंखा, कूलर, लाईट की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें साथ ही शुद्ध पेयजल व विद्युत की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएं। राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराये जा रहे उक्त कार्यो के सम्बंध में प्रमुख सचिव महोदय ने निर्देशित किया कि कार्य गुणवत्तापूर्णक शीघ्र सम्पन्न करायें जाएं।

भवन प्रांगण में हरित सौन्दर्यकरण के साथख्रसाथ अन्य सौन्दर्यकरण के कार्य करवायें जाएं। कैलाश मानसरोवर यात्रियों को किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़ें इस ओर विशेष ध्यान दिया जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा, एडीएम सिटी विकास कश्यप, पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत, कैलाश मानसरोवर भवन मैनेजर दिनेश गर्ग सहित पर्यटन निगम के अधिकारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

दंगा पीड़ित परिवारों को नोकरी देने पर

# इंदरजीत सिंह टीटू ने मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता इंदरजीत सिंह टीटू ने कहा कि एक ऐतिहासिक कदम के लिए गरीब की मदद के लिए एक अच्छा काम दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के द्वारा जो किया गया है मैं इस अच्छे काम के लिए पूरे सिख समाज की तरफ से विशेष तौर से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रेलवे रोड बजरिया की पूरी कमेटी की तरफ से आभार प्रकट करना चाहता हूं।





दिल्ली सरकार के केंद्रीय मंत्री सरदार मनिंदर सिंह सिरसा का जिनकी मेहनत की वजह से मान्य मुख्यमंत्री ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 1984 के पीड़ित लोगों को जो नौकरी देने का काम किया है यह बहुत ही ऐतिहासिक और इन परिवारों पर उपकार करने वाला काम किया है। 1984 सिख नरसंहार पीड़ित परिवारों को नौकरियों के लिए जोइनिंग लेटर दिये गए यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि न्याय और सम्मान की दिशा में एक मजबूत कदम है। सिख परिवारों के जख्मों पर मरहम रखने का काम किया। कई सालों तक केजरीवाल सरकार ने केवल वादे किए, मगर अमल कुछ नहीं हुआ। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच और रेखा गुप्ता की संवेदनशीलता के साथ, यह कार्य हो पाया है।

## कलेक्ट्रेट परिसर में बाहरी वाहन न खड़े किए जायें: नगर मजिस्ट्रेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर मजिस्ट्रेट / प्रभारी अधिकारी (नजारत) /कृते जिलाधिकारी, गाजियाबाद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सूचित किया गया कि संज्ञान में आया है कि कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारीगण / कर्मचारीगण के अतिरिक्त अन्य बाहरी व्यक्तियों द्वारा वाहन भी खड़े कर दिये जाते हैं, जिससे अपरिहार्य परिस्थिति में अधिकारीगण के वाहनों के आवागमन में कठिनाई उत्पन्न हो जाती है।

उक्त समस्या से बचाव हेतु सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारीगण / कर्मचारीगण के अतिरिक्त, अन्य कोई बाहरी वाहन न खड़े किये जायें। यदि कोई बाहरी वाहन खड़ा पाया जाता है, तो उक्त वाहन का चालान कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। बाहरी व्यक्ति निर्धारित पार्किंग में ही अपना वाहन खड़ा करें।

# मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ कांस्टेबल हत्याकांड का एक और आरोपी, अवैध हथियार बरामद

**मसूरी।** थाना मसूरी क्षेत्र में पुलिस ने नोएडा के फेज-3 थाने में तैनात कांस्टेबल सौरभ की हत्या के मामले में वांछित एक और आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, 25 मई की रात झील तिराहे पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी और भागने लगा। भागते समय आरोपी की बाइक फिसल गई, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसे पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी की पहचान अब्दुल रहमान के रूप में हुई है, जो मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल गांव का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, अब्दुल रहमान पर पहले से ही 15 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। यह मुठभेड़ उस हत्याकांड से जुड़ी है, जिसमें 25 मई को नोएडा पुलिस की टीम एक वांछित अपराधी कादिर को पकड़ने नाहल गांव पहुंची थी। आरोपी को पकड़ने की कोशिश के दौरान उसने शोर मचा दिया, जिसके बाद भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव और फायरिंग कर दी। इस हमले में कांस्टेबल सौरभ को सिर में गोली लग गई थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में अब तक पुलिस ने कुल 14 आरो. पियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन की गिरफ्तारी मुठभेड़ के बाद की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर हैं।

## एक नजर

एडवोकेट खुशनुमा परवीन ने की

### राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लम्बा से शिष्टाचार मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय कार्यालय इंदिरा भवन पर नवनियुक्त अध्यक्ष महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट खुशनुमा परवीन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती अलका लम्बा जी से मुलाकात कर आभार व धन्यवाद किया। अलका जी ने एडवोकेट खुशनुमा को सूत की माला पहनाकर सम्मान किया।



अलका लम्बा जी ने कहा कि जल्द अपनी कमेटी बना कर गाजियाबाद में महिलाओं के हक की लड़ाई लड़े। अलका जी ने कहा कि इस सरकार में सबसे ज्यादा शोषण महिलाओं का हो रहा है। एडवोकेट खुशनुमा ने अलका जी को भरोसा दिलाया कि वे और उनकी टीम महानगर गाजियाबाद में महिला कांग्रेस को मजबूत करेगी

## कोरोना के दो और नए मामले सामने आने से मचा हड़कंप

चार महीने का शिशु भी संक्रमित

**गाजियाबाद।** कोरोना संक्रमण के दो नए मामले सामने आए हैं, जिनमें एक चार महीने का शिशु भी शामिल है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 1 मई 2025 से अब तक कुल 15 कोविड पॉजिटिव केस दर्ज किए जा चुके हैं। मंगलवार को सामने आए दो नए मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। गाजियाबाद के महरौली क्षेत्र में रहने वाला चार महीने का बच्चा बीते तीन दिनों से बुखार और सर्दी से पीड़ित था। परिजनों ने उसे इलाज के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जांच में वह कोरा. ना पॉजिटिव पाया गया। राहत की बात यह है कि शिशु के परिवार के अन्य 6 सदस्यों की कोविड रिपोर्ट निगेटिव आई है। कोरोना के दूसरे मामले में इंदिरापुरम निवासी 36 वर्षीय पुरुष को 22 मई से गले में दर्द और सर्दी-जुकाम की शिकायत थी। उन्होंने एक निजी लैब से कोविड जांच कराई, जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई। फिलहाल मरीज होम आइसोलेशन में है और स्वास्थ्य विभाग उसकी निगरानी कर रहा है।

गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के लक्षण जैसे बुखार, खांसी, या गले में खराश होने पर तुरंत कोविड जांच कराएं और सावधानी बरतें। विभाग के अनुसार, जिले में स्थिति नियंत्रण में है लेकिन सतर्कता बनाए रखना जरूरी है।

# बाट माप विभाग ने व्यापारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाट माप विभाग के अधिकारियों के द्वारा व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विभाग की ऑनलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में विधिक माप विज्ञान विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, हर्षवर्धन सिंह, राघवेंद्र सिंह तथा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संदीप बंसल, शहर अध्यक्ष श्रीपाल यादव, उपाध्यक्ष मूलचंद गर्ग जिला चेयरमैन राजेश बंसल तथा ऋषिपाल, अनूप शर्मा, अशोक कुमार, रिंकू गर्ग उपाध्यक्ष, सत्येंद्र कुमार गर्ग, नितिन मित्तल, अमित माथुर, सुंदरलाल माथुर, विनोद कुमार, तरूण गर्ग एवं गैस एजेंसी से रोहित शर्मा, मुबारक अली, शरद गुप्ता, आशु यादव, अजय कुमार, उषा एवं अमित शर्मा आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।



विधिक माप विज्ञान विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सरकार की मंशा के अनुरूप तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत व्यापारियों को सहूलियत देने के लिए बाट माप एवं तौल उपकरणों के सत्यापन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। अब व्यापारी घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से अपने तौल उपकरणों का सत्यापन मुद्रांकन करा सकता है। इसके लिए अब व्यापारी को कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। तौल उपकरणों के सत्यापन के लिए व्यापारी को विधिक माप विज्ञान विभाग के वेब पोर्टल https://legal-metrology-up.gov.in पर लॉगिन करके अपनी फर्म का रजिस्ट्रेशन करना होगा तत्पश्चात इसी पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से अपने तौल उपकरणों के सत्यापन हेतु आवेदन कर सकेगा। व्यापारी इसी पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से सत्यापन मुद्रांकन शुल्क जमा कर सकेगा तथा परीक्षण मुद्रांकन के उपरान्त सत्यापन प्रमाण पत्र स्वयं डाउनलोड एवं प्रिंट कर सकेगा। यह पूरी प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाइन एवं पारदर्शी है।

कौशांबी पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता

### दो वाहन चोर गिरफ्तार कर बरामद किए पांच दोपहिया वाहन



**गाजियाबाद।** थाना कौशांबी पुलिस को वाहन चोरी की घटनाओं पर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी दिल्ली-एनसीआर से वाहन चोरी कर सस्ते दामों में बेचने का नेटवर्क चला रहे थे। दरअसल, आज 28 मई को कौशांबी पुलिस टीम नियमित चेकिंग अभियान पर थी। इस दौरान दो संदिग्ध युवकों को रोका गया। पूछताछ में दोनों युवकों ने वाहन चोरी की बात कबूल की। आरोपियों की पहचान अरमान (20 वर्ष) निवासी बंकर का साकारण वाली गली, अकबर मस्जिद के सामने, थाना सिकंदराबाद, बुलंदशहर और बिलाल (23 वर्ष) निवासी चूड चौहट्टा, थाना सिकंदराबाद, बुलंदशहर के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न इलाकों से दोपहिया वाहन चोरी करते थे और फिर उन्हें सस्ते दामों पर बेच देते थे। आरोपियों की निशानदेही पर कुल पांच दोपहिया वाहन चार मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार में गाजियाबाद के समाजसेवी भाजपा नेता रेलवे बोर्ड सदस्य तथा राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता बालू भाई को लाइन मल्टीपल काउंसलिंग के अध्यक्ष लायन पंकज बिजवान इंटरनेशनल डायरेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान एवं विनय मित्तल द्वारा फाइव स्टार होटल ह्यात में शानदार समारोह में बेस्ट सपोर्टिंग लायन के अवार्ड से सम्मानित करते हुए सैकडो लायन भाईयो-बहनो द्वारा बालकिशन गुप्ता बालू भाई उन्नति एवं प्रगति की कामना करते हुए करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन किया।

## एसडीएम पर धमकाने का आरोप, भूमाफिया के कब्जे से परेशान बुजुर्ग बैठा धरने पर

**गाजियाबाद।** मोदीनगर तहसील परिसर में पिछले पांच दिनों से धरने पर बैठे गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी सतेंद्र कुमार ने उप जिलाधिकारी (एसडीएम) पर अभद्र व्यवहार और धमकाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उनकी चार बीघा कृषि भूमि को भूमाफियाओं ने जबरन हड़प लिया है, और वे अब तक न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। सतेंद्र कुमार का आरोप है कि उन्होंने भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी, लेकिन दोनों बार पुलिस ने मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाकर कार्रवाई रोक दी। उनका कहना है कि आरोपी भूमाफिया खुलेआम घूम रहे हैं और उन पर समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। सतेंद्र का दावा है कि उप जिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती ने उन्हें कार्यालय बुलाकर अभद्र व्यवहार किया और धमकाया। उन्होंने इस मामले को मानवाधिकार का उल्लंघन बताया है और इसकी शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तथा राष्ट्रपति से करने की बात कही है। सतेंद्र कुमार ने स्पष्ट कहा है कि



जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, उनका धरना जारी रहेगा। वहीं, उप जिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती ने उनके सभी आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बताया है। वहीं प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच नियमानुसार की जा रही है और किसी भी प्रकार की प्रशासनिक अनुशासनहीनता नहीं बरती गई है। जरूरत पड़ने पर उच्च स्तर पर जांच की जा सकती है।

## ताई कमांडो में गाजियाबाद का रहा दबदबा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में बार एसोसिएशन के कोर्ट पर 22 वे ओपन नेशनल ताई कमांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें गाजियाबाद के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया गाजियाबाद मार्शल आर्ट अकादमी के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए 7 स्वर्ण 3 रजत वह 2 कांस्य पदक हासिल कर अपना दबदबा कायम किया।

इस प्रतियोगिता में अवनी डबास, जिया, जानवी यादव, दक्ष शेहरावत, अर्णव शेहरावत, वंश शर्मा को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ जबकि अखिल भदोरिया सूर्या डबास, विराट डबास, रुद्र त्यागी ने रजत पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया माही शिवाच, जैनब चौहान को कांस्य पदक पर संतोष करना पड़ा विजेता खिलाड़ियों को कोच समा परवीन ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मोदीनगर की मंगल विहार कॉलोनीवासियों ने की अवैध श्री राम कुंज कॉलोनी की शिकायत

# पूर्व सभासद भी लगा चुके हैं जान से मारने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील क्षेत्र के रोरी गाँव की जमीन पर अवैध निर्माण के लिए हापुड़ रोड पर ग्लोबल स्कूल के समीप स्थित मंगल विहार कॉलोनी के रास्तों पर बिना नंबर प्लेट के ओवर लोड ट्रेक्टर ट्रॉलियों के आवागमन पर रोक लगाने हेतु कॉलोनीवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तुरंत कार्य रुकवाने की मांग की है।



एसडीएम को दी शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मैसर्स एम. जी. प्रॉपर्टी द्वारा श्री राम कुंज कॉलोनी के नाम से मंगल विहार तहसील मोदीनगर के बराबर में ग्राम रोरी के खसरा नंबर 922, 923 व 924 की कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी जा रही है जबकि इन खसरों में बंजर उसर जमीन भी शामिल है जिसकी डीएम साहब के पास जांच चल रही है।

मंगल विहार वासियों ने यह भी आरोप लगाया कि कॉलोनाइजर अपने मुख्य रास्ते से निर्माण सामग्री ना ले जाकर के मंगल विहार से जबरदस्ती रास्ता बनाने पर तुला है मंगल विहार के रास्ते से पांच-छह ट्रैक्टर जिन पर नंबर प्लेट भी नहीं है और साइलेंसर भी नहीं है दिन में 60 से 70 चक्कर लगा रहे हैं जिससे पूरी कॉलोनी में धूल मिट्टी उड़ रही है और बहुत ज्यादा शोर हो रहा है कॉलोनी वासियों द्वारा इसका विरोध करने पर डराया धमकाया जा रहा है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि कॉलोनीवासियों की सुरक्षा के लिए मंगल विहार के रास्तों का अतिक्रमण बन्द कराया जाए।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व सभासद व भाजपा नेता लोकेश ढोड़ी भी इस अवैध कॉलोनी की शिकायत करने पर एक व्यक्ति द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा चुके हैं इसी से पता चलता है कि बिना जीडीए की अनुमति के अवैध कॉलोनी काटने वालो के हौंसले कितने बुलंद हैं कि उन्हें किसी भी सरकारी विभाग का कोई डर नहीं है।




**Name Correction**

In My Educational Certificates My Father Name P K Tyagi is Wrongly Published By Mistake My Father Actual Name is Pradeep Kumar Tyagi For All Future Purpose.

**Ankit Tyagi S/o Pradeep Kumar Tyagi R/o 2/6 Lal Quarter Ghaziabad.**

# हत्या मामले में भगोड़ा पिस्टल के साथ चढ़ा हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके में आपसी दुश्मनी में एक हत्या की वारदात में वांछित दो बदमाशों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पिस्टल और दो कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस आरोपियों से हथियारों के सॉर्स के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १२ मई को समयपुर बादली के मेट्रो स्टेशन सेक्टर १८ रोहिणी के पास चंदन नामक व्यक्ति को बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जांच में पता चला कि हत्या का कारण मृतक की दो हमलावरों पुरुषोत्तम और प्रदीप उर्फ विशाल से दुश्मनी थी। जो अपने फोन स्वीच ऑफ करके अपने ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहे थे। पुलिस ने आरो. पियों के कई ठिकानों पर छापेमारी करके उनको पकडने की कोशिश भी की थी। पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद गंदा नाला सेक्टर २४ रोहिणी के पास घेरा. बंदी करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों से पता चला कि मृतक चंदन के साथ उनका कुछ विवाद था। चंदन नशे का आदी था और इलाके में

अपना वर्चस्व कायम करने के लिए लोगों से मारपीट करता था। कुछ दिन पहले चंदन ने पुरुषोत्तम और प्रदीप उर्फ विशाल को अलग-अलग मौकों पर पीटा था। दोनों चंदन को सबक सिखाना चाहते थे। प्रदीप उर्फ विशाल ने पिस्तौल का इंतजाम किया। घटना वाले दिन उन्होंने चंदन को उसके दोस्त संदीप उर्फ मोंटी के जरिए सेक्टर १८ मेट्रो स्टेशन के पास मामला सुलझाने के लिए बुलाया और पुरुषोत्तम और संदीप उर्फ मोंटी ने चंदन को पकड़ लिया और प्रदीप उर्फ विशाल ने उस पर फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए।

आरोपी प्रदीप उर्फ विशाल ने पढ़ाई छोडने के बाद वह भी अपने पिता की मदद करने लगा। इसी बीच वह गलत संगत में पड़ गया और अपने दोस्तों के साथ शराब पीने लगा। उसका पहले से कोई अपराध नहीं है। जबकि पुरुषोत्तम लिबासपुर के एक स्कूल में गार्ड हैं। उसका पहले से कोई अपराध नहीं है।

## सीवर व नालों के ओवरफ्लो होने से सीलमपुर की जनता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुनापार में सीवर व नाले ओवरफ्लो कोई नई समस्या नहीं है। सीवेज की समस्या के समाधान की जिम्मेदारी निगम व दिल्ली जल बोर्ड के कंधों पर है। क्षेत्र की गलियों में सीवर लाइन जगह-जगह पंक्चर हो चुकी है और उसमें अवैध तरीके से नाले के कनेक्शन कर दिए गए हैं। नालों की गाद से लेकर कूड़ा-कचरा सब सीवर में जा रहा है। नालों के ओवरफ्लो से लोगों को भले ही राहत मिल गई हो, लेकिन सीवर ओव. रफ्लो उनके लिए सिरदर्द बना हुआ है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली जल बोर्ड के १.१० उपभोक्ता हैं, जिन्होंने पानी व सीवर के कनेक्शन ले रखे हैं। जबकि घरों की संख्या करीब तीन लाख है। लोगों ने अपने घरों के अवैध कनेक्शन भी सीवर से कर रखे हैं। ब्रह्मपुरी, सीलमपुर, चौहान बांगर, मौजपुर, उस्मानपुर, गौतमपुरी, वेलकम, शास्त्री पार्क इलाके की कई गलियों में दिल्ली जल बोर्ड की सीवर लाइन को पंचर करके नालों के अवैध कनेक्शन कर दिए गए हैं।

ये नालियां इसलिए बनाई गई हैं ताकि बारिश में जलभराव न हो और जलनिकासी सही तरीके से हो। लेकिन घरों का गंदा पानी इन नालियों में बहता है। जबकि इस पानी के लिए सीवर लाइन बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन इलाकों की गलियां ब्रह्मपुरी रोड और जाफाबाद रोड की गलियों से नीची हैं। नालियों का पानी मुख्य सड़कों पर बने पीडब्ल्यूडी के नालों में चला जाता है। इन नालों की सफाई साल में सिर्फ एक बार बारिश से पहले होती है। ऐसे में नालियां ओवरफ्लो होकर गलियों में आ जाती हैं।

# गर्मी से होने वाली मौतों पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बढ़ती गर्मी और लू अब मानवाधिकार का मुददा भी बन गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष भरत लाल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव - खासतौर पर लू को अनुच्छेद २१ जीवन के अधिकार के तहत मानवाधिकार मुद्दों के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते ३० वर्षों में अत्यधिक गर्मी के कारण २४ हजार से अधिक मौतें हुईं जबकि हाल के वर्षों में स्थिति और भी खराब हुई है। लाल ने यह भी बताया कि पिछले महीने, एनएचआरसी ने ११ राज्यों को पत्र जारी कर कमजोर लोगों, विशेष रूप से बेघर या बुजुर्ग व्यक्तियों या बाहरी कामगारों की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाने के लिए कहा है। उन्होंने वर्तमान में गर्मी के असर को कम करने की चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला।गैर सरकारी संगठन क्लाइमेट ट्रेंड्स द्वारा आयोजित इंडिया हीट समिट २०२५ में मंगलवार को विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि भारत में हीटस्ट्रोक और गर्मी से होने वाली मौतों पर कोई विश्वसनीय डेटा नहीं है। वजह, डेटा रिपोर्टिंग सिस्टम पूरे देश में समान रूप से मजबूत नहीं है।

अत्यधिक गर्मी के प्रभाव के बारे में स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि मौतें तो महज एक पहलू हैं। ष्हम जलवायु संबंधी खतरों या गर्मी के कारण होने वाली सभी मौतों की पूरी तरह से गणना नहीं करते हैं, क्योंकि रिपोर्टिंग सिस्टम पूरे देश में समान रूप से मजबूत नहीं हैं। स्वामीनाथन ने कहा कि मृत्यु रिपोर्टिंग सिस्टम को मजबूत करने की आवश्यकता है। सरकार और नीति निर्माताओं के लिए यह जानने का सबसे अच्छा स्रोत है कि लोग किस कारण से मरते हैं। सरकारी नीतियों में भी इस बात का उल्लेख होना चाहिए।

# कानून के छात्रों के लिए 'प्रा विधायिका' इंटर्नशिप कार्यक्रम लॉन्च किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा लीगल सेल ने आज कानून के छात्रों के लिए 'प्रा-विधिका और विधायिका' इंटर्नशिप कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने किया और सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया। यह पहल भारत की कानूनी और विधायी प्रणाली के व्यावहारिक अनुभव को छात्रों तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

इस अवसर पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल, दिल्ली बीजेपी लीगल सेल के संयोजक नीरज, प्रभारी अनिल सोनी तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में कानूनी क्षेत्र की प्रमुख हस्तियाँ जैसे सीनियर एडवोकेट सोनिया माथुर, पवन नारंग, शिवा लक्ष्मी, बंदना कौर ग्रोवर, और बार काउंसिल ऑफ दिल्ली के मानद सचिव राजेश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह भारत में अपनी तरह की पहली पहल है, जिससे दिल्ली बीजेपी लीगल सेल देश का पहला राज्य प्रकोष्ठ बन गया है जिसने कानून और शासन में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए एक विशेष इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विधायिका इंटर्नशिप का दायरा केवल विधायकों तक सीमित न रहकर सांसदों को भी शामिल करना चाहिए। दिल्ली बीजेपी लीगल सेल के संयोजक नीरज ने बताया कि यह इंटर्नशिप कार्यक्रम कानून के छात्रों को अकादमिक ज्ञान और व्यावहा. रिक अनुभव के बीच की दूरी को पाटने का एक अनोखा मंच प्रदान करता है। इसमें छात्रों को कानूनी अभ्यास, विधायी अनुसंधान, नीतिगत विश्लेषण और सार्वजनिक प्रशासन में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम जून से दिसंबर २०२५ तक सात बैचों में संचालित किया जाएगा।




**कानून के छात्रों के लिए 'प्रा-विधिका व विधायिका' इंटर्नशिप कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा साथ में हैं बीजेपी लीगल सेल के संयोजक नीरज व सोनी आदि।**

# कनॉट प्लेस में 20 साल बाद भी पीएनजी की आपूर्ति नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस में २० साल बाद भी पीएनजी की सुविधा नहीं पहुंची है। वह भी तब जबकि, यहां २०० से अधिक रेस्तरां मौजूद है, जिनमें से कई तो ७५ वर्ष पुरानी है। वे आज भी सिलेंडर आधारित रसोई गैस का इस्तेमाल कर रही हैं। इसी तरह, इमारतों में लगे जनरेटर मजबूरी में डीजल इस्तेमाल कर प्रदूषण को बढ़ा रही है। कनॉट प्लेस में वर्ष २००६ में पीएनजी की परियोजना को मंजूरी दी गई थी। वर्ष २०१२ में काम भी शुरू हुआ, लेकिन अभी तक यह पूरा नहीं हुआ है, जबकि यहां २०० से अधिक रेस्तरां हैं तो कुछ परिवारों के आवास है। पीएनजी की आपूर्ति कर्ता कंपनी आइजीएल के एक अधिकारी के अनुसार, कनॉट प्लेस के बाहर चारों ओर पीएनजी की पाइप लाइन बिछी है, केवल कनॉट प्लेस में नहीं है। वैसे, इस संबंध में एनडीएमसी व आइजीएल अधिकारियों के बीच संवाद जारी है, लेकिन हल नहीं निकल रहा है। यह मामला अटका है, कनॉट प्लेस में बने भूमिगत यूटिलिटी कारिडोर को लेकर। आइजीएल के एक अधिकारी के मुताबिक नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा यूटिलिटी कॉरिडोर से पाइप गुजारने को कह रही है, जबकि, भूमिगत गलियारे में अत्यधिक बिजली की तारें गुजर रही है। जिनके बगल से गैस की पाइप लाइन गुजारना उसे खतरनाक बनाएगा।

# भाजपा सरकार के कार्यकाल को आतिशी ने विफल बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाकर सत्ता में आई भाजपा ने अपने १०० दिन के कार्यकाल में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। "आप" की वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने रेखा गुप्ता की भाजपा सरकार के १०० दिन, रिपोर्ट कार्ड फेल का एक फोटो एक्स पर पोस्ट करते हुए हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि भाजपा की दिल्ली सरकार के १०० दिन पूरे होने वाले हैं। बिजली, पानी, स्कूल, जल-भराव- हर पक्ष में सरकार फेल है। शुक्रवार को हम भाजपा की दिल्ली सरकार का १०० दिन का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे।उधर, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने भी इसी फोटो को एक्स पर साझा किया है। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में भाजपा सरकार के १०० दिन का लेखा-जोखा शुक्रवार को जनता के सामने रखने जा रही है। उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील करते हुए कहा कि आप भी रिपोर्ट कार्ड में शामिल करने के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं।

आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा सरकार के १०० दिन के कार्यकाल में दिल्ली की जनता को लंबे-लंबे पावर कट से जूझना पड़ा है। पावर कट का सिलसिला जारी है, जबकि अभी भीषण और उमस भरी गर्मी का दौर शुरू होने वाला है। जबकि आम आदमी पार्टी की सरकार में दिल्लीवालों को २४ घंटे बिजली मिलती थी।

## हाईकोर्ट ने जलभराव को लेकर छावनी बोर्ड को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली छावनी में जलभराव और गंदगी पर प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लेते हुए छावनी बोर्ड को नोटिस जारी किया है। रिपोर्ट के अनुसार इलाके में तैनात राजपूताना रायफल्स के सैनिकों को बैरक से परेड ग्राउंड तक जाने के लिए बदबूदार और गंदे नाले से गुजरना पड़ता है। कोर्ट ने दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड को २९ मई तक रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और मनमीत पीएस अरोड़ा की खंडपीठ ने २६ मई को अपने आदेश में कहा, यह कोर्ट एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेता है, जिसमें बताया गया है कि राजपुताना राइफल्स के ३,००० से अधिक सैनिकों को अपने बैरक से परेड ग्राउंड तक जाने के लिए दिन में चार बार इस बदबूदार नाले से गुजरना पड़ता है। नाला कीचड़ और गंदगी से भरा होता है और कई जगहों पर कमर तक गहरा है। कोर्ट ने यह आदेश दिल्ली में बारिश के बाद सड़कों, घरों और वकीलों के कार्यालयों में जलभराव की समस्या से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान पारित किया।

# फोन खोने पर लापरवाही न बरतें, बैंक खाता हो सकता है खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में फोन चोरी होना या फिर खोना आम बात सी हो गई है। लेकिन फोन आज हर किसी की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया है। फोन नहीं पर कई काम रूक जाते हैं।

फोन खोने के वक्त इंसान को कुछ समझ नहीं आता है कि वो उस वक्त क्या करें। लेकिन सावधानी हटी और दुर्धटना घटी कहावत बिल्कुल सही इसपर बैठती है। फोन खोने पर कुछ लोग इसको हल्के में ले लेते हैं और सिर्फ पुलिस को सूचित करके सोचते हैं कि चलो समय मिलने पर सिमकार्ड कंपनी में जाकर नई सिम निकलवा लेगें,इसी का फायदा चोर उठा लेते हैं। वो कहीं भी वसूली के लिये फोन कर सकते हैं,किसी को धमकी के लिये फोन कर सकते हैं। दूसरी तरफ स्कैमर्स आपके फोन नंबर से बैंक की पर्सनल जानकारी लेकर उसको बदल सकते हैं,बैंक खाते से रुपये निकलवा सकते हैं। उसी जानकारी से कई सिमकार्ड निकलवा भी सकते हैं। इसलिये फोन खोने पर कोई लाप. रवाही न करें।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि फोन का पता लगाने का प्रयास करने के लिये फाइंड माई डिवाइस (एंड्रॉइड) या फाइंड माई आईफोन (आईओएस) का उपयोग करके इसके अंतिम ज्ञात स्थान को ट्रैक करें। यदि यह पास में है, तो आप इसे बजा सकते हैं। अपने डेटा को स्वचालित रूप से लॉक करें या हटाएँ,यदि संभव नहीं है, तो अपने फोन को स्वचालित रूप से लॉक करें या डेटा को डिलीट कर दें ताकि अनधिकृत रीचेक जा सके। आपके फोन से जुड़े पासवर्ड, जैसे ईमेल, नेटवर्क, और सोशल मीडिया के पासवर्ड को अपडेट करें ताकि कोई भी गलत उपयोग न कर सके। अपने जानकारों को सूचित करें ताकि वे आपके सिम कार्ड को ब्लॉक कर दें और अनधिकृत कॉल या लेन-देन को रोकें। वजन जल्दी हो सके डुप्लीकेट सिम जारी करें। यदि फोन चोरी हो गया है, तो पुलिस में इसकी रिपोर्ट करें और आईएमईआई नंबर साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि यह निश्चित रूप से पता होना चाहिए कि रिमोटली वाइप करना कैसे काम करता है, विशेष रूप से जब आपका फोन खो जाए या चोरी हो जाए। ऐसे एंड्रॉइड गूगलकी फाइंड माई डिवाइस सेवा का उपयोग करें। अपने गूगल खाते से साइन इन करें, डिवाइस चुनें, और डिवाइस मिटाएं पर क्लिक करें ताकि सभी डेटा स्थायी रूप से डिलीट हो जाएं। इसके अलावा आईफोन एप्पल की फाइंड माई सेवा का उपयोग करें। अपनी ऐप्पल आईडी से साइन इन करें, डिवाइस चुनें, और आईफोन मिटाएं ताकि सभी डेटा स्थायी रूप से डिलीट हो जाएं। ये जरूरी है कि फोन पर गूगल या एप्पल खाते से साइन इन होना चाहिए, इंटरनेट कनेक्ट होना चाहिए, और स्थान सेवाए सक्षम होनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फोन खोने से आर्थिक रूप से नुकसान हो सकता है। क्योंकि फोन में आपने ऑनलाईन पेमेंट के लिये एप्लिकिशन अपलोड कर रखी है। ऐसे में तुरंत अपने बैंक और क्रेडिट कार्ड कंपनी को कॉल करना चाहिए और अपने बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड जैसी सेवाओं को अक्षम करना चाहिए जो आपके फोन के साथ-साथ गूगलपेच और फोनपेय जैसे यूपीआई भुगतान मोड में जोड़े गए हो सकते हैं।

इसके अलावा यदि आपका डिवाइस का बीमा है, तो सुनिश्चित करें कि आप अपने बीमा कंपनी को तुरंत सूचित करें। यह बाद में काम आएगा जब आप प्रतिस्थापन प्राप्त करने या इसके लिए प्रतिपूर्ति प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। साथ ही सभी महत्वपूर्ण डेटा का नियमित बैकअप बनाने की आदत बनाएं ताकि आपके डिवाइस के चोरी या गुम हो जाने की स्थिति में, कम से कम आपका महत्वपूर्ण डेटा सुरक्षित रहे।



**दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा व पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा राजधानी के विभिन्न कला क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ दिल्ली सचिवालय में।**

# कला संस्कृति के संरक्षण व प्रोत्साहन को लेकर संवाद बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कलाकारों से मुलाकात की। इस मौके पर रेखा गुप्ता ने भी गर्मजोशी से सभी कलाकारों का अभिवादन किया एवं भविष्य में सरकार द्वारा सभी तरह की मदद देने का आश्वासन भी दिया। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री मिश्रा ने राजधानी के विभिन्न कला क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ दिल्ली सचिवालय में आज एक विशेष बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कलाकारों से संवाद स्थापित कर उनके विचारों को सुनना और उन्हें सरकार की योजनाओं में शामिल करना था। मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में एक नई सरकार आई है जिसे जनता का अपार समर्थन मिला है। यह सरकार प्रधानमंत्री के विजन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र या समाज अपनी कला, संस्कृति और भाषा के बिना अधूरा है, और राजधानी दिल्ली को इस क्षेत्र में अग्रणी बनाना हमारी प्राथमिकता है।

मिश्रा ने कहा की कलाकार अपना पूरा योगदान देता है अपनी कला और संस्कृति को आगे बढ़ने में, पर सरकार का योगदान प्रशंसनीय नहीं रहा, और पिछले कुछ वर्षों से तो लगभग नगण्य रहा है. पिछले कुछ समय में सरकार कला और संस्कृति पर उतना ध्यान नहीं दे पाई जितना देना चाहिए था। कलाकारों ने सुझाव दिया कि कला और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किए जाएं ताकि नए कलाकारों को मंच मिल सके। उन्होंने झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले प्रतिभाशाली कलाकारों को अवसर देने के लिए एक सांस्कृतिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा। इसके साथ ही, एक समर्पित डिजिटल पोर्टल की मांग की गई जहाँ कलाकारों को पंजीकरण और पहचान मिल सके।बैठक में कलाकारों ने एक व्यापक और स्थायी सांस्कृतिक संरचना की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे महानगर में कला और संस्कृति के विकास हेतु एक मजबूत ढांचा समय की मांग है।

## एनजीटी ने की सड़क किनारे कंक्रीट बिछाने में यूपी मॉडल की सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सड़क किनारे कंक्रीट बिछाने पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश मॉडल को सराहा है। कोर्ट ने कहा कि देश के बाकी राज्यों को तत्काल इसे अपनाना चाहिए। क्योंकि सड़कों के किनारे पेड़ों के मौजूदा हालात दयनीय हैं।

राज्यों में नियम बनने तक कंक्रीटीकरण पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। एनजीटी ने कहा कि बड़े पैमाने पर कंक्रीटीकरण से मिट्टी की परत बढ़ जाती है, जिससे भूजल स्तर में कमी आती है। यह पारिस्थितिकी तंत्र, मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंच. ाकर जैव विविधता को प्रभावित करता है। न्यायिक सदस्य सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद की पीठ नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सड़कों के किनारे और खुले स्थानों पर बड़े पैमाने पर कंक्रीटीकरण के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

अधिकरण ने अपने आदेश में सड़क के किनारों के निर्माण के लिए भी निर्देश जारी किए हैं, जिसमें कहा गया है कि केवल छिद्रित ब्लॉक, फ्लाई ऐश ईंट व पत्थर आदि का उपयोग सड़कों के दोनों ओर फुटपाथ किनारों पर अधिकतम ०.५० मीटर चौड़ाई तक किया जाना चाहिए। जहां फुटपाथ के साथ सड़कें प्रस्तावित हैं, वहां फुटपाथ पर केवल छिद्रित टाइल, फ्लाई ऐश ईंट व पत्थर का उपयोग किया जाना चाहिए। बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था होनी चाहिए।

# सरकार देगी आपातकाल में जेल जाने वालों को पेंशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** १९८४ के सिख विरोधी दंगे में मारे गए लोगों के आश्रितों को सरकारी नौकरी की नियुक्ति पत्र देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसके संकेत दिए हैं कि आपातकाल में जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों को आर्थिक सहयोग देने पर विचार चल रहा है। उन्होंने कहा, ष्लोकतंत्र की रक्षा के लिए जेल जाने वाले सेना. नियों को पूर्व की सरकारों ने कोई सम्मान नहीं दिया। अब हमारी सरकार ने अन्य राज्यों की तरह दिल्ली में भी इन्हें सम्मान देने का संकल्प लिया है। भाजपा शासित कई राज्यों में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान निधि दी जाती है। ओडिशा में भाजपा की सरकार बनने पर इस वर्ष जनवरी में लोकतंत्र सेनानियों को प्रति माह २० हजार रुपये आर्थिक मदद करने की घोषणा की गई। मार्च में राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा में मीसा बंदियों को पेंशन देने का विधेयक पारित किया गया। हरियाणा सरकार ने इसी वर्ष फरवरी में इनकी पेंशन राशि बढ़ाकर २० हजार रुपये प्रति माह की है।


उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व बिहार में भी इन्हें पेंशन मिलती है। दिल्ली में भी लोकतंत्र सेनानियों को अन्य राज्यों की तरह सम्मान निधि देने की बात होती रही है। वर्ष २०१४ में लोकतंत्र सेनानी संघ का गठन किया गया है। भाजपा नेताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान इन्हें सम्मान देने का वादा किया था।

# 'आप' पार्षद ने एमसीडी सदन से स्थायी समिति सदस्य के लिए किया नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने वार्ड १८४ से पार्षद हेमा श्रीचंद वोहरा को स्थायी समिति सदस्य के चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है।

हेमा ने सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित निगम सचिव कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस अवसर पर दिल्ली के पूर्व मेयर महेश कुमार खिंची, निगम पार्षद पुनीत राय, गगन चौधरी और श्रीचंद वोहरा मौजूद रहे। निगम में "आप" के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने हेमा को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया कि आम आदमी पार्टी इस पद को अवश्य जीतेगी।



दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर मुख्यालय स्थित निगम सचिव कार्यालय में बुधवार को निगम सदन से नामांकन के लिए आम आदमी पार्टी की तरफ से स्थायी समिति सदस्य पद की उम्मीदवार हेमा ने नामांकन दाखिल किया। हेमा वार्ड १८४ से आम आदमी पार्टी की पार्षद हैं। नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने बताया कि स्थायी समिति में १८ सदस्य होते हैं। इसमें १२ सदस्य जोन से और ६ एमसीडी सदन से चुने जाते हैं। सदन से चुने जाने वाले छह सदस्यों में से एक पद खाली हो गया था। इस पद के लिए "आप" की तरफ से हेमा ने अपना नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि आगामी तीन जून को एमसीडी का हाउस बुलाया गया है। सदन में स्थायी समिति सदस्य के लिए वोटिंग होगी और उसी दिन जीत की घोषणा की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बदरपुर के जैतपुर से पार्षद हेमा वोहरा और उनके पति श्रीचंद वोहरा एवं परिवार के सभी सदस्य आम आदमी पार्टी के लिए समर्पित है २०१२ से अन्ना आंदोलन के समय से आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए हैं। श्रीचंद वोहरा पार्टी के बेहद कर्मठ कार्यकर्ता हैं और पार्टी संगठन में काफी काम किया है। उन्होंने कई राज्यों में पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभाई है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT -15 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद क्षेत्राधिकार में EMU कार शेड का संवर्धन नए प्रशासनिक भवन, नए सम्मेलन हॉल और वर्षा जल संचयन प्रणाली, नई करस्टडी स्टोर, नई पार्किंग व्यवस्था, दो स्टेबलिंग लाइनों और कार शेड पर अग्निशामक व्यवस्था बनाने का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :- IREPS पर NIT के अनुसार** **बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार** |
| NIT -26 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता शामली क्षेत्राधिकार में अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर सम्पूर्ण दिव्यांगजन सुविधाओं (11 स्टेशनों) का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :- IREPS पर NIT के अनुसार** **बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार** |
| NIT -27 | **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता मेरठ क्षेत्राधिकार में अंतर्गत रेलवे स्टेशनों पर सम्पूर्ण दिव्यांगजन सुविधाओं (12 स्टेशनों) का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :- IREPS पर NIT के अनुसार** **बयाना राशि (रुपये): IREPS पर NIT के अनुसार** |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 27.06.2025 15:00 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) **IREPS** साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं 128-W/280/e Tender Notice/NIT-15, 26 & 27-25-26-W-II

दिनांक : 28.05.2025 1586/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, एक गोली लगने से घायल

## बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाश लगातार लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने दोनों बदमाशों के पास से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों आरोपी नांगल गांव के रहने वाले हैं और दोनों का नाम सुमित है।

बिनौली थाना पुलिस क्षेत्र में बढ़ रही लूट और चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी। आरोपियों ने



बामनौली मार्ग पर एक किसान से मोबाइल छीना था। इसके अलावा एक महिला से चेन लूटने की वारदात भी की थी। बिजवाडा मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो बाइक सवारों को रोकने का इशारा किया। आरोपियों ने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी और जंगलों में छिप गए। मुठभेड़ में एक सुमित के पैर में गोली लगी। दूसरे सुमित को पुलिस ने जंगल से पकड़ लिया। एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों के पास से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल, एक पीली धातु की चेन और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस मामले की

# जंगल में बारहसिंगा हिरन को कुत्तों ने नौंचा, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खासपुर के जंगल में एक खेत में चारा खा रहे बारहसिंगा हिरन पर कुत्तो ने हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया लेकिन जब तक हिरन दम तौड़ चुका था। पुलिस की साहयता से गढ्ढा खुदवाकर हिरन को दबवाया गया।

खासपुर के जंगल मे बारहसिंगा हिरन खेतो मे चारा खाने आ जाते है, अक्सर हिरनों को खेतो मे देखा जा चुका है। बुधवार सुबह एक खेत मे बारहसिंगा हिरन पर कुत्तो ने हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने देखा तो उसे बचाने दौड़ पड़े और जब उसके पास पहुंचे कुत्तो को भगाया लेकिन जब तक बारहसिंगा हिरन दम तौड़ चुका था जिससे ग्रामीणों ने तुरंत 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी। मौकें पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की साहायता से जेसीबी मशीन मगंवा गढ्ढा खुदवाकर हिरन को दफन कराया। दरअसल सुबह के समय हिरन अक्सर खेतो मे चारा खाने आ जाते है जिससे कुत्ते उन्हें निशाना बनाते है। पहले भी ढिकोली के जंगल मे भी कुत्तों ने हिरन पर हमला बोला था जिसमे उसकी मौत हो गयी थी। इसके अलावा बागपत के अन्य स्थानों पर भी खेतो मे कुत्तें हिरन पर हमला बोल घायल करते रहते है।




# रिटायर्ड शिक्षक की ट्रोनिका सिटी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली के एक 68 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को आपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गाजियाबाद भेजा है।

ढिकोली निवासी 68 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक शिवकुमार पुत्र प्यारे लाल और उसके भाई का जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शिवकुमार का भाई रविकरण गाजियाबाद के ट्रानिका सिटी में रहता है जहा उसके भाई ने उसे ट्रोनिका सिटी बुलाया था जिससे वह स्कूटी द्वारा घर से अपने भाई रविकरण के यहा गया जहा भाई के घर के बाहर शिवकुमार का शव पड़ा हुआ मिला था जिससे सूचना पर पुलिस वहा पहुंची और परिजनों को सूचना दी। जहां मौकें पर परिजन पहुंचे और पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया था परिजन पोस्टमार्टम हाऊस पर व्यक्ति के शव लेने पहुंचे है जहा से शव गांव लाकर अंतिम संस्कार किया जायेगा।



# बीज और खाद दिये जाने की मांग को लेकर भाकियू का धरना प्रदर्शन

## समस्याओं का समाधान नहीं होने पर दी अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की चेतवानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने विकास भवन पर धरना प्रदर्शन किया। फसल की बुवाई के समय किसानों को खाद और बीज नहीं मिल रहा है। इससे किसान परेशान हैं। भाकियू ने भरपूर मात्रा में बीज और खाद दिये जाने की मांग की है। समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की चेतवानी दी।

भाकियू कार्यकर्ताओ ने धरना प्रदर्शन करते हुए बताया कि जनपद की सभी समितियों पर बीज और खाद की कमी है। कीटनाशक और खरपतवार नाशक भी उचित दाम पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। सहकारी समिति किसानों से ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज ले रही है। 4प्रतिशत की सब्सिडी किसानों के खातों में नहीं पहुंच रही है। किसान नेताओं की मांग है कि किसानों से सीधे 3प्रतिशत ब्याज लिया जाए। बाजार में नकली कीटनाशक और खरपतवार नाशक की कालाबाजारी हो रही है। किसान नेताओं ने इस पर कार्रवाई की मांग की है। किसान नेता विनोद चौधरी ने कहा कि अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो वे अनिश्चितकाल. ीन आंदोलन करेंगे।



# एक नजर

## तालाब की सही पैमाईश कराने की ग्रामीणों नें की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रसुलपुर साकंलपुट्ठी गांव में अटल भूजल योजना के अन्तर्गत तालाब की पैमाईश कराकर खुदाई का कार्य चल रहा है जिसमे सही पैमाईश न होने को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम बागपत को शिकयती पत्र देते हुए तालाब की सही पैमाईश कराने की मांग की है। ग्रामीण मनोज आदि ने बताया की गलत पैमाईश से तालाब छोटा हो गया है। इसलिए सही पैमाईश करायी जाये।

## तालाब की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाए जा रहे मकान के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तहसीलदार बागपत अभिषेक कुमार सिंह ने बुधवार को सुजरा गांव में तालाब की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाए जा रहे मकान के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। श्री सिंह ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण का निरीक्षण किया और तुरंत प्रभाव से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू कराई।

इस दौरान मौके पर राजस्व विभाग और स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहा। अधिकारियों ने अवैध निर्माणकर्ताओं को चेतावनी दी कि तालाब की जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि तालाब और अन्य सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे सरकारी और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध निर्माण न करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# किसानों को फसल के कीट से बचाव की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव मे गन्ना किसानों को कीट से बचाव के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें किसानों की फसल में लगने वाली कीट से बचाव की जानकारी दी गयी।

ललियाना गांव में चन्द्रभान हवलदार के आवास पर किसानों की फसल में लगने वाले कीट से बचाव के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को कीट से बचाव की जानकारी दी जिसमे बोलते हुए जयपाल सिंह गन्ना प्रवेशक्षक ने कहा कि लाल सड़न रोग के बचाव के लिए और कीट से फसलों के बचाव के लिए समय समय पर जानकारी कर दवाईयों का स्प्रे करे और फसल को कीटो से बचाये। इस मौकें पर प्रवीण कुमार, अरुण यादव साहबानपुर, देवेंद्र हुड्डा मंसूरपुर, चौधरी कर्मवीर हुड्डा मंसूरपुर, अरुण कुमार ललियाना, चौधरी जगपाल, अनिरुद्ध, नरेंद्र प्रधान, डायरेक्टर सुनील कुमार, जोगिंदर यादव, राज. कुमार यादव, इंद्रपाल, राजवीर सैनी, आदि मौजूद रहे।



# पीड़ित परिवार ने एसपी से की हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिरसली के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र तोमर हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए एसपी से शिकायत की और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर केस का खुला. सा करने की मांग की है।

बुधवार को करीब साढे 11 बजे मिली जानकारी के अनुसार बिनौली थाना क्षेत्र के सिर. सली गांव के भूपेंद्र के मुताबिक गत 14 मई को सिरसली के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र तोमर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बिनोली थाना पर तहरीर देकर मुक. दमा दर्ज कराया था। आरोप है कि 14 दिन बीत जाने के बाद भी आरा. पियों की गिरफ्तारी नही हुई है। उन्होंने परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरो. पियों की गिरफ्तारी कर केस का राजफाश करने की मांग की है। इस मौके पर रविंद्र कुमार, सुभाष तोमर, सतेंद्र, ओमवीर सिंह, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



# हार्टफैल होने से बुजुर्ग महिला राजकली का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव बदरखा निवासी जीवन रक्षक मित्र चिकित्सा परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डा.जगत सिंह खोखर एवं भाजपा के मण्डल अध्यक्ष डा.देवेन्द्र खोखर की माताजी राजकली दवी पत्नी स्व.मास्टर राजपाल का 77 वर्ष की अवस्था में हार्टफैल होने से निधन हो गया है।



राजकली देवी पूर्णत: स्वस्थ थी अचानक शरीर में कम्पन, कमजोरी उत्पन्न हुई व उल्टियाँ लगी और हार्ट ने काम करना बन्द कर दिया। स्व. राजकली के परिवार में उसके दो बेटे डा.जगत सिंह खोखर, डा.देवेन्द्र खोखर, पुत्रवधु अनिता देवी, ब्रिजेश देवी, बेटी अमरेश देवी, मधु देवी और पौत्र परीक्षित, विकसित, व्योम,पौत्री निशू उनके निधन पर क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय, हिंदू युवा वाहिनी पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शौकेंद्र खोखर बदरखा, छपरौली चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह चौधरी धर्मपाल सिंह भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा.पवन शर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय आदि लोगों ने निधन पर गहरा दुख प्रकट किया।

# क्रान्तिकारियों के सिरमौर थे वीर सावरकर:शौकेंद्र खोखर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली रोड स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता करते हुए विश्व हिंदू महासंघ शिक्षक एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ भारत के राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि विनायक दामोदर साव. रकर का जन्म ग्राम भगूर (जिला नासिक, महाराष्ट्र) में 28 मई, 1883 को हुआ था। छात्र जीवन में इन पर लोकमान्य तिलक के समाचार पत्र 'केसरी' का बहुत प्रभाव पड़ा। इन्होंने भी अपने जीवन का लक्ष्य देश की स्वतन्त्रता को बना लिया। 1905 में उन्होंने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आन्दोलन चलाया। जब तीनों चाफेकर बन्धुओं को फाँसी हुई, तो इन्होंने एक मार्मिक कविता लिखी। फिर रात में उसे पढ़कर ये स्वयं ही हिचकियाँ लेकर रोने लगे। इस पर इनके पिता. जी ने उठकर इन्हें चुप कराया।

सावरकर सशस्त्र क्रान्ति के पक्षधर थे। उनकी इच्छा विदेश जाकर वहाँ से शस्त्र भारत भेजने की थी। अत: वे श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति लेकर ब्रिटेन चले गये। लन्दन का 'इंडिया हाउस' उनकी गतिविधियों का केन्द्र था। वहाँ रहने वाले अनेक छात्रों को उन्होंने क्रान्ति के लिए प्रेरित किया। कर्जन वायली को मारने वाले मदनलाल धींगरा उनमें से एक थे। उनकी गतिविधियाँ देखकर ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें 13 मार्च, 1910 को पकड़ लिया। उन पर भारत में भी अनेक मुकदमे चल रहे थे, अत: उन्हें मोरिया नामक जलयान से भारत लाया जाने लगा। 10 जुलाई, 1910 को जब वह फ्रान्स के मोर्सेल्स बन्दरगाह पर खड़ा था, तो वे शौच के बहाने शौचालय में गये और वहां से समुद्र में कूदकर तैरते हुए तट पर पहुँच गये। तट पर उन्होंने स्वयं को फ्रान्सीसी पुलिसकर्मी के हवाले कर दिया। उनका पीछा कर रहे अंग्रेज सैनिकों ने उन्हें फ्रान्सीसी पुलिस से ले लिया। यह अन्तरराष्ट्रीय विधि के विपरीत था। इसलिए यह मुकदमा हेग के अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय तक पहुँचा जहाँ उन्हें अंग्रेज शासन के विरुद्ध षडयन्त्र रचने तथा शस्त्र भारत भेजने के अपराध में आजन्म कारावास की सजा सुनाई गयी। उनकी सारी सम्पत्ति भी जब्त कर ली गयी। सावरकर जी ने ब्रिटिश अभिलेखागारों का गहन अध्ययन कर '1857 का स्वाधीनता संग्राम' नामक महत्वपूर्ण ग्रन्थ लिखा। फिर इसे गुप्त रूप से छपने के लिए भारत भेजा गया। ब्रिटिश शासन इस ग्रन्थ के लेखन एवं प्रकाशन की सूचना से ही थर्रा गया। विश्व इतिहास में यह एकमात्र ग्रन्थ था, जिसे प्रकाशन से पहले ही प्रतिबन्धित कर दिया गया। प्रकाशक ने इसे गुप्त रूप से पेरिस भेजा। वहाँ भी ब्रिटिश गुप्तचर विभाग ने इसे छपने नहीं दिया। अन्तत: 1909 में हालैण्ड से यह प्रकाशित हुआ। यह आज भी 1857 के स्वाधीनता समर का सर्वाधिक विश्वसनीय ग्रन्थ है। 1911 में उन्हें एक और आजन्म कारावास की सजा सुनाकर कालेपानी भेज दिया गया। इस प्रकार उन्हें दो जन्मों का कारावास मिला। वहाँ इनके बड़े भाई गणेश सावरकर भी बन्द थे। जेल में इन पर घोर अत्याचार किये गये। कोल्हू में जुतकर तेल निकालना, नारियल कूटना, कोड़ों की मार, भूखे-प्यासे रखना, कई दिन तक लगातार खड़े रखना, हथकड़ी और बेड़ी में जकड़ना जैसी यातनाएँ इन्हें हर दिन ही झेलनी पड़ती थीं। 1921 में उन्हें अन्दमान से रत्नागिरी भेजा गया। 1937 में वे वहाँ से भी मुक्त कर दिये गये। पर सुभाषचन्द्र बोस के साथ मिलकर वे क्रान्ति की योजना में लगे रहे। 1947 में स्वतन्त्रता के बाद उन्हें गांधी हत्या के झूठे मुकदमे में फँसाया गया। पर वे निर्दोष सिद्ध हुए। वे राजनीति के हिन्दूकरण तथा हिन्दुओं के सैनिकीकरण के प्रबल पक्षधर थे। स्वास्थ्य बहुत बिगड़ जाने पर वीर सावरकर ने प्रायोपवेशन द्वारा 26 फरवरी, 1966 को देह त्याग दी। ऐसे थे वीर सावरकर।



# किसान से लूट करने वाला बदमाश मुठभेड़ में घायल, साथी फरार

वही दूसरी ओर, दाहा गांव में एक किसान से 700 रुपये की मामूली रकम लूटने आए दो बदमाशों में से एक बुधवार को पुलिस की गोली से घायल हो गया।

25 मई को दाहा गांव निवासी किसान महक सिंह अपने खेत की ओर जा रहे थे। गैडबरा मार्ग पर बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रो. ककर तमंचा दिखाया और खेत में खींचकर पीटा। उन्होंने किसान से 700रुपये लूट लिए और फरार हो गए। किसान की तहरीर पर दोघट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और बुधवार सुबह गांगनौली-टीकरी मार्ग पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक सवारों को रोका। खुद को फंसता देख बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश अरविंद निवासी असारा के पैर में गोली लग गई। घायल को जिला अस्पताल भेजा गया। उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस अब फरार बदमाश की तलाश में दबिश दे रही है। मुठभेड़ में घायल बदमाश पर पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज होने की आशंका है।



# युवाओं को चौधरी साहब के जीवन से लेनी चाहिए प्रेरणा:ढाका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जिला पंचायत परिसर में स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर रालोद कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

इस दौरान रालोद नेता ओमवीर ढाका ने कहा कि चौधरी साहब ने पहले अंग्रेजी हुकूमत से आजादी की लड़ाई लड़ी और उसके बाद किसान, मजदूर व समाज के दवे-कुचले व अल्पसंख्यों की लड़ाई लड़ी। आज इस प्रदेश एवं देश में चौधरी साहब जैसे ईमानदार शिक्षित स्वच्छ छवि के नेता की एक बार फिर आवश्यकता है। उन्होने कहा कि युवाओं को चौधरी साहब के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर श्याम सिंह खोखर, योगेंद्र खोकर, कुंवर पाल हुड्डा, विक्रम पांचाल, सचिन, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।



# बुधवार अवकाश के दिन बडौत के बाजार रहे गुलजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में बुधवार अवकाश के दिन भी बाजार रहे गुलजार बड़ौत श्रमिक एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा ने बताया कि श्रमिक कार्यकर्ता लगातार बुधवार अवकाश की मांग को लेकर धरने पर दर्शन करते आ रहे हैं। मगर आज तक भी समस्या का पूर्ण रूप से समाधान नहीं हो पाया। बुधवार अवकाश होने पर श्रमिक कार्यकर्ता अवकाश से वंचित रह रहे हैं। उन्हें बुधवार के दिन भी दुकानों पर नौकरी करने के लिए जाना पड़ता है। श्रम परिवर्तन अधिकारी अनिल कुमार भदौरिया ने पिछले बुधवार को दुकानदारों के चालान काटकर दुकानदारों में हड़काम मचा दिया था। मगर आज बुधवार को श्रम परिवर्तन अधिकारी ने शहर में दुक. ानों का निरीक्षण तक भी नहीं किया। इसको लेकर बड़ौत श्रमिक एसोसिएशन ने आक्रोश जताया श्रमिक एसोसिएशन कानूनी सलाहकार शिक्षक नेता जितेंद्र तोमर ने कहा कि अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी लखनऊ जाकर इस मामले पर अवगत कराया जाएगा।

# मई माह में बारिश के चलते ईंट भट्टा को भारी नुकसान,ईंटों के दाम में 800 रुपये तक की बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ईंट भट्टा उद्योग पर पिछले 25 साल पर मई महीने के 25 दिन भारी पड़ गए। ऐसा पहली बार हुआ कि मई महीने में भट्टों पर ईंटें नहीं बनी। कच्ची ईंट बनकर सूखती है और बारिश होने से बर्बाद हो जाती है, अभी तक 70-80 करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। इससे ईंटों के दाम में 800 रुपये तक की बढ़ोतरी होने से लोगों पर इसका बोझ पड़ना शुरू हो गया।

बागपत में 403 ईंट भट्टे पंजीकृत है और यहां के लिए ईंट भट्टा उद्योग काफी अहम है। यहां के भट्टों से ईंट दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद में ज्यादा सप्लाई होती है। ईंट भट्टों को एक मार्च से 30 जून तक चलाया जाता है और इस बीच ही ईंट तैयार करके पूरे साल का स्टॉक कर लिया जाता है। इनमें मई महीना सबसे अहम माना जाता है और गर्मी में ईंट जल्दी सूखने के साथ ही आग में जल्दी पक जाती हैं। मगर इस बार यह मई का महीना ही भट्टा मालिकों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। यहां मई में अभी तक पांच बार आंधी और बारिश हो चुकी है। इससे कच्ची ईंटें पूरी तरह बर्बाद हो जाती है। इसलिए मई महीने में ईंटें नहीं बन रही हैं। ईंट भट्टा मालिक नीरज नैन का कहना है कि भट्टों पर ईंटें नहीं बन रही हैं और कच्ची ईंटों के बारिश से बर्बाद होने पर नुकसान अलग से हो रहा है। ईंटों का स्टॉक भी काफी कम था और वह भी खत्म होने लगा है। इसलिए सभी ने फैसला लिया कि ईंटों के दाम बढ़ा दिए जाए। इससे नुकसान की कुछ भरपाई होगी। सरकार को भी ईंट भट्टा उद्योग के लिए मदद की घोषणा करनी चाहिए।

**CHANGE OF DOB**

I, Jagwati Devi Mother of No. 16123847N Hav Umesh, Residing at Vill & Post Office Budhera, Dist- Baghpat (UP), Pin-250611, serving in 11 Engr Regt, C/o 99 APO, that I have changed my DOB from 05.07.1948 to 01.01.1960 vide affidavit Date.21.05.2025 Sworn Before Notary Baghpat (UP).

**सूचना**

हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र प्रविन्द्र व पुत्रवधू रूबी तथा पोत्र देव वैदवान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सुखपाल पुत्र पीतम व केला पत्नि सुखपाल निवासीगण धनौरा टीकरी थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

# पुलिस ने 50 हजार के इनामी को पकड़ा

## 2021 में 12 करोड़ का किया गबन, फर्जी दस्तावेज बनाकर 129 फ्लैट की कराई रजिस्ट्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर-63 पुलिस ने मंगलवार को लंबे समय से फरार चल रहे 50,000 रुपये के इनामी आरोपी प्रकाश झा को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सेक्टर-62 गोलचक्कर से गुप्त सूचना के आधार पर दबोचा गया। प्रकाश झा पर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से फ्लैट बेचने और करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार प्रकाश झा एससीसी बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-63 नोएडा में वर्ष 2011 से एक्जीक्यूटिव पद पर कार्यरत था। उसने अपने तीन साथियों नवनीत कौर, गौरव शर्मा और विशाल कटियार के साथ मिलकर कंपनी के फर्जी दस्तावेज (बीओआर) तैयार



किए और नियमों की अनदेखी कर फ्लैटों की बिक्री कर डाली।

इस धोखाधड़ी में करीब 12 करोड़ रुपये की राशि गबन की गई। घटना के सामने आने के बाद कंपनी के निदेशक द्वारा 10 अगस्त 2021 को थाना फेस-3 नोएडा में प्रकाश झा व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया गया।

**दिल्ली में रह रहा था:** मामला दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने प्रकाश झा की गिरफ्तारी के लिए सीआरपीसी की धारा 82-83 के तहत कुर्की की कार्यवाही की थी और उस पर 50,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तार आरोपी की उम्र 42 वर्ष है और वह मूलतः एल ब्लॉक, मंगोलपुरी, दिल्ली का निवासी है। वर्तमान में वह एकता अपार्टमेंट, मुंडका, दिल्ली में रह रहा था। पुलिस द्वारा पहले ही इस मामले में प्रकाश झा के तीनों साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**गोपनीय जानकारियां की लीक:** पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा कंपनी को ब्लैकमेल करने की नीयत से उसकी गोपनीय जानकारियां भी लीक की गई थीं। फिलहाल प्रकाश झा से पूछताछ जारी है और पुलिस उसके अन्य नेटवर्क व ठिकानों की भी जानकारी जुटा रही है।

# स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कारीगरों के विकास के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गौतमबुद्धनगर ने जनपद के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कारीगरों को बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कारीगरों के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना संचालित की गई है, जिसके तहत गौतमबुद्धनगर जिले के पारंपरिक कारीगर दर्जी, नाई, हलवाई, बढ़ई, राजमिस्त्री के आजीविका के साधनों को सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना के तहत कारीगरों को कौशल वृद्धि के लिए 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और प्रशिक्षण के बाद आधुनिक तकनीक पर आधारित उन्नत किस्म के टूल किट का वितरण प्रशिक्षार्थियों को किया जाएगा तथा लाभार्थियों को वर्तमान में संचालित मार्जिन मनी योजनाओं में ऋण वितरण की कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि योजना से लाभान्वित होने के लिए इच्छुक लाभार्थी ऑनलाइन वेबसाइट पर अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने उक्त योजना में पात्रता के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि योजना में प्रशिक्षण के लिए शैक्षिक योग्यता अनिवार्य नहीं है। आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए तथा उसकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए, योजना से लाभान्वित होने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि आवेदक ने केन्द्र सरकार या राज्य सरकार से पिछले 2 वर्षों में टूल किट के संबंध में कोई लाभ प्राप्त नहीं किया हो, योजना के अनुसार या उसके परिवार का कोई भी सदस्य केवल एक बार ही योजना में लिये आवेदन करने के लिए पात्र होंगे, परिवार का अर्थ पति एवं पत्नी से है। योजना के तहत पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने बताया कि योजना में पात्रता के लिए जाति एकमात्र आधार नहीं होगा, उक्त योजना के संबंध में आवेदक अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गौतम बुद्ध नगर में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

## स्वस्थ आहार के बारे में किया जागरूक

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में आज जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने आज ग्राम सलारपुर में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता का मूल्यांकन किया और पोषण संबंधी जानकारी और सेवाओं का भी निरीक्षण किया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने इस दौरान ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी स्वास्थ्य और पोषण संबंधी समस्याओं को सुना। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने और ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना और ग्रामीणों को स्वस्थ आहार के बारे में जागरूक करना था।

# ग्रेटर नोएडा में अवैध पेयजल प्लांट पकड़े गए

**बिल्सेरी और ब्लेसरी ब्रांड के नाम पर बेच रहे थे नकली पानी, 13 हजार बोतलें जब्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने दो अवैध पैकेज्ड पेयजल प्लांटों पर कार्रवाई की है। विभाग ने 27 मई 2025 को कासना इंडस्ट्रियल एरिया में छापेमारी की।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने कासना के ज्ञ-300, साइट 5 पर गुप्ता इंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया। यह प्लांट बिना खाद्य लाइसेंस के चल रहा था। यहां शबिल्सेरीश



ब्रांड के नाम से 1 लीटर की बोतलें पैक की जा रही थीं। टीम ने 6252 बोतलें जब्त कीं। एक नमूना जांच के लिए भेजा गया और 6236 बोतलें सीज कर दी गईं।

इसी दिन टीम ने कासना इंडस्ट्रियल एरिया के I 2/88, साइट 5 स्थित पैरामेट्रो वासर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड पर भी छापा मारा। यह प्लांट भी बिना लाइसेंस के चल रहा था। यहां ब्लेसरी ब्रांड के नाम से पानी की बोतलें पैक की जा रही थीं।

टीम ने 6856 बोतलें जब्त कीं। एक नमूना जांच के लिए भेजा गया और 6840 बोतलें सीज की गईं। दोनों प्लांट का संचालन रोक दिया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि सभी नमूने प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। विभाग का यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## कार ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में कोतवाली क्षेत्र स्थित रबूपुरा-झाजर मार्ग छोटा हाथी ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दंपति घायल हो गए लेकिन महिला को गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों ने झाझर के निजी अस्पताल में दोनों को भर्ती कराया। डाक्टरों ने गंभीर रूप से घायल महिला विमलेश को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रबूपुरा पुलिस ने बताया कि बुधवार दोपहर गाजियाबाद के डासना निवासी नरेश पत्नी विमलेश के साथ रबूपुरा के तिरथली गांव स्थित ससुराल से वापस लौट रहे थे। रास्ते में रबूपुरा-झाझर मार्ग पर गांव महमदपुर के पास तेज रफ्तार छोटे हाथी ने अनियंत्रित दंपति की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

## एक नजर

### लिफ्ट का एंगल टूटने से मैकेनिक की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कंपनी में लिफ्ट की मरम्मत करते समय एंगल टूटने से एक मैकेनिक की मौत हो गई। उसका साथी भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में कंपनी और लिफ्ट मालिक के खिलाफ फेज दो थाने में केस दर्ज हुआ है। बहराइच के मोतीपुर निवासी संदीप कुमार मौर्या ने शिकायत में बताया कि उनका भाई बैजनाथ मौर्य आजमगढ़ के बरदा निवासी जितेंद्र कुमार तिवारी के साथ लिफ्ट रिपेयरिंग का काम करता है। इसी साल 18 मार्च को बैजनाथ और जितेंद्र सेक्टर-88 के सी ब्लॉक स्थित एक कंपनी में लिफ्ट की मरम्मत करने गए थे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे लिफ्ट की मरम्मत करते समय एंगल टूट गया।

इससे लिफ्ट के ऊपर बंधी मोटर जितेंद्र और बैजनाथ के ऊपर गिरी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां चिकित्सकों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल बैजनाथ को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके भाई की चोट और जितेंद्र की मौत के लिए कंपनी के मालिक नरेश कुमार गर्ग और लिफ्ट सर्विस कंपनी के मालिक संजीव कुमार जिम्मेदार हैं। दोनों की लापरवाही से हादसा हुआ। शिकायतकर्ता के भाई का इलाज चल रहा था, इस कारण उसने अब शिकायत दी है।

### नोएडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर मिला लावारिस सूटकेस, मची अफरा-तफरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के थाना सेक्टर-24 क्षेत्र स्थित सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के नीचे सोमवार देर रात एक लावारिस सूटकेस मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और बम निरोधक दस्ते ने तत्काल क्षेत्र को घेर लिया और जांच शुरू की।

स्थानीय लोगों द्वारा बम की आशंका जताने पर सुरक्षा एजेंसियों ने सूटकेस को सावधानीपूर्वक खोला। जांच में पाया गया कि सूटकेस में कुछ कपड़े, चादर और खाने की प्लेटें थीं। इससे प्रतीत होता है कि यह सूटकेस किसी यात्री द्वारा भूलवश छोड़ा गया था।

थाना प्रभारी, सेक्टर-24 ने बताया कि सूटकेस में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। हालांकि, एहतियातन कुछ देर के लिए मेट्रो स्टेशन पर आवागमन रोक दिया गया था। सूटकेस मिलने की खबर से यात्रियों और आसपास के लोगों में काफी देर तक तनाव का माहौल रहा, लेकिन सूटकेस सामान्य पाए जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### गर्मी ने छुड़ाए शहरवासियों के पसीने बिजली की बढ़ी ज्यादा डिमांड

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** भीषण गर्मी में बिजली की मांग और खपत बढ़ी है। बीते वर्ष के मुकाबले इस बार 100 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की मांग दर्ज की गई है। आगे के दिनों में यह खपत और बढ़ने का अनुमान है। मौजूदा समय में बिजली की मांग 2600 मेगावाट तक पहुंच गई है, जो बीते वर्ष के सर्वाधिक 2500 मेगावाट के रिकार्ड को पीछे छोड़ चुकी है।

बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ने आशंका है। जिसके चलते मांग में और इजाफा होने की उम्मीद है। बीते पांच वर्षों में बिजली की मांग में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसका सबसे बड़ा कारण शहर के बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिक गतिविधियों में बढ़ोतरी को माना जा रहा है। वर्ष 2020 में नोएडा में बिजली की मांग करीब 1600 मेगावाट थी। 2025 में यह बढ़कर 2600 मेगावाट तक पहुंच गई है। इस तेज वृद्धि के पीछे कई कारण हैं। नोएडा में तेजी से बढ़ रही जनसंख्या, नए आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं का विकास, और गर्मी के मौसम में एयर कंडीशनर जैसे बिजली उपकरणों का अत्यधिक उपयोग प्रमुख हैं। इसके अलावा, औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ती गतिविधियों ने भी बिजली की खपत को बढ़ाया है। विद्युत नगरीय वितरण खंड के अधिकारियों का कहना है कि मांग में इस वृद्धि को पूरा करने के लिए विभाग ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं, नगरीय विद्युत वितरण के कर्मचारियों का बुरा हाल है। स्थानीय विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर के कमजोर होने के कारण पर्याप्त बिजली मौजूद होने के बावजूद उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग और बिजली कटौती जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्रों में बिजली कटौती की अधिक शिकायतें भी सामने आ रही हैं, जिसे दूर करने के लिए विभाग लगातार काम कर रहा है।

### इनकम टैक्स ने भेजा करोड़ों को नोटिस

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-18 स्थित आभूषणों की दुकान में नौकरी करने वाले व्यक्ति को इनकम टैक्स विभाग का दो करोड़ 36 लाख रुपए का नोटिस मिलने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-20 पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में पता चला है कि पीड़ित के पैनकार्ड का प्रयोग कर दिल्ली में एक कंपनी चल रही है। इसमें गड़बड़ी के बाद उन्हें यह नोटिस दिया गया। 20 साल से आभूषणों की दुकान पर नौकरी करने वाले मदन कुमार ने बताया कि इनकम टैक्स विभाग का उन्हें जब नोटिस मिला तो वह सन्न रह गए। नोटिस आने के बाद पता चला कि दिल्ली के राजेंद्र नगर में चल रही एक कंपनी में आयकर की गड़बड़ हुई। यह कंपनी उनके पैनकार्ड पर चल रही है। करोड़ों के घपले के मामले में इनकम टैक्स की तरफ से उन्हें 2 करोड़ 36 लाख रुपए का नोटिस भेजा गया।

# नोएडा में चार नए कोरोना के मरीजों की पुष्टि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बुधवार को कोरोना संक्रमित चार नए मरीजों की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की। सभी मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। इससे पहले मंगलवार को 5 सोमवार को 9 मरीजों में कोरोना की पुष्टि की गई थी। वहीं शनिवार को एक महिला में कोरोना की पुष्टि की गई थी। कुल मिलाकर नोएडा में 19 सक्रिय मामले सामने आए है। बीमारी की पुष्टि के सात दिन बाद इनकी दोबारा जांच की जाएगी। इसमें 11 महिलाएं और 8 पुरुष शामिल है।

चार नए मरीजों में भी कोरोना के हल्के लक्षण है। इन सभी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। इनकी निगरानी की जा रही है। जरूरत पड़ने पर इनको अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। इन सभी की उम्र 24 साल से 71 साल तक के मरीज है। सभी में हल्के लक्षण है। जिनका होम आइसोलेशन में इलाज किया जा रहा है। जरुरत पड़ने पर जिला अस्पताल में बेड रिजर्व है। इनके संपर्क में आने वाले किसी भी व्यक्ति में कोरोना संक्रमण के लक्षण नहीं हैं। लिहाजा, इनकी जांच के लिए नमूने नहीं लिए गए हैं। लक्षण आने की स्थिति में इनकी भी कोरोना संक्रमण की जांच की जाएगी। सभी में बीमारी की पुष्टि निजी लैब या अस्पताल ने की है। साथ ही इन सभी कि ट्रैवल हिस्ट्री खंगाली जा रही है।

**जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे सैंपल:** इन मरीजों में से एक मरीज दो दिन तक निजी अस्पताल में भर्ती था। अब वह भी होम आइसोलेशन में है। तीन दिन पहले शनिवार को एक 55 साल की महिला कोरोना संक्रमित मिली थी।

## कूलर में दौड़ रहा था करंट, सात साल के बच्चे की हो गई दर्दनाक मौत

**ग्रेटर नोएडा।** रबूपुरा कस्बे के मौहल्ला आजाद नगर में कूलर के करंट की चपेट में आने से सात वर्षीय मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। कस्बे के मौहल्ला आजाद नगर निवासी आसिफ का पुत्र अबू बकर शाम साढ़े सात बजे अन्य बच्चों के साथ घर के अंदर खेल रहा था। घर पर कूलर भी चल रहा था। अचानक खेलता हुआ बच्चा कूलर के पास पहुंच गया।बच्चा कूलर में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। बच्चे के कूलर की चपेट में आने से घर के परिजन ने उसे नजदीकी चिकित्सक के पास ले गए। जहां पर गंभीर हालत को देखते उसे पास के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां से बच्चे को झाझर के अस्पताल के लिए ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। बच्चे की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक भूखंडों का डाटा तैयार होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर-29 में हस्तशिल्प, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग योजना (एमएसएमई) के अंतर्गत नियोजित और गैर आवंटित भूखंडों का डाटा तैयार किया जाएगा। वर्तमान में स्थल पर उपलब्ध और कब्जा प्राप्त भूखंडों की सूची तैयार कर नई योजना में शामिल करने का फैसला लिया गया है। प्राधिकरण ने एक अधिकारी ने बताया कि शहर में करीब 11 अलग अलग क्षेत्रों में फ्लैटेड फैक्टरी बनाने की तैयारी चल रही है। इनमें हस्तशिल्प और एमएसएमई भी शामिल हैं, ताकि नए और छोटे व्यापारी को किराये पर फैक्टरी देकर उद्योग शुरू कराया जा सके।

फ्लैटेड फैक्टरी मुख्य रूप से उन कंपनियों को किराए पर दी जाती है, जो बड़े औद्योगिक प्लॉट खरीदने का खर्च नहीं उठा सकतीं। ये फैक्टरियां छोटे व्यवसायों, विशेष रूप से स्टार्टअप को न्यूनतम पूंजी के साथ संचालन स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है। एमएसएमई बड़े उद्योगों के लिए बेहद जरूरी है। चूंकि, अभी शहर में छोटे उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए कोई योजना तैयार नहीं है। साथ ही एयरपोर्ट और फिल्म सिटी आने से शहर में जमीन के दाम आसमान पर हैं। ऐसे में छोटे उद्यमियों के लिए यहां भूखंड खरीदना काफी महंगा है। सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए 1.4 एफएआर के साथ 240 यूनिट की फ्लैटेड फैक्टरी के लिए आरएफपी भी जारी हो गई। हस्तशिल्प और एमएसएमई के लिए भी यह परियोजना शुरू की जा सके, ऐसे में प्राधिकरण ने उद्योग विभाग से सेक्टर-29 में इन दोनों श्रेणी में खाली भूखंडों का विवरण मांगा है, ताकि वर्तमान स्थिति के अनुसार यहां नई योजना तैयार की जा सके।

**इन श्रेणियों में फ्लैटेड फैक्टरी बनेगी:** शहर में ज्यादा से ज्यादा उद्योगों को गति देने के लिए यीडा मेडिकल डिवाइस और इलेक्ट्रोनिक पार्क के अलावा अपेरल पार्क, हस्तशिल्प पार्क, एमएसएमई पार्क, टाय पार्क, सेमीकंडक्टर, आईटी पार्क, डाटा सेंटर पार्क, ईवी पार्क और एविएशन जैसे क्षेत्रों में भी छोटे उद्यमियों को प्लेटफार्म देने के लिए यह योजना तैयार कर रहा है। यहां पर करीब तीन हजार फ्लैटेड फैक्टरी बनाई जा सकेगी।

**औद्योगिक विकास के लिए भूमि अधिग्रहीत होगी:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भी इस वर्ष शहर में अधिक भूमि अधिग्रहण के अपने अभियान को और तेज करने की योजना बना रहा है। प्राधिकरण ने अब तक आठ नए औद्योगिक सेक्टरों में कुल 2,222 एकड़ में से 57 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण कर लिया है। प्राधिकरण का कहना है कि औद्योगिक विकास को गति देने के लिए भूमि अधिग्रहण आवश्यक है। वह किसानों से बातचीत कर उन्हें उचित मुआवजा और पुनर्वास पैकेज प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। यहां नई कंपनियां तैयार की जाएगी, ताकि क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।

# जनपद में मनाया गया विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस

## मुख्य सत्र में डॉक्टर और विषय विशेषज्ञ ने महावारी स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी की साझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर नट की मंडिया गांव में स्वाभिमान टीम द्वारा होंडा इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीडीपीओ संध्या सोनी, काशीराम हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, विषय विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में गांव की महिलाओं और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य सत्र में डॉक्टर और विषय विशेषज्ञ ने माहवारी स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और बताया कि इस दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना क्यों आवश्यक है। प्रतिभागियों को बताया गया कि



अस्वच्छता से स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ सकता है और किस प्रकार स्वच्छता अपनाकर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है।

सत्र के दौरान किशोरियों के लिए जीवन कौशल (लाइफ स्किल) सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें माहवारी से जुड़े मिथकों को तोड़ते हुए वैज्ञानिक और स्वास्थ्य आधारित जानकारी दी गई।

किशोरियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने माहवारी से जुड़ी सामाजिक झिझक और भ्रांतियों को प्रभावशाली ढंग से उजागर किया। इसके अतिरिक्त पोस्टर प्रतियोगिता और प्रभावशाली कहानी(इम्पैक्ट स्टोरीज) का भी आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया।

कार्यक्रम के अंत में सीडीपीओ, डॉक्टर और विषय विशेषज्ञ ने अपने विचार साझा किए और स्वच्छता अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। स्वाभिमान टीम ने सभी अतिथियों एवं लाभार्थियों का आभार प्रकट किया और प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए।

यह आयोजन न केवल माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि किशोरियों को आत्मविश्वास और जानकारी से सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# एसी में आग लगने पर बच्चियों ने भागकर जान बचाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित आस्था ग्रीन सोसाइटी में बुधवार को फ्लैट के अंदर एसी में आग लग गई। पूरा एसी जलकर पिघल गया। कमरे में मौजूद बच्चियों ने बाहर भाग कर जान बचाई। आरोप है कि घटना के दौरान आग से बचाव के उपकरण ने काम नहीं किया। सोसाइटी के टावर 4 के फ्लैट नंबर 103 में प्राशिक अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह वह काम पर चले गए। घर पर पत्नी के अलावा आठ साल और चार महीने की दो बच्ची थी।

सुबह 11 बजे कमरे के अंदर एसी के अंदर से तेज आवाज आई और धुआं निकालने लगा। इसके बाद आग लगनी शुरू हो गई। इस घटना के दौरान कमरे में दोनों बच्चियां ही थीं। एसी में आग लगने पर आठ साल की बच्ची ने समझदारी दिखाते हुए छोटी बहन को गोदी में उठाकर बाहर की तरफ भाग गई। वहीं, पत्नी को घटना का पता चलने पर उसने तुरंत बिल्डर प्रबंधन को कॉल किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद सोसाइटी ग्रुप में मैसेज किया, तब जाकर बिल्डर के कर्मचारी मदद के लिए आए। तब तक एसी पूरी तरह जल चुका था और पिघलकर नीचे रखी अलमारी के ऊपर गिर रहा था। बिल्डर प्रबंधन के कर्मचारियों ने जले हुए एसी को उठाकर एक तरफ रख दिया। अभी आग लगने की वजह का पता नहीं चल सका है। प्राशिक ने बताया कि फ्लैट में जहां एसी लगा है, उसके ऊपर ही फायर स्प्रिंकलर लगा हुआ है। एसी में आग लगने और धुआं निकलने के बावजूद स्प्रिंकलर ने काम नहीं किया। स्प्रिंकलर भी जल गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल्डर प्रबंधन के लगाए गए सभी उपकरण बेकार हो चुके हैं।

# नोएडा फिल्म इंस्टीटटूट में यूपी के युवाओं को मिलेगी वरीयता

**एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स का मिलेगा प्रशिक्षण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे के पास प्रस्तावित इंटरनेशनल फिल्म सिटी में एक मॉडर्न फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी। राज्य के युवाओं, खासकर यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और इसके आसपास के युवाओं के लिए सुनहरे अवसर लेकर आएगा। इस इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स, कैमरा ऑपरेशन, लाइटिंग, फैशन, मीडिया और मास कम्युनिकेशन जैसे विविध कोर्सेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। खास बात यह है कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को फिल्म सिटी में ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली यह इंटरनेशनल फिल्म सिटी 230 एकड़ में पहले चरण के तहत विकसित की जा रही है, जिसमें 1,510 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के कंसोर्सियम बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रालि द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण करने जा रही है। निर्माण के पहले चरण में आगामी तीन साल के अंदर विभिन्न स्टूडियो और फिल्म इंस्टीट्यूट का निर्माण संपन्न होगा। कंपनी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह फिल्म इंस्टीट्यूट अपनी तरह का अनोखा होगा। पहले चरण में 3 लाख स्क्वायर फीट क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाएगा। इंस्टीट्यूट में आधुनिक




तकनीकों से सुसज्जित कक्षाएं, स्टूडियो, एडिटिंग सुइट्स और वीआर लैब होंगे। छात्रों को वास्तविक फिल्म परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव प्रदान किया जाएगा, साथ ही नवीनतम फिल्म तकनीकों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

**स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता, मिलेंगे रोजगार के अवसर:** राजीव अरोड़ा ने कहा कि इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण और रोजगार दोनों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। खास तौर पर यमुना एक्सप्रेसवे और इसके आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को पहली वरीयता मिलेगी, जबकि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों के युवा भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि मुंबई से स्टाफ लाने की तुलना में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार देना अधिक किफायती होगा, जिससे फिल्म सिटी में ही स्टूडियो, प्रोडक्शन और अन्य क्षेत्रों में नौकरियां होंगी।

**पाठ्यक्रम और प्रोडक्शन हाउस से साझेदारी:** इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्टोरी राइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, कैमरा ऑपरेशन, लाइटमैन, स्पॉट ब्वॉय, वीएफएक्स, फैशन और मास कम्युनिकेशन जैसे कोर्सेज उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, फिल्म म्यूजिक से संबंधित प्रशिक्षण और सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। प्रोडक्शन हाउस के साथ साझेदारी के माध्यम से कार्यशालाएं, इंटर्नशिप और गेस्ट लेक्चर्स का आयोजन होगा।

जिससे छात्रों को इंडस्ट्री के दिग्गजों से सीखने का मौका मिलेगा। फिल्म सिटी में फिल्मों के प्रीमियर आयोजित करने की व्यवस्था होगी, ताकि प्रोडक्शन हाउस को अपनी फिल्में लॉन्च करने के लिए अन्य शहरों में भटकना न पड़े। इसके साथ ही, फिल्मों, स्क्रिप्ट्स और अकादमिक सामग्री से युक्त एक समग्र संसाधन केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र छात्रों और फिल्म निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करेगा।

**फिल्म महोत्सव और छात्र सहभागिता:** इंस्टीट्यूट में फिल्म महोत्सवों, प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। ये आयोजन न केवल छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देंगे, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री में नेटवर्किंग और एक्सपोजर भी प्रदान करेंगे। फिल्म इंस्टीट्यूट के कैंपस में छात्रों के लिए छात्रावास, कैफेटेरिया, स्वास्थ्य केंद्र और मनोरंजन क्षेत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

ये सुविधाएं छात्रों को एक आरामदायक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करेंगी, जहां वे अपनी पढ़ाई और रचनात्मकता पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह फिल्म इंस्टीट्यूट न केवल युवाओं के लिए रोजगार और प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को फिल्म निर्माण और मनोरंजन उद्योग का एक प्रमुख हब भी बनाएगा।

# पुलिस चौकी के सामने दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को जगनपुर पुलिस चौकी के सामने दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में दोनों पक्षों के 8 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जगनपुर गांव के दो पक्षों में बुधवार सुबह किसी बात को लेकर विवाद हुआ। दोनों पक्ष अपनी शिकायत लेकर पुलिस चौकी जा रहे थे। चौकी के सामने पहुंचते ही दोनों पक्षों में फिर विवाद शुरू हो गया। इसके बाद दोनों तरफ के लोग लाठी-डंडे लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। घटना के दौरान वहां से गुजर रहे लोगों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक पुलिसकर्मी भी दिख रहा है, जो मारपीट की वीडियो बना रहा था। पुलिस ने कहा है कि मामले को संज्ञान में लेकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# वाहनों से तेल चोरी करने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस की चैकिंग के दौरान हाईवे किनारे खड़े वाहनों से तेल चोरी करने वाले बदमाशों से मुठभेड़ गई। क्रॉस फायरिंग में पुलिस की बदमाश के पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने एक घायल सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस क्षेत्रधिकारी वरुण मिश्रा ने बताया कि थाना प्रभारी सुमित तोमर अपनी टीम के साथ सिखेड़ा अंडरपास पर चैकिंग कर रहे थे। तभी पुलिस को हापुड़ की तरफ से एक आईसर कैन्टर आता दिखाई दिया। पुलिस ने ज़ब आईसर कैन्टर को रुकने का इशारा किया तो पुलिस को देख बदमाश भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में पुलिस की गोली लगने से बदमाश वसीम पुत्र इस्तेयाक निवासी थाना जानी जनपद मेरठ घायल हो गया। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद बदमाश के तीन अन्य साथी गुलफाम पुत्र जिलेदार, समानू पुत्र नजीर व हाशिम पुत्र फारूख को भी गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश हाइवे किनारे खड़े वाहनों से मौका पाकर तेल चोरी व लूट की घटना को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने बदमाशों से कब्ज़े से तीन अवैध तमंचे, ज़िंदा कारतूस, खोखा कारत. ूस, तेल चोरी करने के उपकरण एवं घटना में प्रयुक्त एक आयसर कैन्टर बरामद किया है। पुलिस क्षेत्रधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश शातिर किस्म के अपराधी है जिनके खिलाफ जनपद हापुड़ में करीब एक दर्जन से अधिक आपरा. धिक मुकदमे दर्ज है। फिलहाल पुलिस अन्य जनपदों व थानों से बदमाशों का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है।






# प्रधानों व सचिवों को कार्बन न्यूट्रल एवं ओएसआर पर दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उपनिदेशक पंचायत मेरठ मंडल, मेरठ के निर्देशन में जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर डीपीआरसी हापुड़ पर बुधवार को आयोजित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत कार्बन न्यूट्रल एवं ओएसआर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद गौतमबुद्धनगर एवं हापुड़ के समस्त प्रधानों एवं सचिवों को कार्बन न्यूट्रल एवं स्वयं के आय के स्रोत ओएसआर के विषयों पर मास्टर ट्रेनर सुशील कुमार शर्मा, पिंकी शर्मा एवं डा. दीपक सिंह, वरिष्ठ फैकल्टी/सहप्र. बंधक, डीपीआरसी, हापुड़ द्वारा विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक व वरिष्ठ फैकेल्टी उपस्थित रहे। कार्बन न्यूट्रल पर जानकारी देते हुए कहा कि अपने ग्राम पंचायत को हमें स्वच्छ सुंदर एवं कार्बन रहित ग्राम पंचायत बनाना है जिसके लिए पेड़ लगाना, प्लास्टिक का प्रयोग बंद करना, नवीनीकरण ऊर्जा स्रोतों का उपयोग आदि विषयों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों द्वारा सत्र के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार जनपद बुलंदशहर, हापुड़ एवं गौतमबुद्धनगर के प्रधानों एवं सचिवों का कार्बन न्यूट्रल एवं ओएसआर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन किया गया।



# जनसुनवाई के कार्यक्रम में की गई हिंसा से पीड़ित 15 महिलाओं की जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत की अध्यक्षता में तहसील धौलाना सभागार कक्ष में जनसुनवाई के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद में हिंसा से पीड़ित 15 महिलाओं की जनसुनवाई की गई।

जनसुनवाई के दौरान पारिवारिक विवाद, दहेज उत्पीड़न, मारपीट संबंधित, महिलाओं के केस आए। जिनका राज्य महिला आयोग सदस्य द्वारा संबंधित थानों के प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं साथ ही शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में उप जिलाधिक. ारी, धौलाना, क्षेत्राधिकार पिलखुवा, प्रतिनिधि मुख्य चिकित्साधिकारी, महिला थाना प्रभारी, प्रतिनिधि जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, के साथ समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद मनीषा अहलावत द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय धौलाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान विद्यालय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। इसके बाद उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलाना का भी निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उन्होंने साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां की उपलब्धता, स्वच्छ पेयजल साफ-सफाई एवं मरीज की सही से देखभाल करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ जिला प्रोवेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक, अमित संरक्षण अधिकारी, सोनिया प्रभारी वन स्टॉप सेंटर के साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# जमीनी विवाद को लेकर भिड़े दो पक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के नयागांव इनायतपुर में ज़मीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

गांव निवासी नीरोत्तम ने थाने पर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि करीब एक माह पूर्व अपने ही गांव के हरप्रीत पुत्र हेतराम की जमीन का सौदा गांव के ही धर्मेंद्र पुत्र हेतराम को कराया था। इसी बात से राकेश पुत्र हेतराम निवासी नयागांव इनायतपुर सबक सिखाने की धमकी देता चला आ रहा था। आरोप है कि ज़ब पीड़ित ग्राम प्रधान के घर पर बैठा हुआ था तभी आरोपी राक. ेश, धर्मेंद्र घर में जबरदस्ती अंदर घुस आए और गाली गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। संबंधित मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जाँच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।



## एक नजर

### चैकिंग के दौरान अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है।

थाना सिंभावली प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि पुलिस द्वारा बड्डा नहर पुल के पास चैकिंग की जा रही रही। चैकिंग के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा संदिग्ध युवक को रो. ककर उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत युवक को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने युवक के पास से अवैध चाकू बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### नई जिंदगी वेलफेयर ट्रस्ट ने संगठन का किया विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नई जिंदगी वेलफेयर ट्रस्ट, एक गैर-सरकारी संगठन, जो समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करती है जिसने अपने संगठन का विस्तार किया है। संगठन ने जिला स्तर पर टीम गठित की है जो समाज के विभिन्न वर्गों की सेवा करेगी।

मिली जानकारी के अनुसार नई जिंदगी वेलफेयर ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। संगठन का मानना है कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करने से ही देश का विकास संभव है। नई जिंदगी वेलफेयर ट्रस्ट की जिला स्तरीय टीम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। टीम का नेतृत्व अनुभवी व्यक्तियों द्वारा किया नई जिंदगी वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष शराफत सैफी ने जिसमें जिला अध्यक्ष पद पर अरशद खान, कोषाध्यक्ष सलमान, जिला नगर अध्यक्ष शाहनवाज जिला उपसचिव शादाब खान, सचिव पद पर मोहम्मद हाशिम उपाध्यक्ष गयासुद्दीन मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अनस जिला सयुक्त सचिव पद पर मोहम्मद बिलाल नईम और मेरठ से जिला अध्यक्ष आरिफ सैफी को जिम्मेदारी दी गई जो समाज सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि नई जिंदगी वेलफेयर ट्रस्ट का विस्तार समाज सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### प्रतिबंधित पशु कटान करने के मामले में न्यायलाय ने दोषी को सुनाई सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा प्रतिबंधित पशु कटान करने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया गया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2009 में आरोपी गुफरान द्वारा प्रतिबंधित पशु कटान करने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना गढ़मुक्तेश्वर पर गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम दर्ज किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को न्यायालय द्वारा साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर प्रतिबंधित पशु कटान करने के मामले में न्यायलय ने गुफरान पुत्र हनीफ निवासी चक फाजलपुर थाना कुंदरकी जनपद मुरादाबाद को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 21 दिवस व 3,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### घर से भागे प्रेमी युगल को परिजनों ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मेरठ मार्ग पर सड़क किनारे खड़े एक युवक और युवती को एक युवक ने पकड़ लिया। युवक के द्वारा पकड़े जाने पर दोनों भागने लगे। युवक ने शोर मचाया तो राहगीरों ने उनको पकड़ लिया। मामले की जानकारी पर कोतवाली पुलिस आ गई। पुलिस दोनों को कोतवाली लेकर पहुंची। वहां युवक ने बताया कि युवती उसकी बहन है और युवक उसका पड़ोसी गांव निवासी है। दोनों सुबह घर से निकाल गए थे। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

### लोन दिलाने को लेकर 35 हजार ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के तहसील मार्ग निवासी उस्मान ने बताया कि उसको नगर निवासी दो युवक मिले। दोनों ने उसको एक प्राइवेट कंपनी से ऋण दिलाने की बात कहीं। पीड़ित उनकी बातों में आ गया। उसके बाद आरोपियों ने उससे अलग अलग खर्चा के नाम पर 35 हजार रुपये की ठगी कर ली अब पीड़ित उनसे अपने रुपये वापस मांग रहा है तो आरोपी उसको धमकी दे रहे है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चोरी के 50 सीमेंट के कट्टे के साथ सप्लायर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने रोड़ी, डस्ट, सीमेंट सप्लायर करने को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से चोरी के सीमेंट के 50 कट्टे व घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद किए है।

पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पिलखुवा पुलिस द्वारा रोडी, डस्ट, सीमेंट सप्लायर टीकम सिंह पुत्र श्रीराम सिंह निवासी ग्राम गालन्द को अर्पित रोडी डस्ट सीमेंट सप्लायर दुकान से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी के सीमेंट के 50 कट्टे व घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद हुआ हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार व्यापारी टीकम सिंह ने पुलिस पूछताछ में बताया कि गांव गालन्द के मनोज कुमार और गाजियाबाद लोहामंडी के पास किसी कंपनी में ठेकेदार किशनपाल चोरी का सीमेंट उसे सस्ते दाम में बेचते थे। जिसे वह खरीदकर ज्यादा कीमत पर बेच देता था। फिलहाल पुलिस ने व्यापारी को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से चोरी के 50 कट्टे व घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद किया है।





# प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत बनाए गए आयुष्मान कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशों के क्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वर्ग आश्रम रोड पर गांव दोमी में स्थित वृद्ध आश्रम में 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों के कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि जनपद में योजना में चिन्हित समस्त लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं जिसमें लाभार्थी को अस्पताल में भर्ती होने पर सरकार द्वारा 5 लाख रूपये का मुफ्त इलाज दिया जाता है। जनपद में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत चिन्हित समस्त लाभार्थी एवं 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिक प्रत्येक गांव के सचिवालय में पंचायत सहायक के द्वारा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के द्वारा, जन सेवा केंद्र पर जाकर अपने आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 22 अस्पताल सूचीबद्ध हैं एवं समस्त सरकारी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। जनपद में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध किसी भी अस्पताल में जाकर अपनी बीमारी का इलाज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिक एवं योजना में चिन्हित समस्त लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाए जाएंगे।



# भाकियू ने विधुत आपूर्ति बाधित होने को लेकर बिजलीघर पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन के तत्वाधान में यूनियन के युवा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी के नेतृत्व में वझीलपुर बिजलीघर पर धरना दिया गया।

ज्ञानेश्वर त्यागी ने बताया कि 10 दिन पहले बारिश व तूफान के कारण बिजली की लाईन व खंबे क्षतिग्रश्त हो गये थे जिसके कारण किसानो को कृषि में अन्य फसलों के अलावा धान की पौध की रोपाई बहुत ज्यादा प्रभावित हुई है। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने धरने को अपना पूर्ण समर्थन दिया और बताया कि इस बिजलीघर से दौयमी, धनौरा, वझीलपुर, खड़खड़ी, असरा, मुरादपुर निजामसर, श्मामपुर, रजपुरा, पीरनगर सूदना आदि गांवों की विधुत आपूर्ति बिल्कुल ठप्प हो गई और चेतावनी दी कि अगर दो दिन में ट्यूबैलो की बिजली आपूर्ति चालू नहीं होती है तो हापुड़ में बडा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। धरने की सूचना मिलते ही एक्सईएन आशीष कौशल व अवर अभियंता प्रमोद कुमार व थाना देहात के प्रभारी मनोज कुमार मय फोर्स के वझीलपुर बिजलीघर पहुचें और दो दिन बाद लाईन व खंबे ठीक कराकर बिजली आपूर्ति चालू करवाने का आश्वासन दिया जिसे बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। इस दौरान धर्मवीर त्यागी, बबलू प्रधान, सचिन त्यागी, निर्दोश कुमार, मुकेश त्यागी, जुग. मेंद्र सिंह, मनवीर चौधरी, श्यामकिशोर त्यागी, हिमांशु गुर्जर, डा. मनजीत, मंयक चौधरी विपिन त्यागी, कुलदीप राठी, विकास नम्बरदार, दीपक त्यागी व सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



# परिवार को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने एक परिवार को बम से उड़ने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो में एक युवक एक परिवार को बम से उड़ने की धमकी देता हुआ नजर आ रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गढ़मुकतेश्वर पुलिस क्षेत्र अधिकारी वरुण मिश्रा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था जिसमें एक युवक द्वारा एक परिवार को बम से उड़ने की धमकी दी जा रही थी। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी की पहचान करते हुए क्षेत्र के गांव बदरखा निवासी आरा. ेपी युवक मारूफ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का माहौल खराब करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर पेनी नजर रखी जा रही है। माहौल खराब करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# सेवादल यंग ब्रिगेड के नवनियुक्त पदाधिकारियों का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पीरबहाउद्दीन निवासी निसार पठान खान को सेवादल यंग ब्रिगेड का प्रदेश महासचिव, अतिकूर रहमान सैफी को सेवादल यंग ब्रिगेड का जिला मुख्य संगठक और संदीप कुमार को सेवादल यंग ब्रिगेड का शहर मुख्य संगठक नियुक्त किए जाने पर हापुड़ कांग्रेस जनों ने बधाई दी और दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर पहुंचकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया हैं। उन्होंने कहा हैं कि सेवादल कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी हैं।

सेवादल के नवनियुक्त पदा. धिकारी कांग्रेस को संजीवनी देने का काम करेंगे। बधाई देने वालो में जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी, पूर्व धौलाना प्रत्याशी अरविंद शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी पंडित नरेश चंद गौतम, रीना शर्मा, पूर्व सभासद ऐजाज अहमद, नरेश भाटी, गौरव गर्ग, नितिन, हिमांशु, बलवीर सिंह, सादिक कुरैशी, मुजम्मिल मलिक आदि मौजूद रहे।



# सात दिवसीय समर कैंप के समापन पर बच्चों को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के दिल्ली रोड अर्जुन नगर चमरी स्थित वीएबी पब्लिक स्कूल में चल रहे सात दिवसीय समर कैंप का समापन बुधवार को बड़े धूमधाम से किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विजेंद्र आदर्श इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिरोही विजेंद्र आदर्श बाल पब्लिक स्कूल से प्रधानाचार्य रीना पंवार, निदेशक मनीष कुमार मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अभिलाष सिंह व ऐसोसिएट प्रोफेसर पिंकी सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समर कैंप का समापन किया।

निदेशक मनीष कुमार ने बताया आयोजित समर कैंप में प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी विद्यार्थियों ने समर कैंप में होने वाली सभी एक्टिविटी में बढ़ चढ़कर भाग लिया। नर्सरी से कक्षा पंचम तक ड्राइंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें अतुल, वंश, वंशिका, नैतिक, हर्षित, लक्की, शिवम ने सुंदर प्रस्तुति की इस दौरान बच्चों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर सहाना, इंचार्ज निर्मला शर्मा एवम अनीत, बंदना, बीना गोयल, अंजलि, रिजा त्यागी, निशा चौधरी, दिव्यांश त्यागी आदि ने प्रोग्राम को सफल बनाने में विशेष सहयोग किया।




## आवश्यकता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

चांद मियां

जिला प्रभारी, शाह टाइम्स

जनपद हापुड़

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालयः- अबेंडकर चौक हापुड़

# सिवालखास से नदीम चौहान ने किया मिशन 2027 का चुनावी आगाज

## बसपा से लड़ चुके हैं विधानसभा चुनाव, अखिलेश का संदेश लेकर शुरू किया प्रचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूर्व में सिवालखास विधानसभा से चुनाव लड़ने वाले नदीम चौहान जब से समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं तब से वह सिवालखास विधानसभा के अंदर अखिलेश का संदेश लेकर घूम रहे हैं और पीडीए की नीति और नियत के बारे में क्षेत्र की जनता को विस्तार से बता रहे हैं। नदीम चौहान एक लंबे समय से क्षेत्र की सियासत से जुड़े हैं। वह छात्र जीवन से ही क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर रहे हैं जिसके चलते उन्हें बसपा ने भी विधानसभा के लिए चुना था। इस बार वह पूरी ताकत के साथ मिशन 2027 को लेकर क्षेत्र में घूम रहे हैं। नदीम चौहान का कहना है कि वह अखिलेश यादव का संदेश लेकर और समाजवादी पार्टी की नीतियों को लेकर गांव गांव और घर-घर जा रहे हैं क्योंकि अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही उत्तर प्रदेश न सिर्फ तरक्की कर सकता है बल्कि जिस तरीके का सां. प्रदायिक तनाव भाजपा सरकार में फैला है वह तनाव समाजवादी पार्टी की सरकार आने के बाद बदल जाएगा और उत्तर प्रदेश में एक बार फिर देश के लोकतंत्र और गंगा जमुना तहजीब का नजारा देखने को मिलेगा।



नदीम चौहान ने कहा आज उन लोगों से जनता बेहद नाराज है जिन्होंने अखिलेश का नाम लेकर क्षेत्र की सत्ता कब्जाई। कुछ लोग सियासत का फायदा उठाने के लिए उन लोगों के साथ धोखा कर गए हैं जिन्होंने अपना कीमती वोट देकर उन्हें बड़े मुकाम हासिल कराए लेकिन जब बात जनता के अधिकार और उनके सम्मान की आई तो वह दूसरे पाले में खड़े हुए दिखाई दिए। नदीम चौहान ने दावा किया है कि क्षेत्र की जनता इस बार समाजवादी पार्टी को सिवाल खास से बड़ी जीत दिलाइगी। हिंदू हो या मुसलमान सिख हो या इसाई हर धर्म के लोग पीडीए के साथ हैं। इस बार 2027 में एक बार फिर अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे इसके बाद प्रदेश में हर जगह खुशहाली आएगी।

आपको बता दें कि नदीम चौहान बहुत लंबे समय से सिवालखास के अंदर सक्रिय राजनीति करते आए हैं वहीं उनका राजनीतिक कैरियर बेदाग रहा है उनकी पकड़ हर क्षेत्र में बनी हुई है। हर्रा, खिवाई, सरूरपुर, सिवाल खास, जानी खुर्द से लेकर क्षेत्र के मुस्लिम राजपूतों में नदीम चौहान की मजबूत पकड़ किसी से छिपी नहीं है। पिछली बार भी वह है चुनाव की कतार में थे लेकिन बीते विधानसभा चुनाव में गठबंधन के चलते गुलाम मोहम्मद लोक दल के सिंबल पर टिकट लेने में कामयाब हो गए थे। इस बार नदीम चौहान सिवाल खास से अकेले ही चुनावी मैदान में दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अभी 2027 को बहुत समय बाकी है तब तक कई चेहरे मैदान में दिखाई देंगे, उसके बावजूद नदीम चौहान का कहना है कि समाजवादी पार्टी को अगर बड़ी जीत हासिल करनी है तो अभी से 2027 के मैदान में कूदना होगा और जनता को बताना होगा कि समा. जवादी पार्टी सिवाल खास के लिए क्यों जरूरी है।

## कई मुकदमों के वांछित आरोपी को पुलिस ने गाजियाबाद से किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के अमरोली उर्फ बड़ा गांव निवासी कई मुकदमों में वांछित चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरोगा योगेश गिरी ने बताया कि आरोपी थाना क्षेत्र के अमरोली उर्फ बड़ा गांव निवासी जुनैद पुत्र नाहिद के खिलाफ थाना फलावदा दर्ज संगीत धाराओं के मुकदमों में पिछले कई महीनो से वांछित चल रहा था पुलिस ने मंगलवार देर शाम गाजियाबाद के कौशांबी से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।



## ई रिक्शा हटाने को लेकर युवक को डंडे से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को क्षेत्र के ग्राम महल निवासी जगवीर सिंह ने लावड़ चौकी में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसने अपनी ई रिक्शा एक अत्तार की दुकान के सामने खड़ी कर रखी थी। इसी दौरान युवक ने ई रिक्शा हटाने के लिए धमकाते हुए गाली गलौज की। विरोध करने पर युवक ने डंडे से मारपीट शुरू कर दी। उसके पैर व कमर में काफी चोटें आईं। जगवीर ने बताया कि उक्त युवक कमरपाल पूर्व में भी उसके साथ मारपीट कर चुका है वो आए दिन धमकी देता रहता है। बुधवार को भी उसने ई रिक्शा हटाने को लेकर उसे डंडे से पीटा जिससे उसके घुटने की पाली उतर गई और शरीर पर भी चोट के निशान है। वहीं युवक को डंडे से पीटने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# अहिल्याबाई होलकर का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोतः आदेश फौजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी।** अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत बुधवार को सिवालखास विधानसभा के ब्लॉक जानी में आयोजित सिवालखास विधानसभा में गोष्ठी सम्मेलन में सम्मिलित हुआ। जिसमें वक्ता के रूप में भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी रहे एवं मुख्यअतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष बागपत नीरज शर्मा रहे।




अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने की संचालन जिला मंत्री ब्रजबीर सैनी ने किया। यह आयोजन लोकसेवा, नारी शक्ति और आदर्श शासन प्रणाली के प्रेरणास्रोत अहिल्याबाई होलकर के महान व्यक्तित्व को स्मरण करने का एक अद्वितीय प्रयास है। इस दौरान आदेश फौजी ने प्रेरणा स्रोत अहिल्याबाई होलकर के बारे में विस्तार से बताया। इस शुभ अवसर पर जिला महामंत्री हरीश चौधरी, भाजपा नेता राहुल ढढरा, जिला अध्यक्ष (युवा मोर्चा) मोहन गुर्जर, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू सेठी, जिला अध्यक्ष (किसान मोर्चा) पंकज चौहान, मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, मंडल अध्यक्ष बोबी शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदेश कसाना, मंडल अध्यक्ष रविन्द्र चौहान, मुकेश बाफर, सेकेट्री ब्लॉक के कर्मचारी साथी ग्राम प्रधान, कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत कर्मचारियों का रुका हुआ वेतन होगा जारी

- 30 मई को कर्मचारियों का होने वाला धरना स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** नगर पंचायत कार्यालय में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी व अधिशासी अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष के बीच काफी दिनों से कुछ बातों को लेकर मतभेद चल रहा था जिसमें बैठक कर सभी के बीच समझौता हो गया और कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी जिसमें सभी हस्ताक्षर कर्ता भी मौजूद रहे वहीं 30 मई को होने वाली हड़ताल को अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरिया ने स्थगित करने की घोषणा की। समझौते के दौरान तय हुआ कि 6 महीने से जो आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन का सत्यापन न होने पर वेतन रोक दिया गया था उनका पुन सत्यापन करते हुए वेतन निर्मित करने के आदेश आउटसोर्सिंग एजेंसी को दिए गए। आबादी के अनुसार कर्मचारी बोर्ड प्रस्ताव होने पर कर्मचारी बढ़ाने पर सहमति बनी, सेवानिवृत व मृत कर्मचारियों के बीमा धनराशि के लिए लखनऊ पत्राचार किया जाएगा। कर्मचारियों के खाते से होल्ड हटाकर उनके खातों में धनराशि 2 सप्ताह में डाल दी जाएगी। सभी कर्मचारियों का वेतन महीने की 5 तारीख तक खातों में भुगतान किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरिया, सूरज टांक, शाखा अध्यक्ष यादराम, हरिकिशन, गौरव, लक्ष्मी, सुनील, राकेश, दीपक, सो. हनलाल, मोहनलाल, विक्रम पाल सभासद आदि मौजूद रहे।



# डीपीएम पब्लिक स्कूल में किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा के प्रांगण में एक प्रेरणादायक एवं सराहनीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं छात्रें में प्रकृति के प्रति प्रेम भाव को विक. सित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के सचिव जगदीश त्यागी एवं प्रधानाचार्य जिया जैदी द्वारा पौधारोपण करके किया गया। इस अवसर पर सचिव ने स्कूल परिसर में बरगद, पीपल, नीम, आम जैसे छायादार गुणों से युक्त पौधों का रोपण किया। प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत सचिव जगदीश त्यागी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं। ये हमें न केवल प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ, संतुलित एवं हरित बनाए रखने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना चाहिए। प्रधानाचार्य जिया जैदी ने इस अवसर पर छात्रें और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को प्रकृति के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी से अवगत कराना आवश्यक है। विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह समाज निर्माण का आधार भी है। हमें मिलकर एक हरित और सुरक्षित भविष्य की दिशा में कार्य करना चाहिए।



# एआईएमआईएम ने ईद-उल-अजहा को लेकर अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन

- प्रदेश सचिव शादाब चौहान ने एसएसपी से की मुलाकात
- जिलाध्यक्ष फहीम चौधरी ने डीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुस्लिम समाज के सबसे बड़े त्यौहार ईद उल अजहा यानी बकरा ईद को लेकर एआइएमआइएम के प्रदेश सचिव शादाब चौहान व जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी ने मेरठ जनपद के अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे ईद उल अजहा के मौके पर मुस्लिम समाज की भावनाओं को समझने और कुर्बानी के जानवर को लाने ले जाने के दौरान सुरक्षा मुहैया कराने व वैध जानवर को अवैध बताकर हंगामा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ पशु पैंठ की व्यवस्था करने की मांग की है। इस दौरान शादाब चौहान ने मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टांडा से मुलाकात कर ईद उल अजहा के अवसर पर कुर्बानी के दिन सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ अनुरोध किया कि कुर्बानी के पशु बाजार पेट में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही साथ कुरैशी समाज को बेवजह प्रताड़ित ना किया जाए क्योंकि कुछ लोग जानबूझकर त्यौहार पर हंगामा करते हैं और वैध पशु को अवैध बताकर माहौल बिगड़ने का प्रयास करते हैं। साथ ही साथ त्यौहार के दौरान अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ- सख्त कार्रवाई करने की मांग भी शादाब चौहान ने एसएसपी से की। इस दौरान जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी उनके साथ रहे। वहीं दूसरी ओर जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डीएम को दिया, जिसमें उन्होंने ईद उल अजहा के मौके पर साफ सफाई सुरक्षा व अराजक तत्वों से इस त्यौहार को बचाने की मांग की। वहीं अलीगढ़ मे मुस्लिम समाज के साथ हुए मोब लिंचिंग का विरोध जताया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। फहीम चौधरी ने दिए ज्ञापन में लाइसेंस धारी मीट व्यापारियों को बेवजह परेशान न करने की अपील की। उन्होंने कहा की यह त्यौहार कुर्बानी से जुड़ा हुआ है और कुछ लोग वैध पशुओं को अवैध बताकर हंगामा खड़ा करने की नियत और प्रदेश का माहौल बिगड़ने की नीयत से काम करते हैं एआइएमआइएम के जिला अध्यक्ष ने मुस्लिम समाज के लिए कई बड़ी मांगे रखी और कहा कि एआइएमआइएम मुस्लिम समाज के साथ-साथ सभी के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। अगर बेवजह धर्म देखकर किसी को परेशान किया गया तो एआइएमआइएम मजबूती के साथ सड़क पर आएगी।





## रियलमी जीटी 7 सीरीज भारत में लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रियलमी ने भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज पेश की। यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है। इस सीरीज का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है, जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एएमएफ1 के साथ को-ब्रांडिंग वाला पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी जीटी 7 सीरीज के साथ हम 2025 में फ्लैगशिप किलर की परिभाषा को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। यह केवल सर्वोच्च विशेषताओं के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के बारे में हैए जिसमें आज के युवाओं की पसंद के अनुरूप जबरदस्त पॉवर, इंटैलिजेंस और क्राफ्ट्समैनशिप हो।

## गुडनेस पब्लिक स्कूल में एजुकेशनल सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ग्राम इकला रसूलपुर में स्थित गुडनेस पब्लिक स्कूल में एजुकेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन शाहीन अकैडमी मेरठ की टीम ने मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए मेडिकल की पढ़ाई नीट परीक्षा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्कूल के प्रबंधक फखरे आलम ने कहा कि बेटियों का साहस ही उन्हें आगे बढ़ने का मौका देता है हमें अपने आप को सकारात्मक रूप से मजबूत करना होगा और ऐसे लोगों के संपर्क में रहना होगा, जो हमारा मार्गदर्शन करें।

कार्यक्रम संयोजक चीफ पी आर शाहीन अकैडमी डाक्टर ताबिश फरीद ने संचालन करते हुए कहा जो छात्र-छात्राएं स्कॉलरशिप टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे उन्हें शाहीन अकैडमी मेरठ 100प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान करेगी। कार्यक्रम में रिटायर्ड मेजर अतिक ने कहा कि हमें दृढ़ संकल्प लेकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में शाहिन अकैडमी मेरठ से आए भौतिकी विज्ञान विद्वान शायान उमर, डायरेक्टर अहसान उल हक आदि ने बच्चों को इंटर के बाद नीट की तैयारी करने के लिए मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमर फारूख ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य वसीम, सानुल कुर्बान, नदीम कारी, आदिल आदि उपस्थित रहे। वहीं बच्चों को मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।



## उजली माता के मेले में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मांगी मन्नतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के अमरोली उर्फ बड़ा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उजली माता सेवा समिति के तत्वाधान में माता की याद में लगने वाले मेले का उद्घाटन किया गया। प्रात: सर्वप्रथम मंदिर के परिसर में प्रसिद्ध पंडितों के द्वारा महायज्ञ में अतिथियों द्वारा पूर्णाहुति प्रदान की गई। माता के दरबार में पूजा अर्चना कर भोग लगाया गया।

इसके उपरांत उजली माता के मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़कर माथा टेकते हुए मन्नतें मांगी है। इसके उपरांत 1100 कन्याओं को भोग लगाया गया।मंदिर परिसर में जागरण मंडली द्वारा महिलाओं ने भजन और कीर्तन प्रस्तुत करते हुए माता की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम समापन के दौरान बड़े भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया है। मेले में कई प्रकार के हिंडोले, व मनोरंजन के साधन के अलावा खेल खिलौनों की दुकानों से श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी करी। मुख्य रूप से संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष अश्वनी बिश्नोई, व्यापारी नेता अजय शर्मा, कथावाचक आचार्य बृजमोहन बिश्नोई, ने माता के मंदिर में माता माथा टेकते हुए मन्नते मांगी। आयोजनकर्ता मंदिर समिति के अध्यक्ष संजीव गुर्जर, सुभाष प्रधान, तरुण विश्वकर्मा ,सुधीर गुर्जर, हिमांशु रस्तोगी शिवकुमार बिरजू प्रधान, डॉ. श्रवण, हरीश सैनी,नवीन आदि गांव के लोगों का सहयोग रहा है।



# 2027 के लिए सभी कार्यकर्ता हो एकजुटः जुगल किशोर

## जो मीटिंग में हैं मौजूद वही है असली समाजवादीः विपिन चौधरी

- सपा की समीक्षा बैठक में नहीं पहुंचे विधायक तो नाराज हुए जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। समाजवादी पार्टी के संगठन को महानगर में मजबूत बनाने के लिए सपा के प्रभारी पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि कई दिन से मेरठ में घूम-घूम कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं इसी कड़ी में बुधवार को पार्टी कार्यालय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सभी विधायकों पदाधिकारी को आने की हिदायत दी गई थी, लेकिन इस समीक्षा बैठक में समाजवादी पार्टी के किठौर विधायक शाहिद मंजूर, सरधना विधायक अतुल प्रधान, शहर विधायक रफीक अंसारी पूरी तरह नदारद दिखे, जब वरिष्ठ नेताओं को समीक्षा बैठक से दूर देखा तो मीडिया कर्मियों ने कई सवाल किये जिस पर सपा जिला अध्यक्ष ने कहा है कि इस समय जो कोई समीक्षा बैठक में है और जो इस समय पार्टी कार्यालय पर मौजूद है वही असली समाजवादी है बाकी किसी चोरों के बारे में हमें नहीं कहना। सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी के मुंह से निकले बोल कई लोगों के चुभते हुए दिखे।, इस दौरान पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए वह कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच रहे हैं वार्ड वाइज और बूथ वाइज जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को दी जाएगी जिसके बल पर हम मेरठ के अंदर सभी सीटों पर चुनाव जीत कर दिखाएंगे। वहीं सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी का सहयोग चाहिए ऐसे में जो लोग दूरी बना रहे हैं कहीं न कहीं वह संगठन को कमजोर दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने पार्टी को महानगर में मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से 2027 की तैयारी करने के लिए कहा इस दौरान सबसे ज्यादा फोकस कैंट विधानसभा पर देखा गया। सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि कैंट में इस बार समाजवादी पार्टी सभी को चौकाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की सलाह दी। इस दौरान उनके साथ महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, मुख्य गुर्जर व कार्यालय प्रभारी निरंजन सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि व मौजूद सपाई।

## तीनों विधायकों ने बनाई समीक्षा बैठक से दूरी

समाजवादी पार्टी के मेरठ प्रभारी पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि पार्टी के संगठन को वार्ड और बूथ वाइज खड़ा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं ऐसे में जब समीक्षा बैठक आयोजित हुई तो उनके तीन मजबूत स्तंभ ही गायब दिखे। सरधना विधायक अतुल प्रधान, विधायक मंजूर, विधायक रफीक अंसारी तीनों विधायकों ने न सिर्फ समीक्षा बैठक में पहुंचना मुनासिब समझा बल्कि संगठन की कई मीटिंग से भी नदारद रहे हैं तीनों ही विधायक अपने-अपने गुट को लेकर बैठे हैं। किठौर विधायक शाहिद मंजूर, सरधना विधायक अतुल प्रधान को बर्दाश्त नहीं करते, वहीं अतुल प्रधान भी शाहिद मंजूर से अलग गुट लेकर चल रहे हैं तीसरी ओर शहर विधायक रफीक अंसारी भी अब सबसे अलग दिखाई देते हैं इन तीनों से अलग सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी सभी में सामंजस से बिठाने की जद्दोजहद में लगे हैं लेकिन पार्टी के अंदर अपने-अपने वजूद और रसूख के चलते सपा के तीनों विधायक पार्टी को तीन फाड़ करके चल रहे हैं ऐसे में 2027 का चुनाव समाजवादी पार्टी के लिए कितना मुफीद और कितना मजबूत हो सकता है यह सोचने वाली बात है।

## पूर्व विधायक योगेश वर्मा की माता हॉस्पिटल में भर्ती

समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व विधायक योगेश शर्मा भी मीटिंग से नदारत रहे। योगेश वर्मा ने बताया कि मंगलवार की देर रात उनकी माता को चोट लग गई जिसके कारण उन्हें मेरठ के न्यूटिमा अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर डाक्टरों ने बताया कि गिरने के कारण उनकी माता को काफी चोट आई है फिलहाल योगेश वर्मा की माता जी को मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## खेल विशेष

### धीमे ओवर गति के लिए पंत पर लगा 30 लाख का जुमार्ना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ऋषभ पंत का आईपीएल के इस सत्र में यह तीसरा अपराध है। आईपीएल के नये नियमों के तहत पंत पर प्रतिबंध लगाने की बजाए उन पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान मैच में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों में से प्रत्येक पर या तो 12 लाख रुपये या उनके मैच शुल्क का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में धीमे ओवर रेट के लिए पंत पर यह जुर्माना लगाया गया है। इस मैच में पंत ने 61 गेंदों में (नाबाद 118) रन की पारी खेलते हुए तीन विकेट पर 227 रन तक पहुंचाया। आरस.ीबी ने जितेश (नाबाद 85) और कोहली (54) की शानदार पारियों की बदौलत यह लक्ष्य आठ गेंद शेष रहते हासिल कर लिया था।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में अर्जेंटीना को रौंदा

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में नियमित समय में स्कोर 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटाआउट में मेजबान अर्जेंटीना को 2-0 से हराया। यहां खेले गए मुकाबले में भारत के लिए कनिका ने (44वें) मिनट में एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुंगी ने शूटआउट में गोल दाग कर टीम की जीत सुनिश्चित की। अर्जेंटीना की डेल वैले ने (10वें) मिनट पहले क्वार्टर में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के 44वें मिनट से गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर लाकर टीम को मुक.ाबले में वापस ला दिया। निर्धारित समय में स्कोर बराबरी पर रहने पर मैच में परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया।


# पंजाब-आरसीबी की नजर फाइनल पर




● हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और पंजाब को हराने में सहायक होगी

**चंडीगढ़, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 क्वालीफायर वन मुकाबले से पहले आरसीबी जॉश हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी से उत्साहित है और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए मैदान में उतरेगी। वहीं पंजाब किंग्स अपनी मजबूत बल्लेबाजी लय और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर फाइनल में पहुंचना चाहेगी। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले यह मुक.ाबला जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। प्लेऑफ में हमेशा मुकाबला आक्रामक होता रहा है। हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और फिनिशिंग पावर पंजाब किंग्स की मजबूत टीम को हराने सहायक होगी। आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के लिए 10 मैचों में 18 विकेट लेने वाले हेजलवुड का तेज गेंदबाजी आक्रमण, अनुभव, अनुशासन और नियंत्रण उनकी क्षमता को बेहतरीन बनाता हैं। बीच के ओवरों में उनकी रन रोकने और महत्वपूर्ण विकेट लेने की क्षमता पंजाब की गहरी बल्लेबाजी लाइन. अप को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हेजलवुड के साथ, अनुभवी भारतीय खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या की ऑलराउंड क्षमता आक्रमण में और गहराई और विविधता जोड़ती है। टिम डेविड डेथ ओवरों में बड़े शॉट लगाकर मैच फिनिशिंग के लिए जाने जाते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बल्लेबाजी में विराट कोहली अहम भूमिाक निभा रहे हैं। उन्होंने अब तक पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 60-20 की औसत से 600 से अधिक रन बनाए हैं और लगातार अच्छी बल्लेबाजी ने आरसीबी को मजबूत स्थिति में रखा है। फिल साल्ट शीर्ष पर तेज शुरुआत प्रदान करता है, जबकि रजत पाटीदार ने हाल ही में फिटनेस संबंधी परेशानियों के बावजूद 140 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से महत्वपूर्ण रन बनाए हैं। मयंक अग्रवाल और रोमारियो शेफर्ड का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है। पंजाब किंग्स को कम तर नहीं आंका जा सकता है। टीम ने 14 मैचों में से नौ जीत के साथ लीग स्टैंडिंग में शीर्ष पर रही। उनकी बल्लेबाजी संतुलित और लचीली है। उसके पास प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की धाकड़ सलामी जोड़ी है। यह जोड़ी टीम की मजबूत नींव रखने में मददगार रही है। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्य क्रम में 172 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाए हैं। मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस और शशांक सिंह के अंतिम ओवरों में योगदान ने अक्सर पंजाब के पक्ष में मैच पलटा है। गेंदबाजी की बात की जाए तो अर्शदीप सिंह पंजाब किंग्स की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में 18 विकेट लिए है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण तेज गेंदबाज मार्को जेनसन की अनुपस्थिति एक चुनौती है। काइल जैमीसन से अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने की उम्मीद है, हालांकि उनकी इकॉनमी रेट टीम के लिए लचता का विषय रही है। युजवेंद्र चहल की स्पिन टीम को बीच के ओवरों में रन रोकने और विकेट लेने की क्षमता दिखाती। मुल्लांपुर की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 170 के आसपास रह सकता। कुल मिलाकर देखा जाए तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलरु और पंजाब किंग्स की टीमें संतुलित दिख रही हैं ऐसे में हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी आरसीबी के बोनस साबित हो सकता है।

# आईपीएल का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम: गंभीर



■ सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल मुकाबले को सशस्त्र बलों को समर्पित करना वास्तव में 'अविश्वनीय' सराहनीय कदम है और यह हमारी राष्ट्रीय एकता को दर्शाता है। गंभीर ने संवाददाता सम्मेलन से कहा कि मैं अक्सर कई मामलों में बीसीसीआई की आला.ेचना करता रहा हूं, लेकिन यह पहल वास्तव में सराहनीय है। सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। यह दर्शाता है कि पूरा देश एकजुट है और हमारे सशस्त्र बलों को सलाम कर रहा है। बिना किसी स्वार्थ के हमारी रक्षा करने के लिए मैं सशस्त्र बलों को श्रेय देता हूं। मुख्य कोच गंभीर ने कहा कि हमारे सैनिक बदले में कुछ भी अपेक्षा किए बिना हमारी सेवा करते हैं, सुरक्षा करते हैं और बलिदान देते हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल क्रिकेट संस्था के लिए बल्कि इससे भी अधिक वर्दीधारी बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए व्यापक सराहना

# यूनुस खान बनें पाकिस्तान के मुख्य टेस्ट कोच: वसीम अकरम



● पाकिस्तान के गेंदबाज ने कहा: यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने वजूद की तलाश में है। हाल फिलहाल में इस टीम का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो हर्श हुआ है, वह किसी से छिपा नहीं है। एक के बाद एक टूर्नामेंट में पहले दौर से ही बाहर होने के बाद टीम और मैनेजमेंट स्तर पर कई बदलाव हुए। हालांकि, इसका फायदा नहीं मिला। कोच से लेकर खिलाड़ियों को हटाया गया, लेकिन फिर भी टीम के प्रदर्शन में सुधार नहीं है। हाल फिलहाल में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को सीमित ओवर क्रिकेट का मुख्य कोच नियुक्त किया था, जो गैरी कर्स्टन के जाने के बाद से खाली था। अब पीसीबी के सामने नए टेस्ट कोच को लाने की जिम्मेदारी है।

इसी कड़ी में पाकिस्तान के महान गेंदबाज वसीम अकरम ने एक नाम का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यूनुस खान टेस्ट में पाकिस्तान के मुख्य कोच पद के लिए उपयुक्त हैं। अकरम ने कहा कि यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने कराची में एक कार्यक्रम में कहा, श्मेरा मानना है कि यूनुस एक बहुत अच्छा विकल्प है। वह मेरी पसंद होगा लेकिन सब कुछ उसकी उपलब्धता और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की सोच पर निर्भर करता है। यूनुस इससे पहले 2021 में दो साल के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच नियुक्त हुए थे। उन्होंने हालांकि बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के कारण छह महीने में ही इस्तीफा दे दिया था। तब तेज गेंदबाज हसन अली के साथ भी उनका विवाद हुआ। वह इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान की टीम से मेंटर के तौर पर जुड़े थे। टेस्ट कोच के पद के लिए मिस्बाह उल हक, अजहर महमूद और सकलैन मुश्ताक के नाम चर्चा में हैं, लेकिन वसीम ने अच्छी युवा टीम बनाने के लिए यूनुस का समर्थन किया। अकरम ने कहा, श्मुझे लगता है कि यूनुस खिलाड़ियों की मानसिकता बदल सकते हैं और टेस्ट टीम में नयापन ला सकते हैं।

● बीसीसीआई का चौंकाने वाला फैसला ●

# पद से हटाए गए टी दिलीप, अब इंग्लैंड भी जाएंगे



● बोर्ड ने उन्हें फिर फील्डिंग कोच नियुक्त किया, घरेलू टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर हार बना कारण

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के लिए यह महीना कुछ चौंकाने वाला रहा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास ने दुनिया भर के फैंस को चौंका कर रख दिया। इसके बाद आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल नए टेस्ट कप्तान बनाए गए। हालांकि, यह सब घटनाएं पिछली दो टेस्ट सीरीज से जुड़ी हुई हैं। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हार ने इस बदलाव को अंजाम दिया।

सिर्फ खिलाड़ी के स्तर पर बदलाव नहीं हुए, बल्कि टीम मैनेजमेंट में भी काफी उथल पुथल देखने को मिली थी। सहायक कोच अभिषेक नायर और फील्डिंग कोच टी दिलीप को पिछले महीने उनके पद से बर्खास्त किया गया। हालांकि, अब बीसीसीआई ने एक बार फिर सभी को चौंकाते हुए और अजीबोगरीब फैसला लेते हुए टी दिलीप को वापस बुलाया और उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। दरअसल, बीसीसीआई ने उपयुक्त विकल्प नहीं मिलने के बाद टी दिलीप को आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम के फील्डिंग कोच के रूप में फिर से नियुक्त करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद कोचिंग स्टाफ में फेरबदल किया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024-25 बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खराब प्रदर्शन के लिए नायर और दिलीप को दोषी मानते हुए उन पर गाज गिरी थी और बोर्ड ने पिछले महीने दोनों को हटाने का फैसला किया था। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, श्दिलीप एक अच्छे कोच हैं जिन्होंने तीन साल (2021 से) से अधिक समय तक टीम के लिए अच्छा काम किया। वह इनमें से अधिकांश क्रिकेटरों को बहुत करीब से जानते हैं इसलिए उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी सीरीज के लिए टीम में शामिल करना अच्छा ही होगा। बीसीसीआई नए फील्डिंग कोच के रूप में किसी विदेशी को लाने के लिए बहुत उत्सुक था, लेकिन बोर्ड निश्चत समय में ऐसा नहीं कर सका। दिलीप को हटाने के बाद सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे को फील्डिंग कोच की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी। सूत्र ने कहा कि इसलिए इस समय कोई नया नाम लाने का कोई मतलब नहीं है और दिलीप खिलाड़ियों के बीच भी बहुत लोकप्रिय हैं। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान दिलीप ने पहले कुछ लोकप्रिय सुझाव पेश किए थे, जिससे टीम में फील्डिंग का स्तर सुधरा भी था। इनमें मैच के दिन सर्वश्रेष्ठ फील्डर को पदक देना या उन पदकों को वितरित करने के लिए कुछ दिग्गज हस्तियों को लाना शामिल हैं।

नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और रिजर्व बल्लेबाज बी साई सुदर्शन छह जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के दूसरे चार दिवसीय मैच से चूक सकते हैं। ये दोनों गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं। अगर गुजरात की टीम तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाती है तो गिल और सुदर्शन दोनों के लिए मैच से पहले भारत ए में शामिल होना मुश्किल होगा। इसके अलावा उन्हें इंग्लैंड में अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से जल्दी से जल्दी लाल गेंद के प्रारूप में ढलना होगा। भारत ए के कोच भारत के पूर्व खिलाड़ी ऋषिकेश कानितकर होंगे और उन्हें रेयान टेन डेशकाटे (बल्लेबाजी कोच) और ट्राय कूली (गेंदबाजी कोच) का साथ मिलेगा।

# जितेश ने खेली आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ पारी: टॉम मूडी

**लखनऊ, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्द्धशतकीय पारी के साथ टीम को न सिर्फ जीत दिलाई, बल्कि क्वालिफायर-1 में भी पहुंचा दिया। उनकी इस पारी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टाम मूडी को प्रभावित किया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए लीग चरण के आखिरी मुकाबले में आरसीबी के कार्यवाहक कप्तान जितेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 85 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मूडी ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, श्मेरे लिए यह पारी आईपीएल के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी है। हमने युवा और अनुभवी खिलाड़ियों की कुछ बेहतरीन पारियां देखी हैं, लेकिन यह पारी वाकई उल्लेखनीय है। प्लेयर ऑफ द मैच जितेश ने 33 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए। उन्हें मयंक का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 23 गेंद पर नाबाद 41 रन की पारी में पांच चौके जड़े। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 45 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। मूडी ने आगे कहा कि परिस्थितियां पूरी तरह से प्रतिकूल थी लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने पूरी चतुराई से बल्लेबाजी की। वह जिस तरह से खेल रहे थे उसे देखकर लग रहा था कि वह इससे पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं। आरसीबी की पारी के 12वें ओवर में विराट को.हली (54) के आउट होने के बाद जितेश क्रीज पर आए थे। तब आरसीबी का स्कोर चार विकेट पर 123 रन था।

# अमेरिका ने ओमान को नौ रनों से हराया

## विश्व कप लीग-2




**अमेरिका, वार्ता।** साई तेजा एम (73), स्मित पटेल (41) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) की शानदार पारियों के बाद जसदीप सिंह और हरदीप सिंह (तीन-तीन विकेट) की बदौलत अमेरिका ने मंगलवार रात विश्व कप लीग दो के एकदिवसीय मुकाबले में ओमान को नौ रनों से शिकस्त दी। फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ मैदान पर खेले गए मुकाबले में ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमे.रिका के लिए स्मित पटेल और शयन जहांगीर की सलामी जोड़ी ने 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में सुफयान महमूद ने शयन जहांगीर (37) को आउट कर ओमान को पहली सफलता दिलाई। 16वें ओवर में आमिर ने स्मित पटेल (41) को आउटकर अमेरिका को दूसरा झटका दिया। अमेरिका ने निर्धारित 50 ओवरों में कप्तान मोनांक पटेल(26), साई तेजा एम (73), हरमीत सिंह (33) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) आदि के योगदान से आठ विकेट पर 293 रनों का स्कोर खड़ा किया। ओमान की ओर से सुफयान महमूद ने तीन विकेट लिए। शकील अहमद आमिर कलीम को दो-दो विकेट मिले। समय श्रीवास्तव ने एक बल्लेबाज को आउट किया। अमे.रिका के 293 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आमिर कलीम (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मुजीबुउर अली ने कप्तान जतिंदर सिंह के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में जतिंदर सिंह (40) के रनआउट होने पर इस साझेदारी का अंत हुआ। तीसरे विकेट के रूप में मुजीबुउर (19) रन बनाकर आउट हुये। हम्माद मिर्जा ने (50)रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। विनायक शुक्ला ने (46) और सुफयान महमूद (72) रनों की पारी खेली। आखिरी ओवरों में अमेरिकी गेंदबा.जों ने कसी हुई गेंदबाजी की। ओमान के बल्लेबाज निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 284 रन ही बना सके और उनकी टीम नौ रन से मुकाबला हार गई।

# भारत 44 साल बाद एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत 44 सालों के बाद अगले साल अहमदाबाद में होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत ने पिछली बार 1982 में नई दिल्ली में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। वर्ष 2026 एक से 10 अप्रैल तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में एशियाई मंच पर भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक ऐतिहासिक वापसी होगी। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 2024 में हुई एडब्ल्यूएफ कांग्रेस में इस चैंपियनशिप को गुजरात के गांधीनगर को आबंटित किया गया था। जिसका आयोजन स्थल अब बदलकर अहमदाबाद कर दिया गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा शुरू की गई नई भार श्रेणियों के तहत आयोजित होने वाली पहली एशियाई चैंपियनशिप भी होगी। इससे वैश्विक स्तर पर खेल के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी। यह चैपियनशिप भारतीय भारोत्तोलकों की नई पीढ़ी को मंच प्रदान करेगी।

# पुरी समुद्र तट पर अवैध जल क्रीड़ा सुविधा ध्वस्त

**पुरी, वार्ता।** ओडिशा के पुरी जिला प्रशासन ने पुरी बीच के बलियापांडा इलाके में चल रही एक अवैध जल क्रीड़ा सुविधा को ध्वस्त कर दिया है। स्काई डाइव एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स नाम से चल रही यह सुविधा उचित प्राधिकरण या सुरक्षा उपायों के बिना पर्यटकों को स्पीडबोट की सवारी और स्काईडाइविंग का अनुभव प्रदान कर रही थी। यह कार्रवाई पिछले शनिवार को एक स्पीडबोट पलटने से हुयी दुर्घटना के बाद की गई क्योंकि इस दुर्घटना में सभी यात्री समुद्र में गिर गए थे। इन यात्रियों में क्रिकेटर सौरव गांगुली के भाई स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता



# विराट ने रचा इतिहास

● टी-20 में 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज वार्नर को पछाड़ा

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी-20 में किसी एक टीम की तरफ से खेलते हुए 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। किंग कोहली ने इस मुकाबले में 24 रन बनाते ही टी-20 में 9004' रन बना लिए। कोहली ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2008 में आरसीबी के साथ की थी, तब से वह इसी टीम का हिस्सा हैं। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में उनका बल्ला जमकर गरजा और वह 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ उन्होंने 27 गेंदों में सत्र का आठवां अर्द्धशतक जड़ा। वह 30 गेंदों में 10 चौके की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए। को.हली इसके साथ ही आईपीएल में सर्वाधिक अर्द्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ पचासा जड़ते ही वह इस मामले में डेविड वार्नर से आगे निकल गए। इससे पहले कोहली और वार्नर संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। इन दोनों बल्लेबाजों के नाम आईपीएल में 62 अर्द्धशतक लगाने का रिकार्ड दर्ज था। हालांकि, अब कोहली के नाम 63 अर्द्धशतक हो गए हैं। रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने आईपीएल में 46 अर्द्धशतक लगाए हैं। एक सीजन में सबसे ज्यादा अर्द्धशतकीय पारी खेलने के मामले में यह कोहली का तीसरा सफल सीजन है। उन्होंने 2016 में 11 और 2023 में आठ पचासे लगाए थे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड हुई रवाना

■ भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेंगी



फाइल फोटो

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम का 24 सदस्यीय दल कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में 28 मई से शुरु हो रही एफआईएच प्रो लीग यूरोपीय चरण के लिए बुधवार को यहां से नीदरलैंड के लिए रवाना हो गई।

हॉकी इंडिया की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेगी। उसके बाद टीम लंदन जाएगी, जहाँ उसे ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के खिलाफ अपने पहले चार मैच खेलने हैं। भारतीय महिला टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम से भिड़ेगी, उसके बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना की महिला टीम से मैच खेलेगा। इसके बाद, टीम 19 जून को एंटवर्प जाएगी, जहाँ उसे बेल्जियम की राष्ट्रीय टीम के खिलाफ 21 और 22 जून को अपने अगले दो मैच खेलने है। भारतीय टीम 28 और 29 जून को जर्मनी के बर्लिन में चीन के खिलाफ दो मैचों के साथ यूरोपीय चरण का समापन करेंगी। नीदरलैंड रवाना होने से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हमारे लिए एफआईएच प्रो लीग का एक बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है, क्योंकि हम चार बहुत मजबूत टीमों से मुकाबला होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने मैचों से पहले एम्सटर्डम में अपनी रणनीति को और बेहतर बनाएंगे।

# सीपीएल का दूसरा संस्करण 31 मई से होगा शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात के अहमदाबाद में क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीपीएल) का दूसरा संस्करण 31 मई से शुरु होगा। चिरिपाल ग्रुप के प्रमोटर और सीपीएल के सह-संस्थापक रोनक चिरिपाल ने बुधवार को यहां यूनीवार्ता को बताया कि सीपीएल 2025 गुजरात की क्रिकेट खेलने की भावना को जागृत कर सके और सच्ची प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने का एक प्रमुख मंच बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में लिया गया दूसरा दृढ़ कदम है। क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण एसजी हाईवे पर, निरमा यूनिवर्सिटी के सामने स्थित एसजीवीपी ग्राउंड्स में 31 मई से 14 जून, 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिरिपाल ग्रुप की प्रमुख पहल, सीपीएल का आयोजन करने का मिशन शीर्ष रणजी ट्रॉफी खिलाड़ियों और उभरती हुई स्थानीय प्रतिभाओं को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करके गुजरात के घरेलू क्रिकेट के परिदृश्य को नए स्तर पर ले जाना है।

# भारत की सतर्कता

भले ही भारत-पाक के बीच सीजफायर हो गया हो, लेकिन दोनों देशों में अब भी आपसी विश्वास की भारी कमी देखी जा रही है। भारत अपनी तरफ से किसी तरह की कोई ढिलाई बरतना नहीं चाहता। तभी तो वह सीमावर्ती राज्यों में मॉकड्रिल करने जा रहा है। राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, जम्मू के लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। लोगों में युद्ध के समय किसी तरह का बेवजह का तनाव पैदा न हो। वह अपने आपको बचाने के लिए यह मॉकड्रिल की जा रही है। गुरुवार (आज) को जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान में मॉकड्रिल होगी। जबकि पंजाब में तीन जून को यह ड्रिल होगी। मॉकड्रिल एक तरह की प्रेक्टिस है, जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला हो जाए तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करते हैं। इसी तरह ब्लैक आउट एक्सरसाइज का मतलब है कि तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइट बंद कर देना। इसका मतलब यह होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। सात मई को देश के 44 शहरों में 12 मिनट का ब्लैक आउट किया गया था। इसी दिन भारत ने पाकिस्तान के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर के चलते एयरस्ट्राइक की थी। जिसमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए थे। जाहिर है यह मॉकड्रिल बताती है कि भारत-पाकिस्तान को यह संदेश भी देना चाहता है कि वह अभी भी युद्ध मोड में है और किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए भारतीय सेना व भारतीय लोग पूरी तरह मुस्तैद हैं। सरकार ने जिस तरह देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकने का नोटिफिकेशन जारी किया है, यह बताने के लिए काफी है कि भारत अब अपनी सेना को बेहद चुस्त-दुरुस्त कर रहा है। अब एक सेना का अधिकारी ही तीनों सेनाओं वायु, थल और जल सेनाओं को निर्देश दे सकेगा। जाहिर है इससे समय में बेहद कमी आएगी और सेना को एकजुट होकर कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। 27 मई से इंटरसर्विस आर्गेनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। इस नए कानून बनने से इंटरसर्विस आर्गेनाइजेशन के तहत एक कमांडर इन चीफ/ऑफिसर इन कमांड की नियुक्ति होगी। यह कानून 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था और 10 मई 2024 से लागू किया गया। जाहिर है इससे हमारी सेना को एकजुट रखने में बड़ी मदद मिलेगी। असल में हमारा पड़ोसी पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जब तक वह आतंकवाद से अपने आपको अलग नहीं रखता और उनको संरक्षण देना बंद नहीं करता, तब तक उस पर भला भरोसा भी कैसे किया जा सकता है। भारत ने भी साफ किया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता रहेगा, भारत उसके साथ कठोरता से पेश आता रहेगा, बल्कि भारत ने अब आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बना ली है।

## अकेले शांति से जीना चाहता है भारत



भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता, भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता, पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है, भारत ने आपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया, क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपरा. धियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी, भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अपरा. धियों की पहचान करं उन पर कार्रवाई करे।

**-शशि थरूर**
**पूर्व विदेश मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# भारतीय राजनीति के असली चौधरी थे भारत रत्न चौ. चरण सिंह



29 मई पुण्यतिथि पर विशेष



आरपी तोमर

भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एक ऐसा नाम है जो भारतीय राजनीति और इसके लोकतंत्र के लिए किसी हीरो से कम नहीं। यह वह नाम है जो ना जाने कितने ही बड़े संवैधानिक पदों पर रहकर यह दिखा गया कि कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति के जीवन में कैसै बदलाव लाया जा सकता है। चौधरी चरण सिंह ने देश की कृषि नीतियों को आकार देने में बेहद अहम भूमिका निभाई। चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों के हित और उनके कल्याण में समर्पित कर दिया और यही वजह है कि उन्हें किसानों का मसीहा कहा जाता है। चौधरी चरण सिंह सिर्फ एक राजनीतिज्ञ, एक किसान नेता, एक पार्टी के अध्यक्ष और एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री का नाम ही नहीं था बल्कि चरण सिंह एक विचारधारा का भी नाम है। जो भारतीय राजनीति में अकाट्य है और सदैव रहेगा। चरण सिंह की राजनीति में कोई दुराव या कोई कपट नहीं था, बल्कि जो उन्हें अच्छा लगता था, उसे वो ताल ठोक कर अच्छा कहते थे और जो उन्हें बुरा लगता था, उसे कहने में उन्होंने कोई गुरेज भी नहीं करते थे। उनका व्यक्तित्व बहुत रौबीला था, जिनके सामने लोगों की बोलने की हिम्मत नहीं पड़ती थी। उनके चेहरे पर हमेशा पुख्तगी होती थी। हमेशा संजीदा गुफ्तगू करते थे। बहुत कम मुस्कुराते थे। अगर मैं गलत नहीं हूं तो एकआध लोगों ने ही उन्हें कभी कहकहा लगाते हुए देखा होगा। वो उसूलों के पाबंद थे और बहुत साफ-सुथरी राजनीति करते थे। वे सच्चे मायने में भारत रत्न हैं। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर गांव में 23 दिसंबर 1902 को हुआ था। उनकी शिक्षा सरकारी उच्च विद्यालय और विश्वविद्यालय मेरठ से पूरी हुई। उन्होंने विज्ञान स्नातक, कला स्नातकोत्तर और विधि स्नातक की पढ़ाई की थी। चौधरी चरण सिंह ने पूरे जीवनभर किसानों के मुद्दे उठाए और उनके हक दिलाने का काम किया। चौधरी चरण सिंह का निधन 29 मई 1987 को 84 साल की उम्र में दिल्ली में हुआ था। जब 1929 में लाहौर में कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य का एलान किया तो नेहरू कांग्रेस के सबसे बड़े नेता के रूप में उभरे, तब चौधरी चरण सिंह ने गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी का गठन किया। 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हुआ तो चौधरी चरण सिंह हिंडन नदी के किनारे नमक बनाने पहुंच गए तो अंग्रेज सरकार ने उन्हें छह महीने की जेल की सजा दी। जेल से वापसी पर वे पूरे जोर-शोर से स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गए। 1937 में चुनाव हुए तो बागपत से चौधरी चरण सिंह विधानसभा के लिए चुने गए। विधानसभा में किसानों की फसल से संबंधित एक बिल पेश किया। यह उस वक्त का क्रांतिकारी बिल था, जब ब्रिटिश सरकार ने भारतीय किसानों को ही सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई थी। अंग्रेजी सरकार ने मुगलिया टैक्स सिस्टम को हटाकर बेहद क्रूर सिस्टम लागू किया था। जिसकी वजह से बहुत गरीबी फैल गई थी। उन्होंने 1939 में कर्जा माफी विधेयक पास करवाकर किसानों के खेतों की नीलामी रुकवाई। 1939 में ही किसान के बच्चों को सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण दिलाने की कोशिश की पर इसमें सफलता नहीं मिल पाई। 1939 में किसानों को टैक्स बढ़ाने और बेदखली से मुक्ति दिलाने के लिए जमीन उपयोग का बिल तैयार किया और ऋण निर्मोचन विधेयक पास कराकर चौधरी साहब ने लाखों गरीब किसानों को कर्जे से मुक्ति दिलाई।

इसी साल निजी सदस्यों के संकल्प के तहत उन्होंने कृषि उत्पादन मंडी विधेयक पेश किया, जिसमें किसानों को बिचौलियों से मुक्त कराकर वाजिब दाम दिलाने का प्रावधान था। उनके सुझावों को कई सरक. ारों ने क्रियान्वित किया, इसमें पहला राज्य पंजाब था। ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत की विधानसभा ने सर छोटू राम के राजस्व मंत्री रहते हुए वर्ष 1938 में जो पहला कृषि उत्पाद मंडी अधिनियम पारित कर उसे लागू किया था। दरअसल, उसकी परिकल्पना चौधरी चरण सिंह की ही थी। चौधरी चरण सिंह जब पहली बार चुनाव जीतने के बाद उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत के संसदीय सचिव बने थे, तब चौधरी साहब कृषि उत्पाद मंडी बनाने के लिए एक बिल लेकर आना चाहते थे लेकिन, पंत ने उन्हें मना कर दिया, जिसके बाद चौधरी चरण सिंह ने उत्तर प्रदेश की यूनाइटेड प्रोविंस लेजिस्लेटिव असेंबली में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया, लेकिन वो बिल पारित नहीं हो पाया, यह बात वर्ष 1937 की है। 1940 में कांग्रेस बड़ी उहापोह में थी कि ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ें कि नहीं, छोटे स्तर पर व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत हुई, चौधरी चरण सिंह इसमें भी शामिल हुए। जेल गए, फिर छूटे और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में चरण सिंह को फिर मौका मिला। वे अंडरग्राउंड हो गए और एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन तैयार किया। पुलिस का आदेश था कि देखते ही गोली मार दी जाए पर चौधरी चरण सिंह सभा करके हर जगह से निकल जाते थे। अंत में गिरफ्तार हो गए। जिन्हें डेढ़ साल की सजा हुई, जेल में ही उन्होंने शिष्टाचार किताब लिखी। वे जातिवाद के कट्टर विरोधी थे और उनके प्रयासों का असर था कि 1948 में उत्तर प्रदेश में राजस्व विभाग ने सरकारी कागजों में जोत मालिकों की जाति नहीं लिखने का फैसला लिया। उन्होंने गोविंद बल्लभ पंत को पत्र लिखकर 1948 में मांग की थी कि अगर शैक्षिक संस्थाओं के नाम से जाति-सूचक शब्द नहीं हटाए जाते तो उनका अनुदान बंद कर दिया जाए। हालांकि यह मसला टलता रहा, लेकिन जब वे 1967 में खुद मुख्यमंत्री बने तो सरकारी अनुदान लेने वाली शिक्षा और सामाजिक संस्थाओं को अपने नामों के आगे से जातिसूचक शब्द हटाने पड़े। उन्होंने ही आजादी के बाद भारत में सोवियत रूस की तर्ज पर आर्थिक नीतियां लगाई गईं। चौधरी साहब का कहना था कि इंडिया में यह चलेगा नहीं, इसको लेकर चौधरी साहब कहते थे कि किसानों को जमीन का मालिकाना हक देने से ही बात बनेगी। उस वक्त नेहरू का विरोध करना ही बड़ी बात थी लेकिन चौधरी साहब सहकारी खेती के रूसी मॉडल के सख्त खिलाफ थे। हालाकि इससे उनके राजनैतिक करियर पर असर पड़ा फिर भी चौधरी साहब ने अपनी बात कहनी शुरू कर दी थी। चौधरी चरण सिंह 1952, 1962 और 1967 की विधानसभा में जीते थे। गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी रहे। रेवेन्यू, लॉ, इनफॉर्मेशन, हेल्थ कई मिनिस्ट्री में भी रहे, संपूर्णानंद और चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में भी मंत्री रहे। 1967 में चरण सिंह ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय क्रांति दल नाम से अपनी पार्टी बना ली। राम मनोहर लोहिया का इनके ऊपर हाथ था। उत्तर प्रदेश में पहली बार कांग्रेस हारी और चौधरी चरण सिंह मुख्यमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह 1967 और 1970 में मुख्यमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह ने अपने मुख्यमंत्री काल में एक बड़ा निर्णय लेते हुए खाद पर से सेल्स टैक्स हटा लिया। सीलिंग से मिली जमीन किसानों में बांटने की कोशिश की पर उत्तर प्रदेश में ए सफल नहीं हो पाया। इसके बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी तब देश में माहौल गड़बड़ हो गया था, 1975 में इंदिरा ने विवादास्पद निर्णय लिया और इमर्जेंसी लगा दी। चौधरी चरण सिंह भी जेल में डाल दिए गए। जेल में विरोधी पक्ष लामबंद हो गया और 1977 में लोकसभा के चुनाव हुए। इंदिरा बुरी तरह हारीं और देश में पहली बार गैर-कांग्रेसी पार्टियों ने मिलकर सरकार बनाई। मोरार जी देसाई प्रधानमंत्री बने, चौधरी चरण सिंह इस सरकार में उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रहे। वित्तमंत्री भी बने।जनता पार्टी को बनाने में उनका ही आधार और किसान शक्ति सबसे अधिक काम आई। जनता पार्टी के नेताओं, जिसमें आज की भाजपा और तबका जनसंघ भी शामिल था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगानिस्तान से रिश्तों में सुधार के पीछे कूटनीति



अक्षत सरोत्री

अक्सर एक बात सामने आती है कि दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है। अफगानिस्तान के साथ वीजा डिपलोमैसी शुरू करने के पीछे का कारण बहुत बड़ी कूटनीतिक चाल है। आपको याद होगा कुछ दिन पहले ही अफगानिस्तान की सरकार की चीन से बातचीत चल रही थी। आप इसके मायने समझ सकते हैं। चीन अफगानिस्तान में सेना का बेस चाहता है ताकि भारत पर दबाव बनाया जा सके।

चीन की यह वैसी ही चाल थी जैसी चीन कई सालों से बलूचिस्तान में रहकर पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के खिलाफ रच रहा है। आपको बता दें कि इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जो निवेशकों, कलाकारों, एथलीटों, छात्रों और इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके अटेडेंड के साथ ही संयुक्त राष्ट्र राजनयिक वीजा के लिए आवेदन की अनुमति देता है। यह ऐसे समय में हो रहा है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है।

नई दिल्ली ने अभी तक इस बारे में कोई आधिका. रिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन यह कदम भारत और तालिबान के बीच बढ़ते कूटनीतिक संबंधों के बीच उठाया गया है। इसी महीने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी। काबुल में तालिबान की वापसी के बाद यह दोनों देशों के बीच पहली मंत्री स्तरीय वार्ता थी। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान का कब्जा हुए करीब चार साल बीत चुके हैं। 15 अगस्त, 2021 में तालिबान ने गनी की सरकार को गिराकर काबुल पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद दुनिया के लगभग सभी देशों ने तालिबान में अपने दूतावास बंद कर दिए थे। अब दुनिया का रुख तालिबान की प्रति बदल रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण बीते साल रूस द्वारा तालिबान को आतंकी संगठन की सूची से हटाना था। 2003 में रूस ने तालिबान को आतंकी संगठन घोषित किया था, लेकिन दिसंबर, 2024 में रूस ने तालिबान को इस सूची से हटा दिया था।

आपको बता दें कि भारत- अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक संबंध रहे हैं और अशरफ गनी की सरकार के समय दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्ते भी बेहतर थे, लेकिन तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद भारत ने तालिबान के साथ अपने संबंधों को खत्म कर लिया। हालांकि, अब वक्त बदल रहा है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार के साथ भारत की बातचीत की शुरुआत इसी साल जनवरी में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बातचीत हुई थी। अब विदेश मंत्री जयशंकर ने खुद तालिबान के विदेश मंत्री से बातचीत की थी। हालांकि, अभी तक भारत की ओर से औपचारिक रूप से तालिबान की सरकार को मान्यता नहीं दी है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही पाकिस्तान से उसकी ठनी हुई है। भारत-अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच शुरू हो रही यह बातचीत पाकिस्तान जैसे दुश्मन को रणनीतिक रूप से घेरने के रूप में देखी जा रही है। अफगानिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी। इसके बाद जब पाकिस्तान की ओर से कहा गया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया, तो खुद तालिबान की सरकार ने इसका खंडन कर दिया था।

आपको बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही बीजिंग में पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने मिलकर अपने-अपने देशों में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया था। बैठक के बाद, इशाक डार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। यह बैठक तीन देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने का संकेत देती है, लेकिन भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण कदम हो सकता है। हालांकि आपको बता दें इस बैठक को फेल करने के लिए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पहल ही मन बना चुके थे। भारत ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के किसी तीसरे देश में विस्तार पर कड़ा विरोध जताया था। भारत का कहना है कि CPEC का एक हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है और इसे भारत अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले साल कहा था कि जो भी देश CPEC प्रोजेक्ट में शामिल होंगे, वे जम्मू-कश्मीर में भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करेंगे। भारत ने इस कारण से चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में शामिल होने से इंकार कर दिया है, जो कि लगभग 60 बिलियन डॉलर का एक विशाल प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट में पाकिस्तान के जरिए एक बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास कार्य किए जाने हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। इसके अतिरिक्त आपको याद होगा कि भारत-अफगानिस्तान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर भी साझेदारी है। वहीं इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को लेकर भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। यह कॉरिडोर भारत से लेकर ईरान, रूस होते हुए यूरोप को जोड़ने वाला है। इस तरह दो अहम प्रोजेक्ट्स में दोनों देश साथ हैं और पाकिस्तान के साथ दोनों के ही संबंध सहज नहीं हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक म्यान, दो तलवारें: शौर्य की अद्वितीय मिसाल थे महाराणा प्रताप




योगेश कुमार गोयल

अपनी वीरता, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प और त्याग से इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराने वाले हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप 16वीं शताब्दी के ऐसे कुशल वीर योद्धा थे, जिन्होंने विभिन्न युद्धों में अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा मुगलों को समय-समय पर दांतों चने चबाने पर विवश किया। दरअसल मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप ऐसे महान वीर और निर्भीक शासक थे, जिन्हें मुगलों का शासन कदापि स्वीकार नहीं था। मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा राणा उदय सिंह और महारानी जयवंता बाई के ज्येष्ठ पुत्र महाराणा प्रताप बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्ध कला में भी पारंगत थे। उनकी वीरता से भारत भूमि तो गौरवान्वित हुई ही, मेवाड़ की वह शौर्य-भूमि भी धन्य हुई, जहां उन्होंने जन्म लिया था। इतिहासक. ार महाराणा प्रताप को ऐसा योद्धा मानते हैं, जिनके युद्ध कौशल के दुश्मन भी कायल थे और इसीलिए प्रायः दुश्मन भी उन्हें सलाम करते थे। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए उन्होंने अनेक लड़ाईयां लड़ी, जिनके कारण ही उनका नाम पराक्रमी, शूरवीर, साहसी, महान् राष्ट्रभक्त और एक वीर सम्राट के रूप में इतिहास के पन्नों में अजर-अमर हो गया। युद्ध कला और नीति निर्माण में निपुण महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाएं मेवाड़ में तो आज भी लोकगीतों के माध्यम से बताई जाती हैं।

इन्हीं हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती हिंदी कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष 29 मई को मनाई जा रही है, जिसे लेकर मेवाड़ में एक सप्ताह पहले ही कार्यक्रम शुरू हो गए थे। महान राजपूत शासक मेवाड़ के 13वें राजा महाराणा प्रताप का जन्म 1540 में राजस्थान के मेवाड़ में ज्एष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। बचपन में उन्हें कीका के नाम से पुकारा जाता था और उनका राज्याभिषेक गोग. ुंदा में हुआ था। दरअसल बचपन में महाराणा प्रताप का जीवन काफी समय तक भीलों के साथ भी बीता। भील उस समय अपने पुत्र को कीका कहकर संबोधित करते थे, इसीलिए महाराणा प्रताप को भी कीका कहकर संबोधित किया जाता था। महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाओं से तो हालांकि आज की पीढ़ी भी परिं. चत होगी ही, लेकिन यह तथ्य कम लोग ही जानते होंगे कि युद्ध के समय वे एक म्यान में एक साथ दो तलवारें रखा करते थे, एक स्वयं के लिए और दूसरी दुश्मन के लिए। यही नहीं, वह एक कुशल योद्धा की भांति कभी किसी निहत्थे पर वार भी नहीं करते थे और जरूरत पड़ने पर म्यान से निकालकर अपनी ही दूसरी तलवार शत्रु को लड़ने के लिए दे देते थे। महाराणा प्रताप जब युद्ध के लिए प्रस्थान करते थे तो 208 किलोग्राम वजनी दो तलवारें, 72 किलोग्राम का कवच और 80 किलोग्राम का भाला अपने साथ लेकर जाते थे। महाराणा प्रताप के 24 भाई और 20 बहनें थी। उनके एक सौतेले भाई जगमल ने उन्हें धोखा देते हुए अजमेर जाकर अकबर से संधि कर ली थी लेकिन महाराणा प्रताप अकबर के विशाल साम्राज्य के समक्ष कभी नहीं झुके और उन्होंने जीते-जी अकबर की अधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया बल्कि अकबर के साथ कई वर्षों तक संघर्ष किया। उन्होंने देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और हल्दी घाटी युद्ध में अकबर के साथ वीरतापूर्वक लड़े। महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में भीषण युद्ध हुआ था। उस युद्ध में महाराणा प्रताप को अफगानी राजाओं का समर्थन प्राप्त था। अफगानी हाकिम खान अंतिम सांस तक युद्ध में राजपूतों की ओर से लड़े थे। अन्न की कमी के कारण महाराणा प्रताप की सेना को हार का सामना पड़ा था, लेकिन महाराणा प्रताप ने अकबर की 85 हजार सैनिकों वाली विशाल सेना के सामने अपने 20 हजार सैनिकों और सीमित संसाधनों के बल पर स्वतंत्रता के लिए वीरतापूर्वक संघर्ष किया। हालांकि महाराणा प्रताप को उस युद्ध के मैदान से भागने के लिए विवश होना पड़ा था, लेकिन उन्होंने जब तक बड़ी संख्या में अकबर की सेना का सफाया करने में कामयाबी हासिल की थी, जिसके चलते उनकी बहादुरी की अपार प्रशंसा हुई। उस युद्ध में जख्मी होने के बावजूद महाराणा मुगलों के हाथ नहीं आए।

हल्दी घाटी की हार के बाद भी दृढ़ निश्चई, पराक्रमी और वीरता की मिसाल महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और नई रणनीति के तहत मुगलों से लोहा लेने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई और अरावली की पहाड़ियों में शरण ली। वहीं से ही उन्होंने मुगल सेना पर खूब छापामार हमले किए। 12 वर्षों तक उन्होंने वनवास में रहकर ही संघर्ष किया और मेवाड़ को मुगलों से मुक्त कराने का निरंतर प्रयास करते रहे। कहा जाता है कि जंगल में रहते हुए उन्होंने न जमीन पर सोकर रातें गुजारी बल्कि केवल घास की ही रोटी भी खाई लेकिन अकबर के सामने कभी हार नहीं मानी। गुरिल्ला युद्ध के जरिए वे हर पल मुगलों की नाक में नकेल कसते रहे और इस प्रकार उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। 30 वर्ष लंबे संघर्ष और युद्ध के बाद भी अकबर महाराणा प्रताप को न तो बंदी बना सका और न ही झुका सका। महाराणा प्रताप के शौर्य की बात हो और उनके प्रिय घोड़े चेतक का जिक्र न किया जाए, यह भी संभव नहीं। दरअसल महान राजपूत योद्धा महाराणा प्रताप का अश्व चेतक भी





उन्हीं की भांति वीर योद्धा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ घोड़ों में से एक था। चेतक महाराणा प्रताप के प्रति वफादारी के लिए जाना जाता है, जो एक बेहद बुद्धिमान और ताकतवर घोड़ा था। युद्ध में दुश्मन को चकमा देने के उद्देश्य से उसके मुंह के आगे हाथी की सूंड लगाई जाती थी। एक बार जब मुगल सेना महाराणा प्रताप के पीछे लगी थी, तब चेतक महाराणा प्रताप को अपनी पीठ पर लिए 26 फीट के उस नाले को भी लांघ गया था, जिसे मुगल पार नहीं कर सके। हल्दी घाटी युद्ध में चेतक बुरी तरह घायल हो गया था, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई और आज उसी युद्धस्थल के पास चेतक का मंदिर बना हुआ है। वीरता, स्वाभिमान और दृढ़ संकल्प के प्रतीक महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं थे बल्कि एक आदर्श शासक और प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में कुंभलगढ़ किले का निर्माण, चावंड, रणकपुर और जगन्नाथपुरी जैसे मंदिरों का निर्माण कराया और गायों की रक्षा के लिए अनेक गौशालाओं की भी स्थापना की। महाराणा प्रताप सदैव भारत के वीर योद्धाओं और देशभक्तों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। युद्ध और शिकार के दौरान लगी चोटों के कारण 56 वर्ष की आयु में 29 जनवरी 1597 को उन्हें वीरगति प्राप्त हुई। महाराणा प्रताप ने कुल 11 शादियां की थी और उनके कुल 17 बेटे और 5 बेटियां थी। महाराणा प्रताप के बाद गद्दी पहली पत्नी अजाब्दे पंवार के बेटे अमर सिंह को मिली थी।

# अमेरिका ने इजरायल को 90 हजार टन से अधिक हथियार भेजे: रिपोर्ट



- इजरायल के हमलों से दो महीने से अधिक समय में 3900 से अधिक लोग मारे गए
- 2023 से गाजा संघर्ष में मारे गए लोगों की संख्या 54056 तक पहुंच गई

**मास्को।** अमेरिका ने अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायल को 90 हजार टन से अधिक सैन्य आपूर्ति की है, जिसमें बख्तरबंद वाहन और गोला-बारूद भी शामिल हैं। द टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने इजरायली रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 में गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका से 800 परिवहन विमान और 140 जहाज हथियारों से लैस इजरायल पहुंच चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार इजरायल को दिए गए सैन्य उपकरणों में 'बख्तरबंद वाहन, युद्ध सामग्री, गोला-बारूद, व्यक्तिगत सुरक्षा गियर और चिकित्सा उपकरण' शामिल हैं। इजरायल ने 18 मार्च को ऑपरेशन गिदोन के रथ के हिस्से के रूप में गाजा पट्टी में एक नए हमले की शुरुआत की घोषणा की थी। जिसके बारे में इजरायल का दावा है कि ऑरेशन गिदोन से अंततः हमास को पराजित किया जा सकेगा। गाजा स्वास्थ्य प्राधिकरण का अनुमान है कि इजरायल के हमलों से दो महीने से अधिक समय में 3900 से अधिक लोग मारे गए हैं। वहीं, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल बताया कि सात अक्टूबर, 2023 से गाजा संघर्ष में मारे गए लोगों की संख्या 54,056 तक पहुंच गई है।

## रूसी वायु रक्षा ने तीन घंटे में 112 ड्रोन किए नष्ट



**मास्को।** रूसी वायु रक्षा ने पिछले तीन घंटों में छह रूसी क्षेत्रों में 112 यूक्रेनी ड्रोन को रोका और नष्ट कर दिया। यह जानकारी रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि 27 मई को मास्को के समय के अनुसार 21:00 से 28 मई को 00:00 तक, वायु रक्षा प्रणालियों ने 112 यूक्रेनी विमान-प्रकार के मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। इनमें से ब्रांस्क क्षेत्र में 59, बेलगोरोड क्षेत्र में 19, तुला क्षेत्र में 13, कुर्स्क क्षेत्र में 10, ओर्योल क्षेत्र में आठ और कलुगा क्षेत्र में तीन शामिल हैं।

## वेनेजुएला ने अपने नागरिकों से अमेरिका यात्रा से परहेज करने का किया आग्रह

**कराकस।** वेनेजुएला ने अपने नागरिकों से अमेरिका जाने से बचने का आग्रह किया गया। विदेश मंत्री यवन गिल ने टेलीग्राम पर एक यात्रा चेतावनी जारी की। उन्होंने कथित मानवाधिकार उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका में वेनेजुएला के लोगों को निर्वासन, परिवार से अलग होने और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने का खतरा है। उन्होंने अमेरिका पर 'प्रवासन ब्लैकमेल' का उपयोग करने और ज़ेनोफ़ोबिया को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। यह चेतावनी अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा अमेरिकियों और कानूनी निवासियों को वेनेजुएला की यात्रा न करने की सलाह दिए जाने के कुछ घंटों बाद आई।



गुलमर्ग। अपने मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

## अमेरिका-कनाडा के साथ इस साल के अंत में होगी मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा: एडरार्ड

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने कहा है कि मुक्त व्यापार पर अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते की आगामी समीक्षा बैठक सितम्बर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में शुरू हो सकती है। एबरार्ड ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आने वाले महीनों में मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा से पहले अमेरिकी विनियमों के लिए विभिन्न क्षेत्रों के साथ परामर्श करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि मेक्सिको भी 'हर चीज का मूल्यांकन' करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि वह मौजूदा समय में देश के व्यापार क्षेत्र के साथ स्टील और एल्यूमीनियम के मुद्दों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मेक्सिको की अर्थव्यवस्था उत्तरी अमेरिका में अधिक एकीकरण के साथ 'आर्थिक क्षेत्रीयकरण' के दौर में प्रवेश करेगी।

## ईरान गए तीन भारतीयों के परिजन लापता

- इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई
- ये सभी पंजाब के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं

**तेहरान।** भारत के तीन नागरिक जो हाल ही में ईरान की यात्रा पर गए थे, उनके परिवार वालों ने भारतीय दूतावास को बताया है कि वे लापता हो गए हैं। इस पर भारतीय दूतावास ने तेहरान में ईरानी अधिकारियों के समक्ष इस मामले को तुरंत सूचित किया है।

इस मामले में ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने ईरानी प्रशासन से साफ-साफ कहा है कि लापता भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द ढूंढा जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भारतीय दूतावास ने यह भी बताया है कि वे लगातार लापता लोगों के परिवारों से संपर्क में हैं और इस मामले में हो रही कार्रवाई से उन्हें हर अपडेट दे रहे हैं। भारतीय दूतावास ने कहा कि हमने यह मामला मजबूती से उठाया है और ईरान सरकार से निवेदन किया है कि इन भारतीय नागरिकों को ढूंढने के लिए जरूरी कदम तुरंत उठाए जाएं। इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इन नागरिकों का पता चल जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी पंजाब के अन्य-अन्य जिलों के रहने वाले हैं। जो 11 मई को तेहरान पहुंचे और उसके बाद से ही लापता है। परिजनों के अनुसार, एक ट्रैवल एजेंट ने उन सभी को आस्ट्रेलिया भेजने का वादा किया और ईरान में रुकने की सुविधा कराने की बात कही, लेकिन ईरान पहुंचने के बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है।

## इंडोनेशिया-फ्रांस ने गाजा में युद्ध विराम निर्बाध मानवीय पहुंच का किया आह्वान

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को गाजा में युद्ध को तत्काल रोकने और मानवीय सहायता तक निर्बाध पहुंच का आह्वान किया। प्रबोवो ने स्टेट पैलेस (राष्ट्रपति भवन) में मैक्रों का स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रबोवो ने बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान को बनाए रखने में एक-दूसरे के साथ समन्वय करने पर सहमत हुए है। उन्होंने कहा कि दोनों देश (इंडोनेशिया और फ्रांस) ने संप्रभु देश के रूप में फलस्तीनी स्वतंत्रता की दिशा में प्रयासों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# भारत शांति चाहता है, पाकिस्तान नहीं: थरूर

### बोले: भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता

- भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है
- इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया



**पनामा।** पनामा के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। उन्होंने साफ किया कि भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है।

भारत ने आपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। आतंकवाद के खिलाफ पनामा का भारत को समर्थन थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा की यात्रा पर पहुंचा है। इसमें भाजपा, कांग्रेस और दूसरे दलों के सांसद भी हैं। इस यात्रा का मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सख्त रवैये का संदेश देना है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है, और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं। कास्टानेडा के साथ बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम सभी अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि और भारत के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं लेकिन हम राष्ट्रीय उद्देश्य में एकजुट हैं। शशि थरूर ने मंगलवार को पनामा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित किया। थरूर ने कहा कि भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे अपराधियों की पहचान करें और उन पर कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी बताया कि इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के भीतर मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। यह केवल नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा को भी पार किया। थरूर ने कहा कि इससे पहले भारत ने 2016 में उरी हमले के बाद और 2019 में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था, लेकिन इस बार हमला और भी ज्यादा भीतर तक किया गया। थरूर ने आतंकियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अब हर हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी और भारत इस दिशा में किसी तरह की नरमी नहीं दिखाएगा। थरूर की टीम ने पनामा से पहले गुयाना का दौरा किया था, जहां उन्होंने 26 मई को गुयाना के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लिया और वहां के प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की। थरूर ने गुयाना से भी पाकिस्तान को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि भारत का इरादा सिर्फ जवाबी कार्रवाई करना था। भारत, पाकिस्तान के साथ लम्बी लड़ाई नहीं चाहता था, लेकिन अगर पाकिस्तान दोबारा हमला करने की हिमाकत करता है तो फिर हमारा जवाब पहले से भी ज्यादा आक्रामक होगा।

## कम्बोडिया, थाइलैंड सैनिकों के बीच झड़प

**नॉम पेन्ह।** कम्बोडिया और थाईलैंड के सैनिकों के बीच बुधवार सुबह एक विवादित सीमा क्षेत्र में कुछ देर के लिये झड़प हुई। कम्बोडियाई सेना के प्रवक्ता माओ फाल्ला ने शिन्हुआ संवाद समिति से टेलीफोन पर कहा कि सीमा क्षेत्र में कम्बोडिया और थाईलैंड सैनिकों के बीच करीब 10 मिनट तक सशस्त्र झड़प हुई, लेकिन मुझे अभी तक नहीं पता कि पहले किसने गोली चलाई। उन्होंने कहा कि संघर्ष किस कारण से हुआ, अभी इसका भी पता नहीं चला है। फिलहाल, हताहतों के बारे में तत्काल जानकारी उपलब्ध नहीं है। प्रवक्ता ने बताया कि दोनों पक्षों के स्थानीय कमांडरों की ओर से एक-दूसरे से बातचीत करने और संघर्षविराम का आदेश देने के बाद स्थिति शांत हो गई है।

# दो भारतीय शांति रक्षकों को यूएन मरणोपरांत करेगा सम्मानित

- भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र दो भारतीय शांतिरक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित करेगा। दोनों भारतीय शांतिरक्षक अपने कर्तव्य को निभाने के दौरान बलिदान हो गए थे। यह सम्मान समारोह 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय शांति रक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

जिन दो भारतीय शांतिरक्षकों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह शामिल हैं। ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा, यूएन डिसइंगेजमेंट आब्जर्वर फोर्स और हवलदार संजय सिंह यूएन स्टैबलाइजेशन मिशन, कांगो में तैनात थे। दोनों को मरणोपरांत डैग हैमर्सजोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। भारत संयुक्त राष्ट्र शाति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है। फिलहाल विभिन्न यूएन शांति रक्षक अभियानों में भारत के 5300 सैन्य और पुलिस जवान तैनात हैं। ये सैनिक अबेई, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन ऑफ कांगो, लेबनान, सोमालिया, साउथ सूडान और वेस्टर्न सहारा जैसे देशों में तैनात हैं। 29 मई को होने वाले सम्मान समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरेस 1948 से अब तक संयुक्त राष्ट्र मिशन में बलिदान हुए 4400 शांति रक्षकों की याद में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सम्मान समारोह में कुल 57 सैन्य, पुलिस और सामान्य नागरिक शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा।

ये 57 शांति सैनिक बीते साल विभिन्न यूएन मिशन में बलिदान हुए। बीते साल भारतीय सेना की मेजर राधिका सेन को '2023 यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया था। 2024 का मिलिट्री जेंडर एडवोकेट सम्मान घाना के स्क्वाड्रन लीडर शैरोन मिनसोटे और यूएन की महिला पुलिस अधिकारी सिएरा लिओन की सुपरीटेंडेंट जैनब गबला को दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस की शुरुआत साल 2002 में की गई थी।

## श्रीलंका में नशीले पदार्थ की तस्करी में शामिल 11 गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के अधिकारियों ने समुद्री अभियान में 600 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और क्रिस्टल मेथामफेटामाइन जब्त की है। श्रीलंका की नौसेना, राज्य खुफिया सेवा और पुलिस नारकोटिक्स ब्यूरो की संयुक्त टीम ने इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा दो मछली पकड़ने वाली नावें भी बरामद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई में देश के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में दो मछली पकड़ने वाली नावों से 600 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और मेथामफेटामिन (आइस) बरामद की गईं। नावों को डिकोविता बंदरगाह लाया गया, जहां नशीली दवाओं की खेप और आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

# गाजा में खाने के लिए मची भगदड़

### तीन की मौत, 46 घायल, सात लोग अभी लापता



- इजरायली सैनिकों ने किया था हवाई फायर

**राफा।** गाजा के दक्षिणी शहर राफा में मंगलवार को खाना लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई। इससे 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई, वहीं 46 घायल हो गए। इसके अलावा 7 लोग लापता भी हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह भगदड़ इजरायली सैनिकों के हवा में फायर करने के बाद बची।

वहीं इजरायल सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाई थीं। गाजा में लोगों को खाना मुहैया कराने के लिए फूड सेंटर शुरू किए जा रहे हैं। मंगलवार को राफा शहर में ऐसे ही एक सेंटर पर खाना लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। इजरायली फायरिंग के बाद हजारों फलस्तीनी खाने के लिए सेंटर पर दौड़ पड़े। राफा में आज जो कुछ हुआ, वह एक जानबूझकर किया गया नरसंहार और एक पूर्ण युद्ध अपराध है। गाजा में फिलहाल एक हफ्ते के लिए मदद पहुंचाई जाएगी। इस दौरान इजरायल गाजा में खाना बांटने के लिए नए वितरण केंद्र बनाएगा। ये सेंटर इजरायली सेना की निगरानी में रहेंगे। इसका संचालन अमेरिकी कंपनियां करेंगी। नई व्यवस्था के तहत गाजा के लोगों को गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के जरिए मदद दी जाएगी। हालांकि कई सहायता एजेंसियों ने इस योजना की आलोचना की है। उनका कहना है कि इससे मानवाधिकार का उल्लंघन होता है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का कहना है कि वह जीएचएफ के साथ काम नहीं करेंगे, क्योंकि यह निष्पक्ष नहीं है। गाजा में जीएचएफ के 4 वितरण केंद्र खोले जाने की तैयारी है जबकि यूएन के पूरे गाजा में 400 वितरण केंद्र हैं। अगर जीएचएफ से गाजा के लोगों को खाना मिले तो बहुत कम लोगों तक ही मदद पहुंच पाएगी।



### ट्रम्प का फितूर बदस्तूर जारी

# स्टूडेंट वीजा को लेकर अब अमेरिका में आई शामत

- यूएस जाने वाले छात्रों के सोशल मीडिया की जांच होगी, क्लास छोड़ने पर वीजा रद्द कर दिया जाएगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को इसे लेकर एक आदेश जारी किया। आदेश का मकसद देश की यूनिवर्सिटीज में यहूदी विरोध और वामपंथी विचारों को रोकना है।

रुबियो ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को आदेश जारी कर कहा: वे स्टूडेंट वीजा के लिए नए इंटरव्यू शेडयूल न करें, क्योंकि ट्रम्प सरकार अमेरिका आने वाले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच को और सख्त करने जा रही है। उन्होंने आगे कहा: तत्काल प्रभाव से कांसुलर सेक्शन आगे के दिशानिर्देश जारी होने तक स्टूडेंट या एक्सचेंज विजिटर (एफ, एम और जे) वीजा के लिए नए अपाइंटमेंट की इजाजत नहीं दे। हालांकि पहले से शेडयूल किए गए इंटरव्यू हो सकते हैं, लेकिन लिस्ट में नए अपाइंटमेंट नहीं जोड़े जाएं। यह रोक एफ, एम और जे वीजा केटेगरी पर लागू होती है, जो ज्यादातर अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और एक्सचेंज विजिटर्स को कवर करती हैं। दावा है कि ये इन प्रोग्राम्स के जरिए आने वाले छात्र अमेरिका सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं या यहूदी-विरोधी माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं। ट्रम्प सरकार ने अधिकारियों को इंस्टाग्राम, टिकटाक और एक्स जैसे प्लेटफार्म पर पोस्ट, लाइक, कमेंट और शेयर की जांच करने के भी आदेश दिए हैं, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले कंटेंट का पता लगाया जा सके। द गार्जियन के मुताबिक अधिकारी मार्च से, उन छात्रों के सोशल मीडिया की जांच कर रहे हैं, जो फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल थे। वे ऐसे पोस्ट के स्क्रीनशाट ले रहे हैं, जिन्हें अपमानजनक माना जाता है, भले ही बाद में वह कंटेंट हटा दिया गया हो। हालांकि इस आदेश में यह साफ तौर पर नहीं बताया गया है कि भविष्य में सोशल मीडिया जांच में क्या देखा जाएगा। पहले, सोशल मीडिया जांच केवल उन छात्रों के लिए लागू थी, जो फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल थे। ट्रम्प प्रशासन ने कहा है कि कोई विदेशी छात्र बिना जानकारी कोर्स छोड़ता है, क्लास नहीं जाता या पढ़ाई बीच में छोड़ता है, तो उसका स्टूडेंट वीसा रद्द किया जा सकता है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में जारी कर इसकी जानकारी दी। दूतावास ने किसी भी समस्या से बचने के लिए हमेशा अपने वीजा शर्तों का पालन करने के लिए कहा। दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ लगभग 850 करोड़ रुपये का कान्ट्रैक्ट रद्द करने की तैयारी कर रहा है।

## ट्रम्प ने रोमानिया के राष्ट्रपति डैन को अमेरिका आने का दिया न्यौता

**बुखारेस्ट।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार शाम रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से फोन पर बात की और उन्हें अमेरिका आने का निमंत्रण दिया। रोमानियाई प्रसारक डिजी24 ने सूत्रों का हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि मई 2025 का चुनाव जीतने के बाद डैन ने सोमवार को पदभार संभाला। उन्होंने चार दलों-सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, सेव रोमानिया यूनियन पार्टी, नेशनल लिबरल पार्टी और रोमानिया में हंगरी के डेमोक्रेटिक अलायंस की भागीदारी के साथ एक नया मंत्रिमंडल बनाने पर बातचीत शुरू की। विपक्षी गठबंधन ने रोमानियाई संघ के अधिकारियों पर चुनाव धोखाधड़ी और विदेशी हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए डैन के शपथग्रहण समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की। रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत करीब दस मिनट तक चली। हाल के वर्षों में, रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सहयोग के क्षेत्रों में अमेरिका और रोमानिया के संबंध मजबूत हुए हैं। देवेसेलु में अमेरिकी मिसाइल रक्षा बेस 2016 से रोमानियाई क्षेत्र में काम कर रहा है, और 2023 में दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा विकास के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## यमन शरणार्थी को रिहा करे पुलिस: उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने यमन नागरिक मोहम्मद कासिम मोहम्मद अल शिबाह को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी यहां रहने पर पुलिस ने 16 मई से बायकुला पुलिस थाने में हिरासत में रखा गया था। एक अधिवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति गौरी गोडसे और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरसन की अवकाश पीठ ने बिना औपचारिक आदेश के शरणार्थी के हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अल शिबाह को तुरंत रिहा किया जाए और उन्हें न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना ग्रेटर मुंबई के अधिकार क्षेत्र को नहीं छोड़ने और अपने मोबाइल फोन पर लोकेशन सेवाओं को सक्रिय रखने का निर्देश दिया।